# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | बिलासपुर, बुधवार 19 मार्च 2025



## तैयारी से सफलता तक ALLEN बिलासपुर आपके साथ

ALLEN Results 2024 validated by
Official result validator
EY




## ALLENites made history in 2024

IITs
**4425**
ALLENites out of 17692 seats in 2024

AIIMS (MBBS)
**660**
ALLENites out of 2207 seats in 2024

GMCs
**10000+**
ALLENites secured their seat in Govt. Medical Colleges (2024)

OLYMPIADS
**150** out of 334
Selections in Indian National Olympiads (INO) 2025

EVERY 4th SUCCESS STORY IS POWERED BY ALLEN

**25 AIR#1** JEE & Pre-Medical in last 15 years from classroom

Join the league of toppers

## ADMISSIONS OPEN

NEET (UG) | JEE (Main+Adv.) | Olympiads
Class 7th to 12th & 12th Pass

### CAREER GUIDANCE SESSION

BY EXPERT FROM ALLEN KOTA
Date : 22 March 2025
Reporting Time : 04:30 Pm
Scan for registration
Venue: Lakhiram Agrawal Auditorium, Mission Hospital Rd, Bilaspur

SIGN-UP FOR ASAT
GET UP TO 90% SCHOLARSHIP*
23 & 30 MARCH

*Subject to the scholarship rules and the T&Cs.

**NURTURE COURSE**
For students moving from class 10th to 11th
JEE (Main+Adv.) | NEET (UG):
03 & 23 April

**ENTHUSIAST COURSE**
For students moving from class 11th to 12th
JEE (Main+Adv.) | NEET (UG):
03 April

**LEADER COURSE**
For class 12th pass students
JEE (Main+Adv.): 24 April & 29 May
NEET (UG): 11 April & 22 May

**PRE-NURTURE & CAREER FOUNDATION**
For class 7th to 10th students
CLASS 7th to 10th: 27 March & 23 April

For 12th Appearing / Pass Students
**CRASH COURSE**
NEET (UG): 26 March

For more test dates & course start dates visit: allen.ac.in/bilaspur

ALLEN Bilaspur Center :
Shri Balaji Emporium, 2nd floor, Above Westside, Opposite ICICI Bank, Main Road, Vyapar Vihar, Bilaspur

ALLEN SIP :
HSM Global Public School, Chawla Chambers, Near Gurudwara, Dayalband, Bilaspur

8951395460
allen.ac.in/bilaspur

Registered & Corporate Office :
ALLEN Career Institute Pvt. Ltd.
Sankalp, CP-6, Indra Vihar, Kota (Raj.)
0744-3556677 allen.ac.in

Disclaimer: We provide an academic ecosystem and environment to prepare students for their target examinations. Studying in a coaching institute does not guarantee selection for the examination. Selection depends on preparation, admission seats in competitive exam and the number of applicants appearing. All the students mentioned are part of paid courses.


KALINGA UNIVERSITY
RAIPUR | INDIA
NAAC Accredited
NIRF 2024 Ranked: 101-150
50+ Acre Campus
130+ Programs
8000+ Students from 27+ Countries
250+ Recruiters
INTRODUCING
NEW AGE PROGRAMS
Programs That Make You Future-ready
APPLY THROUGH OUR
ENTRANCE EXAMINATION
KALSEE
SCAN THE QR CODE
ADMISSIONS OPEN 2025-26!
BA & MA FILM MAKING
In collaboration with
NIIRA EDUCOM
Become: Cinematographer | Film Producer | Scriptwriter | Production Manager | Visual Effects Specialist | Film Critic
B.TECH CS IN AI & ML
In collaboration with
IBM
Innovation Centre for Education
Become: AI Engineer | Machine Learning Developer | Data Scientist | Software Engineer (AI/ML) | Business Intelligence Analyst | Deep Learning Specialist
BCA IN AI & ML
Become: AI Developer | Machine Learning Specialist | AI Product Manager | NLP Engineer | Cloud Engineer (AI Focus) | Data Scientist
B.CS & M.CS IN AI & ML AND CYBERSECURITY
Become: Cybersecurity Analyst | Ethical Hacker | Network Security Engineer | Security Architect | AI Cybersecurity Specialist | Security Software Developer | Cryptography Expert | Incident Response Specialist
BBA (WITH FINTECH AS A SPECIALISATION)
Become: Fintech Analyst | Blockchain Developer | Cryptocurrency Specialist | Investment Banker | Digital Banking Specialist | Financial Planner | Business Development Manager (Fintech)
BBA (WITH AIRLINES & AIRPORT OPERATIONS MANAGEMENT AS A SPECIALISATION)
Become: Airline Operations Manager | Air Traffic Controller | Flight Operations Officer | Aviation Safety Manager | Airport Customer Service Representative | Flight Attendant
B.SC. & M.SC. IN FORENSIC SCIENCE
Become: Forensic Scientist | Crime Scene Investigator | Forensic Toxicologist | DNA Analyst | Forensic Biologist | Forensic Psychologist
WHY CHOOSE KALINGA UNIVERSITY?
WELL DESIGNED CIF & LABS
EXPERIENCED FACULTY
STATE-OF-THE-ART FACILITIES
CREATIVE ENVIRONMENT
100% CAREER OPPORTUNITIES
STARTUPS OPPORTUNITIES
HOSTEL & TRANSPORT FACILITIES ARE AVAILABLE ON A FIRST-COME, FIRST-SERVED BASIS
#Rajesh9926308899
OTHER DEPARTMENTS
ARTS & HUMANITIES | COMMERCE | DESIGN | ENGINEERING | EDUCATION | INFORMATION TECHNOLOGY | LAW
MANAGEMENT | PHARMACY | RESEARCH | SCIENCE | YOGA | LIBRARY & INFORMATION SCIENCE
+91-9907252100
www.kalingauniversity.ac.in
admissions@kalingauniversity.ac.in
Campus: Kalinga University, Kotni, Near Mantralaya, Naya Raipur – 492101 Chhattisgarh | City Office: 1st Floor, SLT Waterfront, Opp. Telibandha Talab, Raipur - 492001
Bhilai Office: 111, Khichariya Complex, Opp. Domino's Pizza, Near Hotel Grand Dhillon, Bhilai

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | बिलासपुर, बुधवार 19 मार्च 2025







स्पेसएक्स के क्रू ड्रैगन से होगी अंतरिक्ष यात्रियों की लैंडिंग | नौ महीने बाद पृथ्वी पर लौटने की प्रक्रिया का लाइव प्रसारण

सुनीता की सकुशल वापसी के लिए प्रार्थना कर रहे उनके गांव के लोग | प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लिखा पत्र, भारत आने का दिया न्योता

## सितारों की दुनिया से धरती की ओर सुनीता

# तड़के गृहप्रवेश!



**मिशन-क्रू-10**

- 18 मार्च को अंतरिक्ष से सफर शुरू
- 17 घंटे की यात्रा
- 19 मार्च की सुबह फ्लोरिडा तट पर वापसी



एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा की एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स अपने क्रू मेंबर बूच विल्मोर, निक हेग और रूसी कॉस्मोनॉट अलेक्जेंडर गोर्बुनोव के साथ स्पेस से पृथ्वी पर लौट रही हैं। उनका धरती की तरफ सफर शुरू हो गया है। सुनीता नौ महीने का समय अंतरिक्ष में बिताने के बाद भारतीय समय के हिसाब से बुधवार तड़के धरती पर आएंगी। सुनीता विलियम्स और उनके साथियों की वापसी स्पेसएक्स के क्रू ड्रैगन क्राफ्ट से हो रही है। सुनीता विलियम्स और सुनीता विलियम्स को लेकर ▶▶|शेष पेज 4 पर



### सुनीता विलियम्स ने बनाया रिकॉर्ड

*सुनीता विलियम्स सबसे ज्यादा समय तक स्पेस वॉक या अंतरिक्ष में चहल कदमी करने वाली नासा की चौथी एस्ट्रोनॉट बन चुकी हैं। उनके नाम कुल 62 घंटे और 6 मिनट का रिकॉर्ड है। उन्होंने जनवरी में की गई 9वीं स्पेस वॉक के दौरान नया रिकॉर्ड स्थापित किया था।*

### नासा के स्पेस सेंटर में होगा मेडिकल चेकअप

*सुनीता को लेकर आ रहे कैप्सूल की फ्लोरिडा में लैंडिंग के बाद सुनीता विलियम्स और क्रू को नासा के जॉनसन स्पेस सेंटर, टेक्सास ले जाया जाएगा। यहां उनका मेडिकल चेकअप होगा। इसके बाद उन्हें पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण के अनुकूल होने में मदद करने के लिए रिकवरी प्रोटोकॉल का पालन कराया जाएगा। साथ ही उनसे मिशन की जरूरी जानकारी भी ली जाएगी।*

### धरती पर सुनीता-बुच को होगी ऐसी दिक्कतें

- धरती पर आने के बाद चलने में परेशानी होगी।
- अंतरिक्ष यात्रियों को बोन डेंसिटी लॉस भी हो जाता है
- विलियम्स और विल्मोर को विजन से जुड़ी समस्याएं भी हो सकती है।
- वेटलेस टंग जैसी समस्या का सामना करना पड़ सकता है।
- अंतरिक्ष में नौ महीने बिताने से उनकी प्रतिरक्षा प्रणाली कमज़ोर हो सकती है।
- कई तरह की हार्ट संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।






## हरिभूमि में 5वीं की खबर छपने के बाद आठवीं के पर्चे के लिए कड़े निर्देश

# नकल पर नकेल कसने का फरमान, केंद्रों में नो एंट्री, उड़नदस्तों को किया अलर्ट

पांचवी की केंद्रीयकृत परीक्षा में नकल का मामला सामने आने के बाद बिलासपुर से लेकर रायपुर तक में हड़कंप मचा रहा है। मामले मे हरिभूमि में खबर प्रकाशित होने के बाद शिक्षा विभाग के ग्रुप में इस समाचार का खास तौर पर उल्लेख किया गया। साथ ही निर्देश जारी किया गया कि किसी प्रकार की ठील नहीं दी जानी है। इसके तत्काल बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने आठ उड़न दस्ता टीम बनाई है जिसमें 32 अधिकारी हैं। इन्हें सख्ती बरतने के आदेश दिए गए हैं। इसके साथ ही ब्लाक स्तर पर बीईओ और एबीईओ अलग से जांच कर रहे हैं।



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

कलेक्टर अवनीश शरण ने भी जिला शिक्षा विभाग से मामले में रिपोर्ट मांगी है। माध्यमिक शिक्षा मंडल की ओर से मामले में लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों पर कार्रवाई की बात कही गई है। इसका असर भी मंगलवार को आठवीं के पहले पेपर के दिन दिखा। किसी भी केन्द्र से नकल के मामले सामने नहीं आए। हालांकि इसके बाद भी क्लास रूम में बच्चों के बीच प्रश्नों और उत्तर को लेकर चर्चा जारी रही है। एक दूसरे को उत्तर भी बताया गया। करीब 15 साल बाद शुरू हुई पांचवी-आठवीं ▶▶|शेष पेज 4 पर

**खबर का असर**

**अफसरो ने कहा- नकल न कराएं**


इस तरह के समाचार आ रहे है।
सभी केंद्राध्यक्ष ध्यान रखें ? बच्चों को अपने हिसाब से परीक्षा देने दे ताकि परीक्षा के महत्व को समझ सकें
1:17 pm



- हरिभूमि में खबर प्रकाशित होने के बाद शिक्षा विभाग के ग्रुप में इस समाचार का खास तौर पर उल्लेख
- ब्लाक स्तर पर बीईओ और एबीईओ अलग से जांच कर रहे है, शिक्षा विभाग ने कड़ाई बरतने के निर्देश दिए

### चाक-डस्टर कमरे में ले जाने पर रोक

ध्यान रहे कि पहले दिन पांचवी के गणित पेपर में कहीं शिक्षक ही छात्र को नकल करते नजर आए तो कहीं बोर्ड पर उत्तर लिखकर शिक्षिकाएं छात्रों को गणित के सवाल हल करते नजर आई। यहां तक कि मस्तूरी ब्लाक के मानिकपुर ▶▶|शेष पेज 4 पर

### बच्चों की उपस्थिति हो रही काफी कम

बोर्ड की तर्ज पर आयोजित इस परीक्षा में उपस्थिति भी काफी कम रह रही है। यही नहीं सरकारी स्कूलों के परीक्षाथीयों ने कई केंद्रों में जमींन में बैठकर परीक्षा दिलाई और उनके रोल नम्बर बगल में ही लिखे थे। तखतपुर विकासखण्ड में 180 मिडिल स्कूल कक्षा आठवीं की ▶▶|शेष पेज 4 पर

*निर्देश जारी किया गया कि किसी प्रकार की ठील नहीं दी जानी है। आठ उड़न दस्ता टीम बनाई है जिसमें 32 अधिकारी हैं। इन्हें सख्ती बरतने के आदेश दिए गए हैं। ब्लाक स्तर पर बीईओ और एबीईओ अलग से जांच कर रहे हैं।*

***- अनिल तिवारी,*** *जिला शिक्षा अधिकारी*

*बच्चों के मूल्यांकन के लिए यह परीक्षा आयोजित की जा रही है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बरदाश्त नहीं की जाएगी। शिक्षा विभाग से पूरी रिपोर्ट मांगी जा गई है। नकल करवाने वाले शिक्षकों पर मामला सही पाया गया तो कार्रवाई भी होगी।*

***- अवनीश शरण,*** *कलेक्टर*

**विशेष न्यायालय ने सुनाया फैसला**

## आय से अधिक संपत्ति मामले में पूर्व अधीक्षण अभियंता को पांच साल की कैद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आय से अधिक संपत्ति रखने के मामले में कोर्ट ने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियंता मनोज सिंह ठाकुर को 5 वर्ष सश्रम कारावास एवं एक लाख रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विशेष कोर्ट रायपुर में मंगलवार को इस प्रकरण की सुनवाई हुई। न्यायाधीश मधुसूदन चंद्राकर ने इस पूरे प्रकरण की सुनवाई के बाद मनोज सिंह को दोषी मानते हुए फैसला सुनाया है।

**जुलाई 2015 में एंटी करप्शन ब्यूरो ने आरोपी के ठिकाने पर मारा था छापा:** एंटी करप्शन ब्यूरो द्वारा विशेष न्यायालय रायपुर से विधिवत तलाशी ▶▶|शेष पेज 4 पर

### मिली थी लाखों की अनुपातहीन संपत्ति

इस छापामार कार्रवाई के दौरान मनोज सिंह तथा उसके परिजनों के नाम पर 71 लाख 22 हजार 771 रुपए की अनुपातहीन संपत्ति का पता चला था। जांच में यह भी पता चला कि मनोज सिंह ने अपने सेवा कार्यकाल के दौरान यह सारी संपत्ति अर्जित की थी। कोर्ट ने सबूतों के आधार पर माना है कि आरोपी ने अपने लोक सेवक के पद का फायदा उठाकर गलत तरीके से अनुपातहीन संपत्ति बनाई है, जो भ्रष्टाचार की श्रेणी में आता है। इन सबूतों के आधार पर कोर्ट ने अभियुक्त मनोज सिंह को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा-13(1)ई, 13(2) के अपराध के ▶▶|शेष पेज 4 पर


## खबर संक्षेप

### बीएसएफ ने 2024 में पंजाब में जब्त किए 294 ड्रोन



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने लोकसभा में कहा कि बीएसएफ ने 2024 में पंजाब में 294 ड्रोन जब्त किए हैं। राय ने यह भी कहा कि इन ड्रोन से निपटने के लिए पंजाब सीमा पर ड्रोन रोधी प्रणाली लगाई गई है। विभिन्न स्त्रोतों से प्राप्त जानकारी के आधार पर, सीमा सुरक्षा बल ने 2024 में पंजाब सीमा पर 294 ड्रोन जब्त किए हैं।

### शोपियां में सुरक्षाबलों ने बरामद किया आईईडी



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में सुरक्षाबलों ने आईईडी का पता लगाकर एक बड़ी घटना को टाल दिया। शोपियां जिले के हब्दीपोरा में गश्ती दल ने सड़क किनारे एक संदिग्ध वस्तु देखी, जो आईईडी निकली। विस्फोटक को निष्क्रिय करने के लिए बम निरोधक दस्ते को मौके पर भेज दिया गया है। हाल के दिनों में यह दूसरी घटना है।

### कंटेनर -मालगाड़ी की टक्कर, चालक गंभीर



**अमेठी।** अमेठी में लखनऊ-वाराणसी रेल खंड के रेलवे फाटक पर कंटेनर ट्रक और मालगाड़ी की टक्कर हो गई। इससे ट्रक का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के कारण रेल खंड पर परिचालन बाधित हो गया है। घटना सोमवार रात करीब ढाई बजे जगदीशपुर थाना क्षेत्र में हुई जब रेलवे फाटक खुला था।

**विकास कार्यों और नक्सल उन्मूलन पर हुई चर्चा**

## मुख्यमंत्री साय ने पीएम मोदी को सौंपा बस्तर के विकास का रोडमैप



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर राज्य के विकास संबंधी विस्तृत चर्चा की। बस्तर विकास के मास्टर प्लान के बारे में प्रधानमंत्री को पूरी जानकारी दी। इसमें नक्सल प्रभावित क्षेत्रों को बुनियादी ▶▶|शेष पेज 4 पर

### 30 को आएंगे प्रधानमंत्री

मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रधानमंत्री श्री मोदी के 30 मार्च को प्रस्तावित छत्तीसगढ़ दौरे की रूपरेखा साझा की। इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री राज्य में विभिन्न महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री ने इस दौरे को लेकर की जा रही तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की और प्रधानमंत्री को छत्तीसगढ़ में चल रही विकास योजनाओं की प्रगति से अवगत कराया।

**दिहुली जनसंहार मामले में आया फैसला**

## 24 दलितों की हत्या, 44 बरस बाद तीन को फांसी की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुरी

मैनपुरी जिले की एक विशेष अदालत ने 1981 के दिहुली जनसंहार मामले में तीन लोगों को मंगलवार को मौत की सजा सुनाई। सरकारी वकील रोहित शुक्ला ने बताया कि 18 नवंबर 1981 को हुई जनसंहार की इस घटना में छह महीने और दो साल की उम्र के दो बच्चों समेत 24 दलितों की डकैतों के एक गिरोह ने हत्या कर दी थी। उन्होंने बताया कि विशेष न्यायाधीश इंदिरा सिंह ने इस मामले में कप्तान सिंह (60), रामपाल (60) और राम सेवक (70) को दोषी ठहराते हुए



उन्हें मौत की सजा सुनाई। अदालत ने दोषियों पर 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। शुक्ला ने बताया कि 18 नवंबर 1981 की शाम को पुलिस की वर्दी पहने 17 डकैतों के एक गिरोह ने मैनपुरी के देहुली में 24 दलितों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। मुकदमे में धाराओं 302 , 307 और 396 के तहत 17 आरोपियों के नाम थे। चार दशकों से अधिक समय तक चले मुकदमे की प्रक्रिया के दौरान उनमें से 14 आरोपियों की मौत हो गई।

### कई हत्यारोपियों की हो चुकी मौत

थाना जसराना क्षेत्र के गांव दिहुली में 18 नवंबर 1981 को सामूहिक नरसंहार हुआ था। मामले में विवेचना के बाद चार्जशीट दाखिल हुई तो कोर्ट में मामला विचाराधीन रहा। इस दौरान कई हत्यारोपियों की मौत हो चुकी है। एक को कोर्ट द्वारा भगोड़ा घोषित किया गया है।

### जेल में बेचैनी भरी रही तीनों की रात

*दिहुली कांड के दोषी रामपाल, रामसेवक और कप्तान सिंह जिला कारागार मैनपुरी में सोमवार की रात को करवटें बदलते रहे। वह अपनी सजा के बारे में ही सोचते रहे। कप्तान सिंह सबसे अधिक बेचैन था। जिला कारागार के कर्मियों के अनुसार इन तीनों की नियमित निगरानी भी की जा रही थी। मंगलवार को तीनों समय से उठे और नित्य क्रिया के बाद कोर्ट जाने को तैयार हो गए। मगर, इनके चेहरों पर सजा पाए का अजीब सा खौफ साफ दिखाई दे रहा था। सोमवार शाम को खाना भी कम ही खाया था।*

### क्या है दिहुली नरसंहार

फिरोजाबाद से 30 किलोमीटर दूर जसराना कस्बे के गांव दिहुली में डकैत संतोष-राधे और उनके गिरोह के सदस्यों ने 24 दलितों की गोलियों से भून दिया था। 18 नवंबर 1981 शाम पांच बजे की बात है। ठंड अपनी दस्तक रहे थी, गांव के लोग अपने घर लौट गए थे। संतोष-राधे अपने साथी डकैतों हथियार लेकर दिहुली गांव पर हमला कर दिया। डकैतों ने औरतों-बच्चों किसी को नहीं बख्शा, जो मिला उसे मौत के घाट उतार दिया। चश्मदीदों के मुताबिक, संतोष गिरोह ने पूरे जाटव टोले को घेर रखा था, जो दिखाई देता उसको गोली मार देते थे। इस तरह 24 दलित समाज के लोगों को गोलियों से भून दिया था। गांव में डकैतों ने लूट-पाट की।



बिलासपुर, बुधवार 19 मार्च 2025 haribhoomi.com

हरिभूमि

खबर संक्षेप



### राजधानी रायपुर में सोना अब 91 हजार भी पार

रायपुर। सोने की कीमत नए साल में बहुत तेजी से बढ़ रही है। नए साल में अब तक करीब 13 हजार रुपए दाम बढ़ चुके हैं। सोना पहली बार 91 हजार रुपए पार हो गया है। अब कभी भी कीमत 92 हजार के भी पार हो जाएगी। इस साल सोने की कीमत एक लाख तक जाने की संभावना है। चांदी की कीमत भी एक लाख के पार हो गई है। हालांकि बीते साल भी चांदी की कीमत एक लाख के पार गई है, लेकिन अब रिकॉर्ड कीमत हो गई है। सोना बीते सप्ताह शनिवार को बाजार बंद होने पर 90650 रुपए था। सोमवार को बाजार खुलने पर कीमत पचास रुपए होकर 90600 रुपए हो गई। मंगलवार को कीमत में 700 रुपए की तेजी आने के कारण कीमत 91 हजार पार होकर जीएसटी के साथ 91300 रुपए हो गई है। इसी के साथ चांदी की कीमत 103300 रुपए हो गई है। एक ही दिन में चांदी की कीमत में 11 सौ रुपए का इजाफा हुआ है।

### पायलट आज आएंगे, पदाधिकारियों की लेंगे बैठक

रायपुर। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट बुधवार को छत्तीसगढ़ पहुंचेंगे। यहां पहुंचने के बाद वे शराब



घोटाले में रायपुर सेंट्रल जेल में बंद पूर्व मंत्री कवासी लखमा से मुलाकात करेंगे। वहीं दोपहर 2 बजे कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में महत्वपूर्ण बैठक होगी, जिसमें प्रदेश के तीनों सह-प्रभारी, पीसीसी अध्यक्ष, सदस्य और वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे। उल्लेखनीय है कि निकाय चुनाव के बाद यह सचिन पायलट का पहला छत्तीसगढ़ दौरा होगा। बैठक में संगठन में बदलाव, नई नियुक्तियां और हाल ही में हुई चुनावी हार की समीक्षा पर चर्चा हो सकती है। बैठक के बाद शाम 5 बजे सचिन पायलट दिल्ली लौट जाएंगे।

### पुलिस रायफल चैंपियनशिप, अभय करेंगे टीम का नेतृत्व

**रायपुर**। चेन्नई में आयोजित ऑल इंडिया पुलिस रायफल एवं पिस्टल चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ की टीम के लिए रायपुर के एएसआई अभय कुमार गणोरकर का चयन किया गया है। यह टूर्नामेंट 17 से 22 मार्च तक होगा। टूर्नामेंट में देशभर से पुलिस प्रशासन की टीम भाग लेती है, जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम से 23 प्रतिभागी शामिल हो रहे हैं। टीम के मैनेजर डॉ. संकल्प रॉय होंगे। टीम मंगलवार को चेन्नई के लिए रवाना हुई। एएसआई अभय गणोरकर को छत्तीसगढ़ टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है।

### आरडीए की सरचार्ज राशि में छूट 31 तक, अप्रैल से 18 फीसदी सरचार्ज

रायपुर। रायपुर विकास प्राधिकरण की योजनाओं के आवंटिति को 31 मार्च तक पुरानी आवासीय योजना में एकमुश्त भुगतान करने पर सरचार्ज में 50 फीसदी और पुरानी योजनाओं की व्यावसायिक योजनाओं की सरचार्ज राशि में 30 फीसदी की छूट दी जा रही है। अप्रैल से बकाया राशि में 18 फीसदी का सरचार्ज जुड़ेगा। वहीं कौशिल्या माता विहार, इंद्रप्रस्थ रायपुरा फ्लैट्स के जलकर राशि में शत-प्रतिशत की छूट मिलेगी। दरअसल, प्राधिकरण संचालक मंडल के पूर्व निर्णय के अनुसार यह छूट 31 मार्च 2025 तक आवंटितों को पुरानी आवासीय योजना में एकमुश्त बकाया राशि का भुगतान करने पर दी जा रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना के आवासों में किस्तों के सरचार्ज पर 50 फीसदी की छूट शामिल है। रायपुर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुंदन कुमार ने बकाया राशि के सरचार्ज राशि में छूट का लाभ देने के लिए विशेष वसूली शिविर का आयोजन किया है।

### आरएसएस की 21 से बेंगलुरु में बड़ी बैठक

**रायपुर**। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की बेंगलुरु में राष्ट्रीय स्तर की प्रतिनिधि सभा की बैठक 21 से 23 मार्च तक होगी। इस बैठक में कई बड़े फैसले होंगे। जहां भाजपा के राष्ट्रीय संगठन के लिए सह संगठन महामंत्रियों पर मंथन होगा, वहीं भाजपा के राज्यों के संघों में संगठन महामंत्रियों के साथ ही क्षेत्रीय संगठन महामंत्रियों को लेकर भी चर्चा होगी। कई राज्यों में आरएसएस से जुड़े संगठन महामंत्रियों को बदलने पर भी चर्चा होगी। सभा में शामिल होने के लिए आरएसएस के प्रदेश पदाधिकारी भी जाएंगे। इस सभा में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष भी शामिल होंगे। सभा में आरएसएस के शताब्दी वर्ष में होने वाले कार्यक्रमों को लेकर भी योजना तैयार होगी। आरएसएस से भाजपा के राष्ट्रीय संगठन के साथ ही राज्यों के संगठनों में भी आरएसएस से जुड़े स्वयंसेवकों को पदाधिकारी बनाया जाता है। इस समय राष्ट्रीय संगठन में राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश हैं। एक और राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री रहे सौदान सिंह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बन गए हैं। संभावना जताई जा रही है कि आरएसएस की राष्ट्रीय सभा की बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय संगठन के लिए सह संगठन महामंत्री भी तय किए जा सकते हैं। जानकारों का कहना है कि आरएसएस की बैठक में इस समय भाजपा के राज्यों के संगठन में जो भी संगठन महामंत्री और क्षेत्रीय संगठन महामंत्री हैं, उसको लेकर भी बड़ा मंथन होगा। कई राज्यों के राज्य संगठन महामंत्री और क्षेत्रीय संगठन महामंत्रियों को बदलने पर मंथन होगा। छत्तीसगढ़ में इस समय जहां क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल हैं।

## विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष ने महतारी सदन का मुद्दा उठाया

# भाजपा विधायकों को 185 और कांग्रेस को 5 महतारी सदन की स्वीकृति पर महंत ने गृहमंत्री से कहा-पंचायती ना करें

हरिभूमि न्यूज़ रायपुर।

नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने 194 ग्राम पंचायतों में महतारी सदन निर्माण को लेकर कहा,





विजय शर्मा गृहमंत्री हैं, तो उन्हें पंचयती करना उचित नहीं है। साफ-साफ बताएं कि क्या महतारी सदन बनाने का चयन सेटेलाइट के माध्यम से हुआ है, क्या इसके लिए कोई स्पेशल विंग बनाया है या फिर राजनीतिक दृष्टिकोण रखा है। उन्होंने कहा, सक्ती में नहीं बना है। उन्होंने आरोप लगाया कि 194 ग्राम पंचायतों में महतारी सदन निर्माण स्वीकृत किया है। उसमें से सिर्फ कांग्रेस विधायकों के क्षेत्र में 5 और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के क्षेत्र में 4 महतारी सदन बनाए हैं। बाकी के 185 महतारी सदन भाजपा के विधायकों को दिया है। ये कोई प्रक्रिया है? छत्तीसगढ़ की पंचायतें हैं। आपको सामान्य दृष्टिकोण से काम करना चाहिए।

इसके जवाब में विजय शर्मा ने कहा लैलूंगा, धरमजयगढ़, संजारी बालोद, रामपुर, कटघोरा, सरायपाली में स्वीकृत हुआ है। धमतरी में भी स्वीकृत हुआ है। विजय शर्मा के जवाब देने के दौरान कांग्रेस विधायकों ने कांग्रेस विधायकों के क्षेत्र में महतारी सदन नहीं बनाने का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने सदन में मंत्री विजय शर्मा पर पिछले सवाल का जवाब धीमी गति से देने पर व्यंग्य करते हुए सवाल किया। महंत ने पूछा, मंत्री ने स्वीकार



किया है कि 194 ग्राम पंचायतों में महतारी सदन निर्माण की स्वीकृति हुई है। 168 महतारी सदन निर्माण के लिए राशि जारी की गई है। महतारी सदन निर्माण के लिए शासन से राशि कब जारी हुई, एजेंसी कौन है, प्रक्रिया क्या है। निविदा आमंत्रित की गई है या सीधे एजेंसी को दे दी गई। यह क्यों बनाया जा रहा है।

### 50 करोड़ का किया गया प्रावधान

विजय शर्मा ने अपने जवाब में बताया 50 करोड़ के प्रावधान में लगभग 200 महतारी सदन 24 लाख की राशि से बजट के प्रावधान से और स्वच्छ भारत मिशन से लगभग साढ़े 4 लाख से 5 लाख रुपये लगाकर 29 लाख की लागत से बनाने की योजना है। महतारी सदन बनाने का उद्देश्य 2 लाख 60 हजार महिला स्व-सहायता समूह बने हैं। गांवों में महिलाओं के स्व-सहायता समूह के क्रियाकलापों के लिए जगह नहीं मिल पाती, इसलिए इसको शुरू किया गया है। गृह मंत्री ने बताया कि सीएलएफ हेडक्वॉर्टर में पहले ये बन जाए। विशेष कोई बड़ा गांव या बड़ी मांग है, तो वहां भी बनाया जा रहा है। अब तक लगभग 200 आवास की स्वीकृति की अनुशंसा की गई है। प्रशासकीय स्वीकृति 170 आवास की हो गई है।

# पुलिस भर्ती में 95 हजार वीडियो देखे गए हैं, फिर कार्रवाई की गई

विधानसभा में पुलिस भर्ती और उसमें शिकायतों के मामले में कांग्रेस विधायक द्वारकाधीश यादव ने सवाल उठाते हुए कहा, आपने आरक्षक पर कार्रवाई की, लेकिन क्या आरक्षक



- सक्षम अधिकारियों पर कार्रवाई न होने पर सीबीआई जांच की मांग

गड़बड़ी कर सकता है? सक्षम अधिकारी पर कार्रवाई क्यों नहीं हुई? मामले की सीबीआई से जांच कराई जाए। गृह मंत्री ने कहा, शिकायत पर परीक्षा को ही निरस्त कर दिया गया। बिलासपुर में 129 प्रकरण पाए गए। मामले में 95 हजार वीडियो देखे गए हैं, फिर कार्रवाई की गई। गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा, अच्छा है अब विपक्ष को अब केंद्रीय एजेंसियों पर भरोसा हो गया है। मामले में आईजी खुद जांच कर रहे हैं। 16 लोग जेल में हैं। दोषियों पर निश्चित ही कार्रवाई होगी। कांग्रेस विधायक द्वारकाधीश यादव ने प्रश्नकाल में पुलिस भर्ती का मुद्दा उठाते हुए पूछा कि फरवरी 2025 तक रिक्त पदों की संख्या कितनी है? कब तक पर्याप्त भर्ती होगी? इसके साथ भर्ती में त्रुटि और कार्यवाही और जिले वार भर्ती की जानकारी मांगी। गृह मंत्री विजय शर्मा ने जवाब दिया कि वर्तमान में पुलिस भर्ती प्रक्रिया को लेकर 1 जनवरी 2024 से 15 फरवरी 2025 तक बिलासपुर जिले में 2 शिकायत प्राप्त हुई, राजनांदगांव में एक उपनिरीक्षक से शिकायत प्राप्त हुई है। मामले कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि भर्ती प्रक्रिया अभी विचाराधीन है।

**सीबीआई से जांच पर बोले गृह मंत्री- अब विपक्ष को केंद्रीय एजेंसियों पर भरोसा**

मामला न्यायालय में है, इसलिए बहुत कुछ नहीं कह सकता हूं। विधायक ने कहा कार्रवाई जो हुई सिर्फ आरक्षक पर हुई। अधिकारियों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस मामले में सीबीआई जांच होनी चाहिए। विजय शर्मा ने कहा, अच्छा है अब सदन के विपक्षी सदस्यों को अब केंद्रीय एजेंसियों पर भरोसा हो गया है। यह वही भर्ती है, जो आपकी सरकार में नहीं हो सकी। हमने कोई भी कार्रवाई छिपाई नहीं, बल्कि हाईकोर्ट में जाकर 129 प्रकरण हमने पुटअप किए हैं। हमने जिसको दोषी पाया, उस पर कार्रवाई की है।

### नक्सल प्रभावित जिलों के लिए केंद्र से मिले 557 करोड़ और खर्च 998 करोड़

विधानसभा में नक्सल प्रभावित जिलों में वर्ष 2019 से 2023 तक सुरक्षा संबंधी व्यय योजना के तहत कार्ययोजना राशि और खर्च के सवाल पर डिप्टी सीएम और गृहमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि केंद्र से 557 करोड़ आया है और 998 करोड़ से ज्यादा व्यय हुआ है। भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने नक्सल उन्मूलन के लिए राशि के प्रावधान और खर्चे को लेकर जानकारी मांगी। गृह मंत्री विजय शर्मा ने आवंटन और व्यय में अंतर के संबंध में बताया कि इसकी वजह यह है कि पहले राज्य के बजट से ये राशि खर्च हो जाती है, फिर इसे रिम्बर्स कराया जाता है, मतलब खर्चे के बाद राशि आती है। अजय चंद्राकर ने कहा, कार्ययोजना 13 बिंदुओं में भेजा गया है, और खर्च 25 बिंदुओं में हुआ है। कार्ययोजना किसी और मद के लिए भेजी गई है, और खर्च किसी और मद में हुए हैं। विजय शर्मा ने कहा, जिन बिंदुओं का जिक्र सदस्य कर रहे हैं, वो सभी राज्य सरकार मद के हैं। सभी नॉर्म्स के तहत हैं, सब आगे जाकर क्लेम किया जाता है, फिर केंद्र सरकार से राशि प्राप्त हुए हैं।

# राज्य सरकार मोदी की एक-एक गारंटी को पूरा करने का काम कर रही

### उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के विभागों के लिए 21,277 करोड़ 28 लाख से अधिक की अनुदान मांगें पारित

विधानसभा में मंगलवार को उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के पुलिस, गृह, जेल, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के वित्तीय सहायता, विज्ञान और प्रौद्योगिकी और तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभागों के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 21,277 करोड़ 28 लाख रुपए से अधिक की अनुदान मांगें पारित की गईं।

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने सदन में बताया कि राज्य सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा की गई एक-एक गारंटी को पूरा करने का काम कर रही है। प्रधानमंत्री के हर आवासविहीन परिवारों को छत देने का सपना को साकार करने का काम रही है। हमारी सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत राज्य के 18 लाख गरीब परिवारों को पक्का मकान उपलब्ध कराने के लिए पहली कैबिनेट बैठक में ही स्वीकृति प्रदान कर इस दिशा में काम कर रही है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री आवास योजना हमारे सरकार के लिए केवल ईंट और गारे से बने घरों का कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह लाखों जरूरतमंदों के सम्मान, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार हमारी प्रतिबद्धता को ध्यान में रखते हुए 11 लाख 50 हजार नए मकानों की मंजूरी दी, इसके लिए 8 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया, अब तक 7 लाख 69 हजार मकानों की स्वीकृति दी जा चुकी है और निर्माण कार्य तीव्र गति से जारी है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार के नेतृत्व वाले सरकार ने इस वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लिए 8500 करोड़ ऐतिहासिक प्रावधान किया गया है।

**गृह विभाग के बजट में 10 प्रतिशत की वृद्धि**

उपमुख्यमंत्री ने कहा, पिछले एक वर्ष में प्रदेश की कानून-व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए जो ठोस कदम उठाए गए हैं, वे मील का पत्थर साबित हो रहे हैं। विशेष रूप से नक्सल उन्मूलन के क्षेत्र में किए गए प्रयासों से प्रदेश के नक्सल प्रभावित जिलों में विकास कार्य तेज हुए हैं और नक्सलवाद अपनी अंतिम अवस्था में पहुंच चुका है। इस वित्तीय वर्ष में गृह विभाग के लिए पिछले वर्ष की बजट की तुलना में 10 प्रतिशत की वृद्धि की हुई है, जो यह दर्शाती है कि सरकार कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने और पुलिस बल को आधुनिक संसाधनों से सुसज्जित करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

**अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगी पुलिस**

प्रदेश में पुलिस अधोसंरचना को मजबूत करने के लिए इस बजट में ऐतिहासिक प्रावधान किए गए हैं। पुलिस अधोसंरचना निर्माण के लिए 518 करोड़ की राशि आवंटित की गई है, जो पिछले वर्षों के कुल बजट से भी अधिक है। पिछले बजट में इस मद के लिए 200 करोड़ की राशि रखी गई थी, लेकिन इस बार इसे ढाई गुना से अधिक बढ़ाया गया है। पुलिस थानों, प्रशिक्षण केंद्रों, प्रशासनिक भवनों और पुलिस आवासों के निर्माण एवं उन्नयन के लिए यह राशि खर्च की जाएगी। साथ ही 5 साइबर, 6 अजाक, 3 महिला और 2 नवीन पुलिस थाना खोलने की घोषणा भी की है।

### 309 नक्सली मारे गए, 975 मुख्य धारा में लौटे

नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में हमारी सरकार द्वारा बीते एक वर्ष में अभूतपूर्व कार्य किए गए हैं। प्रदेश के जवान कठिन परिस्थितियों में भी पूरी बहादुरी से नक्सलवाद का सामना कर रहे हैं। बीते 14 महीनों में 157 मुठभेड़ों में 305 माओवादियों के शव बरामद हुए हैं, 396 हथियार और 492 आईईडी पकड़े गए हैं, जबकि 1205 माओवादियों को गिरफ्तार किया गया है। हमारी पुनर्वास नीति एवं सुरक्षा बलों के दबाव के चलते 975 नक्सलियों ने समाज की मुख्यधारा में लौटने के लिए आत्मसमर्पण किया है।

### नक्सल इलाके के लिए डब्लूएचएपी वाहन खरीदी होगी

नक्सल उन्मूलन के लिए इस वर्ष के बजट में कई नए प्रावधान किए गए हैं। बस्तर के सातों जिलों में नक्सल विरोधी बल बस्तर फाइटर्स के लिए 3202 नए पदों के सृजन का निर्णय लिया गया है, जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पुलिस के प्रशासनिक और आवासीय भवनों के निर्माण को प्राथमिकता दी जा रही है। नक्सल आसूचना तंत्र को और मजबूत करने के लिए नवीन भवन निर्माण एवं उपकरणों के लिए लगभग 2.74 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा नक्सल विरोधी अभियानों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए 14 करोड़ की लागत से एक विशेष डब्लूएचएपी वाहन खरीदा जाएगा।

### प्रत्येक थाने में होगा महिला डेस्क

महिला सुरक्षा को और अधिक सशक्त बनाने के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। 'सखी वन स्टॉप सेंटर' और 'निर्भया पेट्रोलिंग यूनिट' का विस्तार करने के लिए 100 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है। प्रत्येक थाना स्तर पर महिला हेल्पडेस्क स्थापित करने की योजना बनाई गई है, जिससे महिलाओं को त्वरित सहायता प्रदान की जा सके। प्रदेश में पुलिस और जनता के बीच समन्वय को बढ़ाने के लिए 'जनसंवाद कार्यक्रम' की शुरुआत की गई है, जिसके तहत स्थानीय नागरिकों और पुलिस अधिकारियों के बीच नियमित संवाद स्थापित किया जाएगा।

### सड़क और संचार नेटवर्क का विस्तार

सड़क और संचार नेटवर्क का विस्तार भी सरकार की प्राथमिकता में है। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा बलों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए 53 नए सुरक्षा कैम्प स्थापित किए गए हैं। इस प्रयास के तहत नारायणपुर-धौड़ाई-दंतेवाड़ा-बारसूर मार्ग को चालू किया गया है, जिससे वर्षों से प्रभावित क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है। वर्ष 2023 से जनवरी 2025 तक की अवधि में विभिन्न योजनाओं के तहत 49 मार्गों पर 243 किलोमीटर लंबी सड़कों का निर्माण और 11 पुलों का निर्माण कार्य पूरा किया गया है। संचार नेटवर्क को सशक्त करने के लिए माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में 577 नए मोबाइल टॉवर स्थापित किए गए हैं।

### तकनीकी शिक्षा के लिए 474 करोड़

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग के अनुदान मांग पर चर्चा करते हुए कहा कि प्रदेश में तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग को सशक्त बनाने के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में 474 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है, जिससे संस्थानों का विस्तार, अधोसंरचना विकास और युवाओं को रोजगारपरक शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा ऋण ब्याज अनुदान योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को राहत देने के लिए 5 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है। साथ ही छात्र स्टार्टअप और नवाचार नीति के तहत 500 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है, जिससे प्रदेश में नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा।

## विशाखा समिति की रिपोर्ट पर 3 दिनों के भीतर होगी कार्रवाई





विधानसभा में मंगलवार को भाजपा विधायक भावना बोहरा के सवालों का जवाब देते हुए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने घोषणा की कि आयुर्वेद कॉलेज रायपुर के मामले में विशाखा समिति ने जो जांच रिपोर्ट दी, उस पर 3 दिनों के भीतर कार्रवाई करेंगे। प्रश्नकाल में भाजपा विधायक भावना बोहरा का सवाल था कि विशाखा समिति चिकित्सा शिक्षा के कौन-कौन से महाविद्यालय एवं चिकित्सालय में क्रियाशील है? चिकित्सा शिक्षा अंतर्गत इस समिति का प्रमुख कौन होता है एवं समिति में कितने सदस्य होते हैं? सदस्य बनने के लिए योग्यता क्या होती है? समिति बनाने हेतु किन नियमों का पालन किया जाता है? वर्ष 2021 से 2025 तक आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं चिकित्सालय में विशाखा समिति को कितने शिकायत या आवेदन प्राप्त हुए? प्राप्त शिकायतों में कितनी शिकायतों का निराकरण किया गया? स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने जवाब दिया कि चिकित्सा शिक्षा विभाग अंतर्गत अधीनस्थ संस्थाओं में विशाखा दिशा-निर्देश अंतर्गत समिति गठित है। उक्त समिति का प्रमुख महिला होना आवश्यक है। समिति में आधे से अधिक सदस्य महिला होना आवश्यक है। सदस्यों की संख्या के संबंध में कोई उल्लेख नहीं है। समिति बनाने हेतु सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली के द्वारा जारी दिशा-निर्देश एवं निर्धारित मापदण्ड महिलाओं के कार्य स्थल पर लैगिंक उत्पीड़न अधिनियम के दिशा-निर्देशों/नियम का पालन किया जाता है। प्रश्नांकित अवधि में शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय रायपुर में 1 आवेदन प्राप्त हुआ, जिसका निराकरण किया गया है। वर्तमान में कोई शिकायत लंबित नहीं है।

### दोषी डॉक्टर पर नहीं हुई कार्रवाई, दे दिया प्रमोशन

भावना बोहरा ने कहा, 2017-18 का आयुर्वेदिक कॉलेज रायपुर का मामला है। विशाखा समिति ने जांच में डॉ. जीआर चतुर्वेदी को दोषी पाया था। सरोज परहाते जो जांच में शामिल थीं उन्हें ही विशाखा समिति से हटा दिया गया। उल्टे चतुर्वेदी को प्रमोशन दे दिया गया। सात वर्षों से इस मामले की जांच लंबित है। मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा, प्रदेश में किसी भी माता-बहन के साथ गलत व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भावना बोहरा ने पूछा कि क्या संबंधित मामले की वापस जांच होगी? दोषी लोगों कि खिलाफ उचित कार्यवाही होगी? स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, उक्त मामले को उच्च न्यायालय ने संज्ञान में लिया। 9 जनवरी 2023 को जांच बैठी थी। डॉ. जीआर चतुर्वेदी के खिलाफ कार्यवाही की अनुशंसा हुई है। मामले में 3 दिनों के भीतर कार्रवाई करेंगे।

## ध्यानाकर्षण में विपक्ष ने दो निर्माण विभागों में अलग-अलग अर्हता पर उठाए सवाल

विधानसभा में ध्यानाकर्षण सूचना के माध्यम से पीएचई विभाग में उप अभियंताओं की भर्ती का मामला भाजपा विधायक राजेश मूणत और नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने उठाते हुए कहा, सिविल इंजिनियरिंग करने वाले डिप्लोमाधारी योग्य, लेकिन डिग्रीधारी योग्य नहीं हैं।

भाजपा विधायक राजेश मूणत ने कहा, ज्यादा पढ़ने वाले अयोग्य और कम पढ़ने वाले कैसे योग्य हो जाते हैं। पीडब्ल्यूडी की भर्ती में ये योग्य हो जाते हैं, लेकिन पीएचई की भर्ती में अयोग्य हो जाएंगे, इसमें नियमों का परीक्षण किया या नहीं। 2017 में आपके विभाग ने ही डिग्रीधारी को सब इंजीनियर बनाया था, आज क्यों नहीं?

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बताया कि प्रदेश में 30 से अधिक पॉलिटेक्निक कॉलेज हैं, जहां से हर साल 8 हजार युवा पढ़कर निकलते हैं। सबके लिए अलग-अलग भर्ती नियम और व्यवस्था है। 1977 से यही भर्ती नियम चला आ रहा है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने कहा, सुप्रीम कोर्ट का फैसला, निर्देश मानेंगे या नहीं मानेंगे। उप मुख्यमंत्री साव ने इस पर कहा, इस प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट का फैसला लागू नहीं होता।

### विपक्ष ने किया बहिर्गमन

कांग्रेस विधायक उमेश पटेल ने कहा, उप अभियंता (एई ) के 75 प्रतिशत पोस्ट पदोन्नति के होते हैं। आज जो डिप्लोमा वाले भर्ती होंगे, भविष्य में एई नहीं बन पाएंगे, क्योंकि डिग्री धारी होना जरूरी है। व्यवस्था बिगड़ जाएगी। कांग्रेस सदस्यों ने मंत्री के जवाब से असंतुष्ट होकर सदन से बहिर्गमन किया।

## विधायक ने वैशालीनगर में मांगा 100 बिस्तर का अस्पताल, मंत्री ने कहा- वहां खोलना संभव नहीं

विधानसभा में भाजपा विधायक रिकेश सेन ने अपने विधानसभा क्षेत्र में 100 बिस्तरों के अस्पताल को लेकर कहा, भिलाई नगर और वैशाली नगर दोनों विधानसभा मिलाकर 6 लाख से ज्यादा की आबादी है। इन जगहों पर एक भी



100 बिस्तरों का अस्पताल नहीं है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल सिटी से 10 किलोमीटर दूर है। ऐसे में जवाहर नगर और भिलाई की जनता को स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए भटकना पड़ रहा है। उन्होंने अस्पताल खोलने के नियम और शर्तों को लेकर भी सवाल स्वास्थ्य मंत्री से पूछा। स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने जवाब में कहा, जिस क्षेत्र की जानकारी वो दे रहे हैं, वहां पर मेडिकल कॉलेज के अलावा जिला अस्पताल और सुपेला लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल है। ऐसे में 100 बिस्तरों का नया अस्पताल खोलना मुनासिब नहीं है। लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में पर्याप्त संख्या में ओपीडी अटैंड किया जाता है। साथ ही सुपेला अस्पताल में पर्याप्त संख्या में स्टाफ है, इसलिए 100 बिस्तरों का नया अस्पताल नहीं बनाया जा सकता। जवाब के बाद रिकेश सेन ने पूछा कि सुपेला अस्पताल को ही 100 बिस्तरों का अस्पताल बना दीजिए। यहां वो सुविधाएं दे दीजिए जो लोगों के लिए जरूरी हों। सिर्फ घोषणा करके इस अस्पताल की अनदेखी ना हो, इस बात का ध्यान रखा जाए।

## सत्ता पक्ष के विधायक ने पखांजूर की जर्जर सड़क नहीं बनने पर लगाया था सवाल



विधानसभा में भाजपा विधायक विक्रम उसेंडी ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पखांजूर से मायापुर तक सड़क निर्माण का मामला उठाया। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के 15 जून तक कार्य पूरा करने में असमर्थता जताए जाने पर अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा, बरसात से पहले कम से कम माइनर रिपेयर का काम हो जाए और सड़क चलने लायक हो जाए।

भाजपा विधायक विक्रम उसेंडी ने कहा, बरसात के पहले यह कार्य ध्यानाकर्षण में पूरा करने की घोषणा की गई थी, लेकिन अब तक कार्य क्यों नहीं किया गया? उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा, पिछले साल 26 जुलाई के ध्यानाकर्षण में मैंने स्ट्रेंथनिंग की घोषणा की थी और कार्य पूरा करने की कोशिश भी की गई थी। महाराष्ट्र का बार्डर यहां से जुड़ गया है, तो काफी हैवी ट्रैफिक की वजह से थोड़ी परेशानी आई, लेकिन इसे जल्द ही कर लिया जाएगा। विधायक ने कहा कि कम से कम बरसात के बाद आपने काम शुरू करने की बात की थी, उस लिहाज से अब तक तो पैच रिपेयर का काम शुरू करना चाहिए था। क्या 15 जून के पहले तक सड़क बन पाएगी? इस पर उप मुख्यमंत्री ने कहा, इसे बजट में लाकर बनाने वाली स्थिति थी, इसलिए यह कार्य शीघ्र कर लिया जाएगा। विधायक ने कहा, अपने पास समय भी था कि अनुपूरक में इसका लगभग कार्य किया जा सकता था, क्या इसे बरसात के पहले पूरा कर लिया जाएगा? इस पर उप मुख्यमंत्री ने कहा, 15 जून से पहले सड़क का कार्य नहीं हो पाएगा, लेकिन जो रिपेयरिंग का कार्य कहा जा रहा है, इसे मैं दिखवा लेता हूं। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि कम से कम माइनर रिपेयर का काम हो जाए और सड़क चलने लायक हो जाए।

बिलासपुर, बुधवार 19 मार्च 2025 | चैत्र कृष्ण पक्ष पंचमी | वर्ष : 24, अंक : 353 | पृष्ठ : 12+8 = 20 मूल्य : 5.00*** | haribhoomi.com


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी





बीजापुर में पत्रकार की हत्या, लाश सेप्टिक टैंक में फेंकी और कर दिया था प्लास्टर

अपूरणीय क्षति

रायपुर में मिली गाड़ी

# मुकेश हत्याकांड में 1241 पन्नों की चार्जशीट, चार आरोपी, 72 गवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/बीजापुर

पत्रकार मुकेश चन्द्रकार हत्याकांड मामले में पुलिस ने मंगलवार को चार्जशीट बीजापुर कोर्ट में पेश कर दी है। एसआईटी ने 1241 पन्ने की चार्जशीट में 72 लोगों को गवाह बनाया है। चार्जशीट में मुख्य आरोपी ठेकेदार सुरेश चन्द्रकार, रितेश चन्द्रकार, दिनेश चन्द्रकार के अलावा सुपरवाइजर महेंद्र रामटेक का नाम शामिल है, जो वर्तमान में जेल में है। एसआईटी टीम को लीड कर रहे एएसपी मंयक गुर्जर ने बताया कि पुलिस ने हत्याकांड की जांच के दौरान सीसीटीवी डीवीआर और भौतिक साक्ष्य के आधार पर चार्जशीट पेश किया है। जिसमें 762 पन्नों का चालान और 479 पन्नों की केश डायरी शामिल है। मामले की प्रारंभिक जांच ▶▶|शेष पेज 4 पर

- 72 घंटे में आरोपियों को किया गया था गिरफ्तार, 72 लोगों को बनाया गया गवाह
- 75 दिन में मामले की जांच के बाद एसआईटी ने कोर्ट में चार्जशीट किया पेश



## न्यायालय में पेश की गई चार्जशीट

पत्रकार हत्याकांड मामले में एसआईटी ने मंगलवार को केस डायरी सहित 1241 का चार्ज शीट के साथ न्यायालय में पेश की गई है। एसआईटी टीम प्रभारी एएसपी मयंक गुर्जर ने बताया कि विवेचना के दौरान चारों आरोपी सुरेश चन्द्राकर, दिनेश चन्द्रकार, रितेश चन्द्रकार व महेन्द्र रामटेके के विरुद्ध बीएनएस की धारा 103(1), 238(क), 61(2)(क), 239, 249, ▶▶|शेष पेज 4 पर

## ऐसे दिया गया था हत्याकांड को अंजाम

बीजापुर के पत्रकार मुकेश चन्द्रकार 1 जनवरी 2025 की रात अचानक अपने घर के पास से गायब हो गया था। उसी रात सुरेश चन्द्रकार ने पूरी प्लानिंग के बाद बीजापुर के युवा पत्रकार मुकेश की हत्या अपने फार्म हाउस में कर शव को सेप्टिक टैंक में डालकर चुनवा दिया था। 2 जनवरी को मुकेश के भाई युकेश ने कोतवाली में गुमशुदगी की रिपोर्ट ▶▶|शेष पेज 4 पर


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### लोकपाल के अधिकार की पड़ताल करेगा सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह हाईकोर्ट के वर्तमान न्यायाधीशों के खिलाफ शिकायतों पर विचार करने में भ्रष्टाचार रोधी संस्था लोकपाल के अधिकार क्षेत्र के मुद्दे की पड़ताल करेगा। न्यायमूर्ति बी आर गवई की न्यायाधीशों की पीठ 27 जनवरी के आदेश पर स्वतः संज्ञान लेकर शुरू की गई कार्यवाही पर विचार कर रही है।

### रेल दुर्घटनाओं में 90 प्रतिशत की आई कमी



**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में कहा कि 2005-06 में रेलगाड़ियों के पटरी से उतरने समेत रेल हादसों की संख्या करीब 700 प्रतिवर्ष थी, जो अब घटकर 73 रह गई है। रेलवे सुरक्षा के लिए अनेक कदम उठाए जाने से रेल दुर्घटनाओं में 90 प्रतिशत की उल्लेखनीय कमी आयी है।

### अमेरिकी अरबपति जार्ज के एनजीओ पर छापे




**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम के 'उल्लंघन' से संबंधित जांच के सिलसिले में अमेरिकी अरबपति जॉर्ज सोरोस समर्थित 'ओपन सोसाइटी फाउंडेशन' के कुछ कथित लाभार्थियों और उससे जुड़ी कुछ संस्थाओं के खिलाफ बेंगलुरु में छापेमारी की। फेमा के तहत तलाशी ली जा रही है।

### 26 बार दोस्त के साथ विदेश गई थी रान्या



**हैदराबाद।** कन्नड़ अभिनेत्री और डीजीपी रैंक के एक सीनियर आईपीएस अधिकारी की बेटी रान्या राव के सोने की तस्करी मामले में नया खुलासा हुआ है। इस मामले में दूसरे आरोपी, जो अभिनेत्री रान्या राव का करीबी दोस्त तरुण राजू ने 26 बार दुबई से हैदराबाद की यात्रा की थी।

### भीषण आग में 30 झुग्गियां दो फैक्टरी जलकर खाक



**नई दिल्ली।** दिल्ली के द्वारका मोड़ इलाके में बीती रात भीषण आग लगने से कम से कम 30 झुग्गियां, दो फैक्टरी और कुछ दुकानें जलकर खाक हो गईं। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। हमें रात दो बजकर सात मिनट पर आग लगने की सूचना मिली।

राजनीतिक दलों के लगातार 'प्रहार' के बाद लिया गया निर्णय

# चुनाव आयोग का फैसला, पैन के बाद अब वोटर आईडी को आधार से कराना होगा लिंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की अध्यक्षता में हुई हाई लेवल मीटिंग में इस पर चर्चा हुई। बैठक में चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी ने निर्वाचन सदन नई दिल्ली में केंद्रीय गृह सचिव, विधायी विभाग के सचिव, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव और यूआईडीएआई के सीईओ तथा चुनाव आयोग के तकनीकी विशेषज्ञ भी मौजूद रहे। बैठक में निर्णय लिया गया कि मतदाता पहचान पत्र को आधार से जोड़ने का काम संविधान के अनुच्छेद 326 के प्रावधानों के अनुसार ही किया जाएगा। कहा गया कि इस संबंध में भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण और चुनाव आयोग के तकनीकी विशेषज्ञ जल्द ही आगे की चर्चा करेंगे।

गौरतलब है कि विपक्षी दलों की तरफ से मतदाता पहचान पत्रों में धोखाधड़ी और डुप्लिकेट मतदाता पहचान पत्रों को लेकर कई आरोप लगाए गए हैं। विपक्षी नेता कई बार चुनाव आयोग पर केंद्र सरकार के हितों के साथ तालमेल करने का आरोप लगा चुके हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, चुनाव आयोग ने पहले आधार-वोटर आईडी कनेक्शन को प्रभावी रूप से अनिवार्य बनाने की योजना बनाई थी, हालांकि बाद में 2023 में सुप्रीम कोर्ट को सौंपे गए अपने सबमिशन में पैनल ने कहा कि इस तरह की लिंकिंग अनिवार्य नहीं थी।

*चुनाव आयोग ने वोटर आईडी को आधार से जोड़ने को लेकर बड़ा फैसला लिया है। मंगलवार को मुख्य चुनाव आयुक्त और केंद्रीय गृह सचिव की बैठक में यह फैसला लिया गया। आयोग ने साफ किया कि यह प्रक्रिया पूरी तरह संविधान और सुप्रीम कोर्ट के फैसले के तहत ही होगी।*



- सुप्रीम कोर्ट के फैसले के तहत होगा बदलाव
- चुनाव आयोग और केंद्रीय गृह मंत्रालय की हुई बैठक
- चुनाव आयोग लगातार कर रहा कई तरह के बदलाव




**चुनाव आयोग के तकनीकी विशेषज्ञ और यूआईडीएआई तय करेंगे रूपरेखा**

### कानूनी ढांचे के तहत होगी प्रक्रिया

चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया कि वोटर आईडी को आधार से जोड़ने की प्रक्रिया संविधान के अनुच्छेद 326 और जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 23(4), 23(5) और 23(6) के तहत होगी। आयोग ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि आधार कार्ड सिर्फ पहचान का प्रमाण है, नागरिकता का नहीं। इसलिए नियम के अनुसार कार्रवाई होगी।

### संविधान में आधार से जोड़ने का प्रावधान

संविधान में भी वोटर आईडी को आधार से जोड़ने का प्रावधान है। बताया जाता है कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 23, जिसे चुनाव कानून (संशोधन) अधिनियम, 2021 कहा जाता के मुताबिक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी मौजूदा या भावी मतदाताओं से स्वैच्छिक आधार पर पहचान स्थापित करने के लिए आधार संख्या प्रदान करने की मांग कर सकते हैं।

### विपक्ष के आरोपों के बाद बुलाई गई थी बैठक

इन दिनों संसद के भीतर और बाहर जिस डुप्लीकेट वोटर कार्ड के नंबरों को लेकर जमकर बवाल हो रहा है। राजनीतिक दल इसके जरिये चुनाव आयोग की वैधता पर ही सवाल उठे हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी यह मुद्दा उठाया था। चुनाव आयोग ने कहा था कि वह दशकों पुरानी डुप्लिकेट मतदाता पहचान पत्र नंबरों की समस्या को अगले तीन महीने में हल कर लेगा।

### राजनीतिक दलों से सुझाव मांगे

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने पद संभालने के बाद चुनाव सुधारों को तेज कर दिया है। चुनाव आयोग आगामी चुनावों को ज्यादा पारदर्शी और समावेशी बनाने के लिए कई नए कदम उठा रहा है। चुनाव आयोग ने पहली बार राष्ट्रीय और राज्य स्तर की सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक पार्टियों से 30 अप्रैल 2025 तक सुझाव मांगे हैं। इसके अलावा, 31 मार्च 2025 तक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों, जिला निर्वाचन अधिकारियों और मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के साथ बैठकों का आयोजन किया जाएगा। इन बैठकों में राजनीतिक दलों की चिंताओं और सुझावों पर विचार किया जाएगा।

# छत्तीसगढ़ पेंशन निधि अधिनियम बनाने वाला देश का पहला राज्य

- वित्त मंत्री ओपी चौधरी के विभागों के लिए 12 हजार 389 करोड़ 29 लाख रुपए से अधिक अनुदान मांगें पारित

छत्तीसगढ़ ग्रोथ एंड स्टेबिलिटी फंड बनाने वाला देश का पहला राज्य



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में मंगलवार को वित्त, आवास एवं पर्यावरण एवं योजना, आर्थिक तथा सांख्यिकी विभाग के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 12 हजार 389 करोड़ 29 लाख रुपए से अधिक की अनुदान मांगें पारित की गई। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने अनुदान मांगों की चर्चा का जवाब देते हुए कहा, वित्त विभाग के इस बजट में मुख्य रूप से शासकीय सेवकों को पेंशन एवं अन्य सेवानिवृत्ति हितलाभों, जैसे- पेंशन, परिवार पेंशन, पेंशन कम्यूटेशन, ग्रेच्युटी, अवकाश नकदीकरण, एनपीएस में नियोक्ता अंशदान आदि मदों का प्रावधान है। उन्होंने कहा, नवंबर 2004 से अप्रैल 2022 के मध्य नियुक्त शासकीय सेवकों के लिए एनपीएस-ओपीएस चयन करने विकल्प दिया गया था। नियोक्ता अंशदान के लिये बजट में प्रावधान किया गया है। वित्त मंत्री ने कहा, 1 अप्रैल, 2022 से पुरानी पेंशन योजना की बहाली के फलस्वरूप भविष्य के पेंशन दायित्वों के बढ़ते ▶▶|शेष पेज 4 पर

### ऋण की देयताओं के लिए संचित शोधन निधि का गठन

वित्त मंत्री ने कहा कि राज्य शासन द्वारा भविष्य में बाजार ऋणों की देयताओं को ध्यान में रखते हुए संचित शोधन निधि का गठन किया गया है, जिसमें गत वर्ष के अवशेष ऋणों के 0.5 प्रतिशत प्रति वर्ष निवेश किया जाता है। साथ ही निधि में कुल अवशेष ऋणों का 5 प्रतिशत तक निवेश होना चाहिए। वर्तमान में इस निधि में कुल अवशेष ऋणों का 7.3 प्रतिशत से अधिक है। ऐसा करने वाला छत्तीसगढ़ देश के अग्रणी राज्यों में है। उन्होंने कहा, हमने राज्य सरकार की गारंटी पर लिये जाने वाले ऋणों की अदेयता की स्थिति में उनका भुगतान सुनिश्चित करने हेतु गारंटी मोचन निधि में अब तक 500 करोड़ निवेशित किये हैं तथा इस बजट में भी 500 करोड़ का प्रावधान किया है।

### पब्लिक फायनेंस मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल से निगरानी

वित्त मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार छत्तीसगढ़ राज्य को विकासशील से विकसित राज्य बनाने की दिशा में कार्यरत है। हमने इस बजट में एक नया फंड छत्तीसगढ़ ग्रोथ एंड स्टेबिलिटी फंड बनाया है। ऐसा करने वाला छत्तीसगढ़ देश का प्रथम राज्य होगा। उन्होंने कहा, राज्य में हितग्राहियों को सुचारू रूप से लाभ पहुंचाने हेतु डायरेक्ट बेनिफिट ट्रान्सफर सेल का गठन किया गया है। पब्लिक फाइनेंस मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल के द्वारा सीएसएस की विमुक्त की गई राशि की निगरानी एवं जमीनी स्तर तक के उपयोगीकरण का पर्यवेक्षण किया जाता है। एसएनएस-स्पर्श के क्रियान्वयन में छत्तीसगढ़ देश के शीर्ष 3 राज्यों में शमिल है।

# 'सक्षम और दिव्यांग उम्मीदवार से नहीं ले सकते अलग यूपीएससी परीक्षा'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व आईएएस प्रोबेशनर अधिकारी पूजा खेडकर मामले में कहा कि सक्षम और दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए अलग-अलग परीक्षा नहीं ली जा सकती। पूजा खेडकर पर फर्जी तरीके से सिविल सेवा परीक्षा में दिव्यांग और ओबीसी कोटे का फायदा लेने और धोखाधड़ी करने का आरोप है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने पूजा खेडकर की याचिका पर अगली सुनवाई के लिए 15 अप्रैल की तारीख तय की है। पूजा खेडकर के वकील ने दिल्ली सरकार के हलफनामे का जवाब देने के लिए कुछ समय देने की मांग की थी, जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने 15 अप्रैल की तारीख तय की। साथ ही अदालत ने 15 अप्रैल तक ही पूजा खेडकर को गिरफ्तारी से राहत दे दी। दिल्ली सरकार की तरफ से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने पूजा खेडकर को राहत देने का विरोध किया और कहा कि उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ करने की जरूरत है। ताकि उस मध्यस्थ के बारे में पता चल सके, जिसकी मदद से उन्होंने फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाया। एडिश्नल सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि दिव्यांग प्रमाण पत्र की वजह से पूजा खेडकर को सिविल सेवा परीक्षा देने का अतिरिक्त मौका मिला। पूजा खेडकर की तरफ से वरिष्ठ वकील बीना माधवन अदालत में पेश हुईं। उन्होंने कहा कि हम जांच एजेंसी के साथ पूछताछ में सहयोग के लिए तैयार हैं। पूजा खेडकर पर गलत जानकारी देकर आरक्षण का फायदा लेने का आरोप है। हालांकि पूजा खेडकर ने अपने ऊपर लगे आरोपों को गलत बताया है।

**पूजा खेडकर केस में सुप्रीम कोर्ट की अहम टिप्पणी**

- सुप्रीम कोर्ट ने गिरफ्तारी से 15 अप्रैल तक दी राहत



### पूजा खेडकर पर हैं ये आरोप

पूजा खेडकर पर आरोप है कि उन्होंने ट्रेनिंग पीरियड के दौरान सरकारी आवास, स्टाफ, गाड़ी और दफ्तर में अलग केबिन की मांग की। अपनी निजी ऑडी कार पर लाल-नीली बत्ती और महाराष्ट्र सरकार का लोगो लगाया। उन्होंने चोरी के आरोप में गिरफ्तार एक ट्रांसपोर्टर को छोड़ने के लिए डीसीपी रैंक के अधिकारी पर दबाव बनाया। उन्होंने आईएएस बनने के लिए झूठे दस्तावेज का इस्तेमाल करते हुए यूपीएससी के फार्म में खुद को ओबीसी नॉन क्रीमी लेयर बताया। पूजा ने दिव्यांगता श्रेणी के तहत यूपीएससी का आवेदन पत्र भरा था। दावा किया गया कि वह 40 फीसदी दृष्टिबाधित हैं और किसी मानसिक बीमारी से जूझ रही हैं। हालांकि मेडिकल के दौरान वह हर बार नहीं पहुंची। एमबीबीएस कॉलेज में दाखिले के समय भी दस्तावेजों की हेर-फेर के आरोप पूजा पर हैं।

50 उपद्रवी गिरफ्तार, 11 इलाकों में कर्फ्यू

# हिंसा में तीन डीसीपी समेत 34 जवान घायल



**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के आयोजन के बाद औरंगजेब की कब्र हटाने की मांग को लेकर हुए प्रदर्शन ने हिंसक रूप ले लिया। इस घटना में तीन डीएसपी समेत 34 पुलिसकर्मियों और 5-6 आम नागरिकों को चोट आई है। हिंसा के संबंध में 50 से अधिक उपद्रवियों को हिरासत में लिया गया है और नागपुर के 11 इलाकों में कर्फ्यू लगा दिया गया है। इस बीच, इस मुद्दे पर सियासी सरगर्मी तेज हो गई है।

### सीएम फडणवीस बोले- हिंसा पूर्व नियोजित

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने दावा किया कि हिंसा पूर्व नियोजित थी। फडणवीस ने कहा कि फिल्म 'छावा' से लोगों की भावनाएं उमड़ी हैं, जिसमें संभाजी महाराज के खिलाफ औरंगजेब द्वारा किए गए क्रूर अत्याचारों को दर्शाया गया है।

# शराबी केंद्राध्यक्ष का पांचवीं के परीक्षार्थी करते रहे इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जशपुर

पांचवीं बोर्ड की परीक्षा के लिए केंद्र प्रभारी का परीक्षार्थियों को घंटे भर तक प्रश्न पत्र की खातिर इंतजार करना पड़ा। शराब के नशे में धुत हो जाने से यह शिक्षक अपने निवास के समीप ही गिर पड़ा था। शिक्षक शीतल राम नागदेव को बगीचा की प्राथमिक शाला कुकुटोली में पांचवीं बोर्ड परीक्षा के लिए केंद्राध्यक्ष नियुक्त किया गया था। सोमवार को केंद्राध्यक्ष की अनुपस्थिति से यंहा बच्चों को प्रश्नपत्र के लिए घंटे भर तक खाली बैठे कर इंतजार करना पड़ा। इस मामले ▶▶|शेष पेज 4 पर



- प्राथमिक शाला कुकुटोली का मामला

### बीईओ ने लिखी चिट्ठी

बगीचा बीईओ मनीराम यादव ने बताया कि उन्होंने लापरवाही बरतने वाले प्रधान पाठक के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही करने के लिए उच्चाधिकारियों को पत्र लिखा है। शराबी शिक्षक के विरुद्ध जल्दी ही कार्रवाई की जाएगी।

नौकरी के बदले जमीन घोटाला, ईडी के समक्ष पेश हुईं राबड़ी देवी

# जिनसे नौकरी के बदले जमीन ली उन्हें कैसे जानती हैं...

एजेंसी ▶▶| पटना

चर्चित 'नौकरी के बदले जमीन' मामले में लालू परिवार की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी कथित 'नौकरी के बदले जमीन' घोटाले से संबंधित धनशोधन मामले में मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय के समक्ष पेश हुईं। प्रवर्तन निदेशालय ने राबड़ी देवी से कई तीखे सवाल पूछे हैं। ईडी ने राबड़ी देवी से पूछा है कि जिन्हें जमीन के बदले नौकरी दी गई उन्हें वो कैसे जानती हैं? ईडी की पटना टीम द्वारा पूर्व सीएम राबड़ी देवी और पूर्व मंत्री तेजप्रताप यादव से अलग-अलग कैमरे में पूछताछ हुई है।

### लालू को भी किया तलब

ईडी ने राजद के अध्यक्ष लालू प्रसाद तथा उनके बेटे तेज प्रताप यादव को भी पूछताछ के लिए तलब किया है। तेज प्रताप यादव को भी मंगलवार को पेश होने के लिए कहा गया था। सूत्रों ने बताया कि हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि विधायक एजेंसी के समक्ष पेश होंगे या नहीं क्योंकि बिहार विधानसभा का सत्र जारी है।



**नौकरी के बदले जमीन घोटाला:** यह मामला 2004-2009 के दौरान रेलवे में समूह 'डी' नियुक्तियों से संबंधित है। उस समय लालू यादव संप्रग सरकार में रेल मंत्री थे। ईडी ने पहले एक बयान में कहा था कि सीबीआई की प्राथमिकी के अनुसार अभ्यर्थियों को रेलवे में नौकरी के बदले में 'रिश्वत के तौर पर जमीन हस्तांतरित करने' के लिए कहा गया था।

### ईडी ने पूछे ये सवाल

- सवाल 1- आपके नाम से जो जमीन है वो आपने कैसे अर्जित की
- सवाल 2- आप जिन लोगों से नौकरी के बदले जमीन लिया गया, उनको कैसे जानती हैं
- सवाल 3- आप उन लोगो से पहली बार कब मिली
- सवाल 4- उन लोगो को नौकरी देने के लिए आपने पैरवी किया तो क्यों किया
- सवाल 5- आपके बेटे तेजस्वी यादव ने जो दिल्ली के न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में बंगला खरीदा उसके बारे में आप क्या जानती है
- सवाल 6- पटना के सगुना स्थित अपार्टमेंट की जमीन कब कैसे और कितने में आपने खरीदा
- सवाल 7- अपार्टमेंट का निर्माण कब शुरू हुआ, निर्माण में लगी राशि का स्रोत क्या था

## चिंतन

# आखिर कब तक भड़कती रहेगी सांप्रदायिक हिंसा?

मानवता के मार्ग में हिंसा की कोई जगह नहीं है। राष्ट्र के सामाजिक विकास में कोई भी विभाजनकारी तत्व अवरोधक है। नागपुर में सांप्रदायिक हिंसा भारत की वसुधैव कुटुंबकम, सर्वे भवन्तु सुखिनः, अहिंसा परमो धर्मः, संवैधानिक सहिष्णुता छवि को दागदार बनाती है। सांप्रदायिकता और जातीयता की बुनियाद पर कोई भी राजनीति प्रगतिवादी नहीं हो सकती है। अगर एक अफवाह पर सांप्रदायिक हिंसा भड़कती है, तो यह किसी भी समाज, राष्ट्र के लिए खतरे की घंटी है। ऐसे संगठन, लोग किसी भी राज्य, देश के लिए हितकारी नहीं हो सकते, जिनके लक्ष्य विभाजनकारी हैं। चाहे हिंदू हों या मुस्लिम, एक फिल्म से या किसी अफवाह से अपना विवेक खो देते हैं, तो ऐसे लोग कम से कम अपने धर्म को नहीं समझते। कोई भी धर्म हिंसा की शिक्षा नहीं देता। भारत की सभ्यता विश्व की सबसे पुरानी है। भारतीय संस्कृति पांच हजार वर्ष पुरानी है। इसकी बुनियाद बहुत मजबूत है। भारत ने अतीत में विभिन्न तरह की कड़वाहट को झेला है। विदेशी मुस्लिम आक्रांता आए, इस्लाम लेकर आए, शासन किया। व्यापारी बनकर अंग्रेज आए, शासक बन गए, ईसाइयत का प्रचार किया, भारत का जी भरकर दोहन किया। लेकिन करीब नौ सौ वर्ष के काल में सनातन कभी कमजोर नहीं हुआ। सनातन व इसकी सांस्कृतिकता की छवि को विभ्रमित करने की सचेष्ट कोशिश जरूर हुई, लेकिन कभी किसी को सफलता नहीं मिली। भारत का राजनीतिक अतीत रक्तरंजित है, विवादों से भरा हुआ है, महिमामंडित है और गलत-सही तथ्यों से शब्दित है। इसलिए अतीत की कब्र खोदने से हमें निराशा ही मिलेगी। कोई भी अतीत वर्तमान के न्याय का आधार नहीं हो सकता। भारत हमेशा भविष्योन्मुखी देश व समाज रहा है, जहां सभी वर्ग, वर्ण, धर्म के लोगों ने जगह पाई है। भिन्नता, बहुलता, बहुसांस्कृतिकता, बहुधर्मिता, बहुजातीयता भारत की खूबी भी हैं और ताकत भी हैं। सांप्रदायिकता और जातीयता की राजनीति से अगर भारत की इस खूबी व ताकत को कमजोर करने की कोशिश होगी तो अंततः राष्ट्र ही कमजोर होगा। यूरोप ने अतीत में काफी हिंसा देखी, विश्व के अनेक हिस्सों में अतीत में अनेक हिंसक घटनाएं हुई हैं, सभी ने सबक सीखा, खुद को सभ्य बनाने की राह चुनी। आजादी के वक्त से ही भारत ने अनेक सांप्रदायिक व जातीय हिंसा को झेला है, तो क्या अब भारत सबक नहीं सीखेगा। धर्म के नाम पर लड़ाई होती रहेगा, खून बहता रहेगा, आखिर मानवता की स्थापना कब होगी? कौन करेगा, जब राजनीति चमकाने के लिए चंद लोग अतीत की कब्र खोदने में लगे हुए हैं। विश्व के श्रेष्ठ संविधान वाले देश भारत अपने संवैधानिक समानता, एकता, अखंडता, समरसता के लक्ष्यों को साकार कब करेगा? एक अफवाह भर से अगर हिंसा फैलती है, तो क्या लोग तलवार व भाले लेकर हमेशा बैठे रहते हैं? क्या हम इतने खून के प्यासे हो गए हैं? हम इतने आक्रोशित क्यों हैं? हमारी राजनीति देश को किस अंधकार में धकेल रही है? नागपुर की सांप्रदायिक हिंसा देश में पहली घटना नहीं है, देश में ऐसी हजारों घटनाएं हुई हैं, लाखों जानें गई हैं। बुद्ध, महावीर, नानक, कबीर, गांधी के देश में सांप्रदायिक आग क्यों भड़क रही है? क्या हम विभाजनकारी बुनियाद पर विकसित भारत बनाएंगे? सरकार को नागपुर हिंसा की जांच करनी चाहिए, दोषियों को कानून के कटघरे तक पहुंचानी चाहिए। किसी भी संगठन, गुट व लोग को समाज को सांप्रदायिक आग में झोंकने का हक नहीं मिलना चाहिए, इनके प्रति सरकार को कठोर होना चाहिए।



**विश्लेषण**
डॉ. एल.एस. यादव

# तेज हुआ बलूच आजादी आंदोलन

> भारत में आतंक फैलाकर निर्दोष लोगों की जान लेने वाले पाकिस्तान में आतंकवाद फैल गया है और आए दिन निर्दोष लोगों की जान जा रही है। पाकिस्तान के बलूचिस्तान में इन दिनों बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए), बलूच लिबरेशन फ्रंट (बीएलएफ) और बलूच रिपब्लिकन गाडर्स (बीआरजी) ने मिलकर पाकिस्तान व वहां तैनात चीनी सेना के जवानों की नाक में दम कर रखा है। इन संगठनों ने मिलकर 'बलोच नेशनल फ्रीडम मूवमेंट' चला रखा है अर्थात बलूचिस्तान की आजादी की लड़ाई एक साथ मिलकर लड़ना है। इन संगठनों ने इसी माह अपनी एकता कायम करते हुए निर्णय लिया था कि हमें पाकिस्तान के साथ-साथ चीन से अपने संसाधनों के शोषण को रोकना है।

जो दूसरों के लिए बुरा करता है उसके साथ भी कोई न कोई बुरा करता है। यह कहावत पाकिस्तान पर आजकल सही दिख रही है। भारत में आतंक फैलाकर निर्दोष लोगों की जान लेने वाले पाकिस्तान में आतंकवाद फैल गया है और आए दिन निर्दोष लोगों की जान जा रही है। पाकिस्तान के बलूचिस्तान में इन दिनों बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए), बलूच लिबरेशन फ्रंट (बीएलएफ) और बलूच रिपब्लिकन गाडर्स (बीआरजी) ने मिलकर पाकिस्तान व वहां तैनात चीनी सेना के जवानों की नाक में दम कर रखा है। इन संगठनों ने मिलकर 'बलोच नेशनल फ्रीडम मूवमेंट' चला रखा है अर्थात बलूचिस्तान की आजादी की लड़ाई एक साथ मिलकर लड़ना है। इन संगठनों ने इसी माह की शुरुआत में ही अपनी एकता कायम करते हुए यह निर्णय लिया था कि हमें पाकिस्तान के साथ-साथ चीन से अपने संसाधनों के शोषण को रोकना है और इसके लिए दोनों के खिलाफ अपने अभियानों को ज्यादा तेज करना होगा।

इसके कुछ दिन बाद ही 11 मार्च को बलूचिस्तान के कच्छ जिले के आब-ए-गम इलाके के पास सुरंग में जाफर एक्सप्रेस ट्रेन पर कुछ बंदूकधारियों ने हमला करके गोलीबारी की और उसे अपने कब्जे में ले लिया। इस हमले की जिम्मेदारी बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने ली और दावा किया कि उनकी गोलीबारी में 30 लोग मारे गए तथा 214 यात्रियों को बंधक बना लिया है। यह ट्रेन क्वेटा से खैबर पख्तूनख्वा के पेशावर जा रही थी। इसमें तकरीबन 500 यात्री सवार थे। इस रेल लाइन पर 17 सुरंगें हैं और रास्ता कठिन होने के कारण रेल की गति धीमी रहती है। इसी का फायदा बलूच लिबरेशन आर्मी ने उठाया। इस घटना के बारे में बलूचिस्तान की सरकार ने बताया कि 80 यात्रियों को बचा लिया गया है जिनमें 43 पुरुष, 26 महिलाएं व 11 बच्चे हैं। इसके अलावा सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 13 हमलावर मारे गए। पाकिस्तान इस घटना के बाद से दूसरे देशों पर आरोप मढ़ने में जुटा हुआ है।

13 मार्च को पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता शफकत अली खान ने अपनी साप्ताहिक प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि भारत पाकिस्तान में आतंकवाद में शामिल रहा है। जाफर एक्सप्रेस पर हमले के समय आतंकी अपने हैंडलर्स और अफगानिस्तान में रिंग लीडर्स के संपर्क में थे। इन आरोपों को बेतुका बताते हुए भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हम पाकिस्तान द्वारा लगाए गए निराधार आरोपों को सख्ती से खारिज करते हैं। पूरी दुनिया जानती है कि वैश्विक आतंकवाद का केन्द्र कहां है। पाकिस्तान को दूसरों पर उंगली उठाने के बजाय अपना आत्मनिरीक्षण करना चाहिए। उल्लेखनीय है पाकिस्तान सरकार और सेना इस घटनाक्रम में बलूच विद्रोहियों से निपटने में नाकामयाब दिखी है।

पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने दावा किया उन्होंने जाफर एक्सप्रेस को हाईजैक करने वाले 33 बीएलए विद्रोहियों को खत्म कर दिया है लेकिन सफल ऑपरेशन की कोई तस्वीर तक जारी नहीं की। अभी जाफर एक्सप्रेस की घटना से पाकिस्तानी सेना उबर भी नहीं पाई थी कि बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के विद्रोहियों ने 16 मार्च को बलूचिस्तान प्रान्त के नोशकी जिले में



पाकिस्तानी सेना के काफिले पर अचानक हमला करके बड़ी संख्या में सैनिकों को मार दिया। यह काफिला क्वेटा से कफ्तान जा रहा था। बीएलए के दावे के मुताबिक 90 सैनिकों को मार दिया गया। बीएलए ने हमले की जिम्मेदारी लेते हुए वीडियो भी जारी किया है। वहीं दूसरी तरफ पाकिस्तानी पुलिस ने हमले में तीन सैनिकों व दो नागरिकों के मारे जाने तथा 30 जवानों के घायल होने की पुष्टि की है। बीएलए के द्वारा जारी बयान में कहा गया कि उसके आत्मघाती दस्ते मजीद ब्रिगेड ने नोशकी में रखशन मिल के पास पाकिस्तानी सेना के काफिले को निशाना बनाया। इस काफिले में आठ बसें थीं जिसमें एक बस पूरी तरह ध्वस्त हो गई।

दूसरी बस को फतेह ब्रिगेड ने घेर लिया और उसके सभी जवानों को मार दिया। दरअसल बलूच अपनी आजादी के लिए अभियान चलाये हुए हैं। सन् 1947 से पहले ही भारत व पाकिस्तान की तरह बलूचिस्तान में भी आजादी की मांग तेज हो गई थी। 4 अगस्त 1947 को दिल्ली में हुई मीटिंग में माउंटबैटन के साथ कलात के वकील के रूप में मोहम्मद अली जिन्ना थे जिन्होंने कलात, खरान, लास बेला व मकरान को मिलाकर बलूचिस्तान बनाने का सुझाव दिया था। बाद में जिन्ना इससे पलट गए लेकिन कलात के खान ने 12 सितम्बर 1947 को बलूचिस्तान को आजाद देश घोषित कर दिया। 26 मार्च 1948 को पाकिस्तानी सेना वहां घुस गई और इसे अपने आधिपत्य में ले लिया।

इसके बाद सन् 2000 तक बलूचियों ने चार बार पाकिस्तानी सरकार के खिलाफ विद्रोह किया लेकिन हर बार इसे दबा दिया गया। सन् 2005 में अकबर बुगती के नेतृत्व में पाकिस्तान के खिलाफ विद्रोह तेज हो गया। 26 अगस्त 2006 को बुगती व उनके साथियों की हत्या कर दी गई। बुगती के बाद बलूच लीडर गिरी को भी मार दिया गया। इसके बाद 2009 से वहां के लोगों को गुप्त रूप से निशाना बनाना शुरू किया गया। तब से अब तक बड़ी संख्या में बलूचों को या तो मार दिया गया या फिर उन्हें गायब कर दिया गया। बलूच विद्रोहियों की शुरू से यही मांग रही है कि पाकिस्तानी सेना बलूचिस्तान को खाली कर दे। उनके सभी नेताओं को बिना शर्त रिहा कर दिया जाए। इसके अलावा बलूचिस्तान में चल रहे चीन के सभी प्रोजेक्ट बंद कर दिए जाएं। बलूचिस्तान पाकिस्तान का सबसे बड़ा प्रान्त है। यह पाकिस्तान के राजस्व का प्रमुख स्रोत है। इस इलाके में गैस, यूरेनियम, सोना, तांबा व अन्य धातुओं के विशाल भंडार हैं। आधे पाकिस्तान की गैस आपूर्ति यहीं से होती है। बलूचिस्तान के लोग इसे अपने संसाधनों की लूट बताते हैं।

बलूचिस्तान, चीन-पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर का प्रमुख हिस्सा है जो बेल्ट एंड रोड इनीशिएटिव का एक भाग है। बलूचिस्तान में ही ग्वादर बंदरगाह है जिसका विकास चीन के हाथों में है। चीन अपने शिनजियांग से ग्वादर को जोड़ने के लिए अब तक 46 अरब डॉलर खर्च कर चुका है। चीन की इस घुसपैठ से बलूच नाराज हैं और विरोध में आन्दोलन चला रहे हैं। उपर्युक्त विवेचन यह स्पष्ट करता है कि बलूचिस्तान पाकिस्तान के हाथ से निकलने वाला है। पाकिस्तान की सैन्य ताकत की पोल पिछले कुछ वर्षों से लगातार खुलती चली आ रही है और सुरक्षा बलों की स्थिति दिन प्रतिदिन खराब होती जा रही है। पाकिस्तान के लिए वर्ष 2009 सबसे खराब रहा था जब उसके 1012 सुरक्षा कर्मी मारे गए थे। साल 2012 में 734 तथा वर्ष 2024 में 754 सुरक्षा कर्मी मारे गए। चालू वर्ष 2025 के शुरुआती दो महीनों में सुरक्षा बलों के जवानों के मारे जाने की संख्या में 134 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है और 222 सुरक्षा कर्मी मारे जा चुके हैं। यह औसत इस वर्ष सारे रिकार्ड तोड़ सकता है।

(लेखक सैन्य विज्ञान के प्राध्यापक रहे हैं, ये उनके अपने विचार हैं। लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।)

## विमर्श
राधा रमण



# राजनीति में अपराधीकरण पर रोक लगे

वैसे तो देश की राजनीति में 1957 के चुनाव में ही बूथ कैप्चरिंग की पहली वारदात बिहार के मुंगेर जिला (अब बेगुसराय जिला) के मटिहानी विधानसभा चुनाव में हो गई थी। उस समय दबंगों ने जबरदस्ती बूथ पर कब्जा कर अपने पक्ष में लोगों के वोट डलवा लिए थे। हालांकि उस काले अध्याय की चर्चा आज तक होती है। बाद के दिनों में बूथ कैप्चरिंग की वारदातें लगातार बढ़ती गईं। राजनीति जिसकी लाठी, उसकी भैंस सरीखी हो गई। राजनीति में अपराधियों के पदार्पण की मूल वजह भी यही है। वरना आजादी के बाद की राजनीति इतनी खराब नहीं थी। सियासत के क्षेत्र में अच्छे लोग सक्रिय थे जो समाज का भला-बुरा सोचते थे। किसान नेता, पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह अक्सर कहा करते थे कि बेटी की शादी अगर गलत घर में हो जाए तो परिवार बर्बाद हो जाता है, लेकिन वोट अगर गलत व्यक्ति को मिल जाता है तो समाज खराब हो जाता है। क्या आज की राजनीति को आप अच्छी और आज के समाज को आप अच्छा समाज कहना चाहेंगे? पिछले करीब चार दशक से राजनीति के अपराधीकरण को लेकर सभी दलों के नेता हो-हल्ला मचाते रहे हैं। संसद और विभिन्न राज्यों की विधानसभाओं में भे यह मसला सिर चढ़कर बोलता रहा है। लेकिन सही बात तो यह है कि नेता खुद भी नहीं चाहते कि राजनीति साफ-सुथरी हो। राजनीति को समाज सेवा का दर्जा दिया गया है लेकिन आजादी के बाद से हमारे समाज सेवकों की सम्पत्ति में अकूत वृद्धि हुई है। अगर, मेरी बात पर भरोसा न हो तो सरकार किसी न्यायिक आयोग से सभी नेताओं की जो किसी सदन के सदस्य रहे हों, उनकी सम्पत्ति की जांच क्यों नहीं करा लेती। दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। एक बार विधायक या सांसद क्या बन गए, नेताओं की सम्पत्ति रॉकेट की रफ्तार से बढ़ जाती है। मंत्रियों का तो कहना ही क्या! हद तो यह कि समाज सेवा के नाम पर उन्हें टैक्स में छूट भी मिलती है। और तो और, सांसद-विधायक जब चाहते हैं अपनी तनख्वाह में मनमानी वृद्धि कर लेते हैं। आज तक इस मामले में किसी सदन में कभी विरोध की बात नहीं देखी-सुनी गई। गजब तो यह कि यदि कोई व्यक्ति लोकसभा, राज्यसभा, विधानसभा और विधान परिषद् चारों सदनों का सदस्य रहा हो तो किसी सदन की सदस्यता नहीं रहने पर वह चारों सदनों के एक साथ पेंशन का हकदार हो जाता है। जबकि निजी सेक्टर में काम करने वाले और जीवन खपाने वाले लोग बुढ़ापे में पाई-पाई के मोहताज हो जाते हैं। आज भी लालू प्रसाद और आनन्द मोहन जैसे न जाने कितने लोग सजायाफ्ता होने के बावजूद प्रतिमाह लाखों रुपये पेंशन के ले रहे हैं। मुझे कहने दीजिए कि इस मामले में राजनीतिक दलों में गजब की एकता है -'हमाम में सभी नंगे हैं' की उक्ति चरितार्थ होती है। हाल ही में सजायाफ्ता सांसदों-विधायकों समेत अन्य नेताओं के चुनाव लड़ने पर आजीवन प्रतिबंध लगाने संबंधी जनहित याचिका पर केन्द्र सरकार द्वारा दिया गया हलफनामा गौर करने लायक है। याचिका भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय सदस्य वरिष्ठ अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की थी। इस पर सरकार का कहना है कि 'याचिका में जो अनुरोध किया गया है वह संविधान को फिर से लिखने या संसद को एक विशेष तरीके से क़ानून बनाने का आदेश देने के समान है, जो न्यायिक समीक्षा संबंधी उच्चतम न्यायालय की शक्तियों से पूरी तरह परे है। इस तरह की योग्यता तय करना केवल संसद के अधिकार क्षेत्र में आता है।'सरकार द्वारा शीर्ष अदालत में दाखिल हलफनामे में कहा गया है कि आजीवन प्रतिबंध लगाना उपयुक्त होगा या नहीं, यह पूरी तरह संसद के अधिकार क्षेत्र में आता है। दंड के क्रियान्वयन को एक उपयुक्त समय तक सीमित कर, रोकथाम सुनिश्चित की गई है और अनावश्यक कठोर कार्रवाई से बचा गया है। सरकार ने कहा कि यह क़ानून का स्थापित सिद्धांत है कि दंड या तो समय या मात्रा के अनुसार निर्धारित होते हैं। सरकार ने अपने हलफनामे में कहा कि 'अदालत ने निरंतर यह कहा है कि एक विकल्प या दूसरे पर विधायी विकल्प की प्रभावकारिता को लेकर अदालतों में सवाल नहीं उठाया जा सकता।' जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 8 (1) के तहत, अयोग्यता की अवधि दोषसिद्धि की तारिख से छह साल या कारावास के मामले में रिहाई की तारीख से छह साल तक है। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 11 के तहत चुनाव आयोग के पास ताकत है कि वह किसी मामले में इस अवधि को कम या पूरी तरह हटा सकता है। धारा 8 कहती है कि किसी विधायक या सांसद को दो साल या उससे अधिक की सजा होती है तो वह सजा पूरी करने के बाद छह साल तक चुनाव नहीं लड़ सकता है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# ईश्वर अनायास ही करते हैं हमारा कल्याण



संकलित
**दर्शन**

मनुष्य जब कुछ चाहता है, तो उसे अभाव का अनुभव होता है; परंतु उस अभाव की पूर्ति किस वस्तु से होगी, वह इसे नहीं जानता। बस, उसे विश्वास होता है कि जिस वस्तु से मेरे अभाव की पूर्ति होगी, उसको भगवान जानते हैं और इसलिए वह उस अज्ञात वस्तु के लिए भगवान पर निर्भर करता है। जैसे छोटा शिशु बिस्तर पर पड़ा रोता है, उसे कोई कष्ट है- जाड़ा लग रहा है, मच्छर काट रहे हैं या और कोई पीड़ा है। वह यह नहीं जानता कि किस वस्तु की प्राप्ति होने पर मेरा संकट दूर होगा- वह केवल मां को जानता है और रोकर मां को बुलाता है। मां आकर स्वयं पता लगाती है कि बच्चा क्यों रो रहा है और पता लगाकर स्वयं उसके कष्ट निवारण का उपाय करती है। इसी प्रकार इस अवस्था में भक्त अपने लिए उपयोगी अज्ञात फल के लिए भगवान पर निर्भर करता है और उन्हीं की कृपा से कल्याणकारी फल को प्राप्त करके संतुष्ट होता है। इसमें फलरूप वस्तु का निर्णय भगवान करते हैं, इस दृष्टि से निर्भरता का यह स्तर ऊंचा होने पर भी सकाम भाव होने के कारण यह भी वस्तुत आंशिक ही है। इसके बाद उन भक्तों की बात है, जो केवल भगवान को ही प्राप्त करना चाहते हैं और उसके लिए भगवान पर ही निर्भर करते हैं। इनके लिए भी बिल्ली के बच्चे और छोटे शिशु के उदाहरण दे सकते हैं। ये केवल चिंतन परायण रहते हैं, उसका फल भगवान की प्राप्ति कब होगी, क्यों कर होगी? इस बात को भगवान पर ही छोड़ देते हैं, और वास्तव में यों सब कुछ भगवान पर छोड़ने वाले बड़े लाभ में ही रहते हैं।

# अच्छी बातों से मिलता है लाभ



संकलित
**प्रेरणा**

महात्मा बुद्ध का प्रवचन सुनने एक युवक प्रतिदिन आता था। कई दिनों तक प्रवचन सुनने के बाद युवक को लगा कि वह लगातार प्रवचन सुनने आ रहा है लेकिन इसके बावजूद उसके जीवन में कोई परिवर्तन नहीं आ रहा है। जैसा वह पहले था, वैसा ही वह अब है। इसका क्या कारण है। बहुत सोचने के बाद वह इस नतीजे पर पहुंचा कि उसे इस संबंध में बुद्ध से चर्चा करनी चाहिए। यह सब सोचकर वह युवक अगले दिन बुद्ध के पास गया और अपनी शंका के बारे में बताते हुए कहा कि वह रोज उनके प्रवचन सुनने आता है लेकिन इसके बावजूद उसके जीवन में कोई परिवर्तन नहीं आया है। आखिर इसका क्या कारण है कि उसे उनके प्रवचनों को कोई लाभ क्यों नहीं मिल रहा है। तथागत उस युवक की बात बहुत शांत भाव से सुनते रहे। जब वह युवक अपनी बात कह कर चुप हुआ तो बुद्ध कुछ क्षण मौन रहे। फिर उन्होंने मुस्कराते हुए उस युवक से पूछा कि वह कहां रहता है? युवक ने कहा कि वह श्रावस्ती रहता है। उसका जवाब सुनकर तथागत ने फिर पूछा कि वह यहां आता कैसे है? युवक ने कहा कि वह कभी पैदल आता है तो कभी उसे किसी सवारी का साधन मिल जाता है, जिसके सहारे वह यहां तक पहुंच जाता है। बुद्ध ने फिर उस युवक से पूछा कि वह यहां से अपने घर जाता कैसे है? युवक ने बुद्ध से कहा कि जैसे वह यहां आता है, उसी प्रकार वह यहां से जाता है। बुद्ध ने मुस्कराते हुए उस युवक से पूछा कि क्या वह यहां बैठे-बैठे अपने घर नहीं जा सकता?

## अंतर्मन




## आज की पाती

### नालियां जाम, मच्छर बढ़े

सेजबहार हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में सफाई व्यवस्था चरमा गई है। छोड़ी सी कालोनी और समस्याएं ढेर सारी हैं। समिति के जिम्मे साफ-सफाई और मेंटेनेंस का जिम्मा है। पहले हाउसिंग बोर्ड के जिम्मे होता था, तो महीने में हर गली की सफाई हो जाती है। अब शुल्क लेने के बाद भी साल में एक या दो बार गालियों की सफाई होती है। ऐसे में गालियां जाम हैं और पानी का जमाव होने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। जब तक कोई शिकायत न हो, लोग हाथ पर हाथ धरे बैठे रहते हैं।

*- राजेंद्र कुमार, सेजबहार*

## ट्रेंड

### दिल्ली का विकास



हमारा एक ही लक्ष्य है- दिल्ली की प्रगति, समृद्धि और विकास। इस सदन का उपयोग करते हुए हम पक्ष -विपक्ष को साथ लेकर चलेंगे। सभी का सहयोग लेते हुए सकारात्मक माहौल में चर्चा करेंगे और दिल्ली का विकास व प्रगति सुनिश्चित करेंगे।
**-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली**

### अराजक तत्वों पर कार्रवाई




महाराष्ट्र में किसी की भी कब्र व मजार आदि को क्षति पहुंचाना ठीक नहीं, क्योंकि इससे आपसी भाईचारा, शांति और सौहार्द आदि बिगड़ रहा है। सरकार ऐसे मामलों में खासकर नागपुर के अराजक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करे वरना हालात काफी बिगड़ सकते हैं, जो ठीक नहीं।
**-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र**

### ओबीसी आरक्षण बढ़ाया



कांग्रेस सरकार ने तेलंगाना में ओबीसी आरक्षण बढ़ाने का वादा पूरा कर दिया है। सामाजिक न्याय की दिशा में यह वाकई एक क्रांतिकारी कदम है। तेलंगाना ने रास्ता दिखा दिया है, यही पूरे देश की ज़रूरत है।
**-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद**

### अडोलसीन्स सीरीज



नेटफलिक्स की अडोलसीन्स एक ऐसी सीरीज है जो वास्तव में महान हो सकती है। यह आपको पात्रों के दिमाग में गहराई से डुबो देती है और आपको खुद पर चिंतन करने का मौका देती है।
**-शेखर कपूर, फिल्मकार**

## करंट अफेयर

# यूरोप में 1997 के बाद से खसरे का सबसे बुरा प्रकोप



विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक नयी रिपोर्ट के अनुसार, 1997 के बाद से यूरोप में खसरे के मामलों की संख्या सबसे अधिक है। साल 2024 में 127,350 मामले थे – जो 2023 की तुलना में लगभग दोगुना है। यूरोप के लिए डब्ल्यूएचओ के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. हंस हेनरी पी. क्लुगे ने कहा, /"खसरा वापस आ गया है और यह एक चेतावनी है। उच्च टीकाकरण दरों के बिना, कोई स्वास्थ्य सुरक्षा नहीं है। पिछले साल खसरे से 38 मौतें हुई थीं। इसका संक्रमण कोविड की तरह ही फैलता है। इसके संक्रमण के कारण हल्के मामलों में शरीर पर दाने आते हैं और बुखार होता है, जबकि गंभीर मामलों में इन्सेफलाइटिस (मस्तिष्क की सूजन), निमोनिया और अंधापन होता है। अस्पताल में भर्ती होने और मृत्यु की आशंका मुख्य रूप से उन लोगों में होती है, जिन्होंने टीके नहीं लिये हैं, तथा विकसित देशों में खसरे के मामलों में मृत्यु दर लगभग 1,000 में से एक से लेकर 5,000 में से एक तक होती है। खसरे से संक्रमित प्रत्येक व्यक्ति औसतन 12 से 18 अन्य लोगों में वायरस फैला सकता है। यह कोविड से ज़्यादा संक्रामक है। उदाहरण के लिए, कोविड के ओमिक्रॉन वैरिएंट से संक्रमित व्यक्ति वायरस को लगभग आठ अन्य लोगों में फैला सकता है।

## ऑफ बीट

# मातृ मृत्यु दर 33 अंक घटकर 2018-20 में 97 हो गई

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने राज्यसभा को बताया कि भारत ने 2020 तक मातृ मृत्यु अनुपात को घटाकर, प्रति लाख जीवित जन्म पर 100 करने का



राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 का लक्ष्य हासिल कर लिया है और 2030 तक इसे 70 करने के एसडीजी लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में अग्रसर है। उच्च सदन को एक प्रश्न के उत्तर में नड्डा ने बताया कि भारत के महा पंजीयक (आरजीआई) द्वारा जारी नमूना पंजीकरण प्रणाली के अनुसार, देश का वर्तमान मातृ मृत्यु अनुपात प्रति लाख जीवित जन्म पर 97 है। उन्होंने कहा कि एमएमआर 2014-16 में 130 था जो 2018-20 में 97 हो गया। इस प्रकार एमएमआर में 33 अंकों की उल्लेखनीय गिरावट आई है। नड्डा ने कहा, भारत ने 2020 तक राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 के,प्रति लाख जीवित जन्मों पर 100 एमएमआर का लक्ष्य हासिल कर लिया है और 2030 तक एमएमआर प्रति लाख जीवित जन्मों पर 70 का एसडीजी लक्ष्य हासिल करने की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने कहा कि भारत में एमएमआर में 83 प्रतिशत की गिरावट आई है, जबकि वैश्विक स्तर पर इसमें 42 प्रतिशत की कमी आई है। इसी तरह, भारत में पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु दर (यू5एमआर) में 75 प्रतिशत की कमी आई है।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

# बजाज ला रहा चेतक से भी सस्ता धांसू इलेक्ट्रिक स्कूटर, कीमत 90 हजार तक!

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बजाज ऑटो जल्द ही एक नया अफोर्डेबल इलेक्ट्रिक स्कूटर लांच करने की तैयारी कर रहा है, जो चेतक का एक किफायती वैरिएंट हो सकता है। हाल ही में इस नए इलेक्ट्रिक स्कूटर को भारतीय सड़कों पर टेस्टिंग के दौरान देखा गया है। स्पॉट किए गए मॉडल को कवर किया गया था, इसके बावजूद भी स्कूटर के कुछ खास डिजाइन और फीचर्स की डिटेल्स सामने आई है।

बजाज के सस्ते इलेक्ट्रिक स्कूटर में राउंड एलईडी हेडलाइट देखने को मिलती है। इसमें बिल्कुल चेतक की तरह क्लासिक लुक देने वाली सिंगल-पॉड एलईडी हेडलाइट मिलेगी। इसके अलावा नया टेललाइट सेटअप देखने को मिलता है। चेतक में जहां ड्यूल-टेललाइट होती है, वहीं नए मॉडल में सिंगल एलईडी टेललाइट दी जा सकती है। इसके साथ ही इसमें ओवल शेप्ड मिरर मिलता है। यह स्कूटर को एक प्रीमियम लुक देगा।बजाज के सस्ते इलेक्ट्रिक स्कूटर में कलर्ड डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर मिलता है। भारतीय बाजार में इसका सीधा मुकाबला ओला एस1 एक्स (89,999 रुपये), एथर 450एस (1.10 लाख), टीवीएस क्यूब (1.25 लाख) और हीरो विडा वी1 (1.25 लाख) जैसे इलेक्ट्रिक स्कूटर्स से होगा। अगर बजाज इस नए स्कूटर की कीमत 80,000 रुपये से 90,000 रुपये के बीच रखता है, तो यह ओला और एथर जैसे ब्रांड्स को कड़ी टक्कर दे सकता है।

## चेतक का एक किफायती वैरिएंट हो सकता है

### परफॉर्मेंस और बैटरी

बजाज के सस्ते इलेक्ट्रिक स्कूटर के टॉप स्पीड की बात करें तो यह स्कूटर 50 किमी/घंटा की टॉप स्पीड देने में सक्षम होगा। वहीं, इसमें मिलने वाली बैटरी और मोटर की बात करें तो इसमें हब-माउंटेड मोटर दी जाएगी, जो मिड-माउंटेड मोटर से सस्ती और एफिशिएंट होती है। चार्जिंग टाइम की बात करें तो उम्मीद है कि यह स्कूटर फास्ट चार्जिंग को भी सपोर्ट करेगा, जिससे इसे जल्दी चार्ज किया जा सके। इसके रेंज की बात करें तो ये प्रति चार्ज 60-80 किमी. की रेंज देने में सक्षम है। इसमें स्मार्ट कनेक्टिविटी के साथ फुली डिजिटल डिस्प्ले देखने को मिल सकता है। इसमें फ्रंट एप्रन हुक मिलता है।



### हार्डवेयर और सेफ्टी फीचर्स

*इसके फ्रंट में टेलिस्कोपिक फोर्क्स और पीछे ड्यूल शॉक एब्जॉर्बर सस्पेंशन होंगे। इसके ब्रेकिंग सिस्टम की बात करें तो इसके फ्रंट में डिस्क ब्रेक और रियर में ड्रम ब्रेक दिया जाएगा। इसके व्हील्स की बात करें तो इस स्कूटर में 12-इंच के टायर मिलेंगे, जिससे बेहतर ग्रिप और स्टेबिलिटी मिलेगी।*

## खबर संक्षेप



### टाटा मोटर्स अप्रैल से वाहनों की कीमतों में करेगी बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स ने अगले महीने से इलेक्ट्रिक वाहनों सहित अपने यात्री वाहनों की कीमतों में वृद्धि करने की मंगलवार को मंशा जाहिर की। कंपनी की ओर से इस साल यह दूसरी बढ़ोतरी होगी। टाटा मोटर्स ने बयान में कहा, मूल्य समायोजन कच्चे माल की बढ़ती लागत के प्रभाव को आंशिक रूप से संतुलित करने के लिए किया जा रहा है। मूल्य वृद्धि की सीमा मॉडल और संस्करण के आधार पर अलग-अलग होगी। कंपनी ने हालांकि प्रस्तावित मूल्य वृद्धि के बारे में विस्तार से कोई जानकारी नहीं दी।

### वेदांता का विभाजन चार नई कंपनियों में होगा

**नई दिल्ली।** वेदांता लिमिटेड के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने कहा कि कारोबार विभाजन से सृजित होने वाली चार नई कंपनियों में से प्रत्येक में 100 अरब डॉलर की कंपनी बनने की क्षमता है। विविध कारोबार में सक्रिय वेदांता लिमिटेड के प्रस्तावित विभाजन से प्रबंध संरचना, पूंजीगत ढांचे और रणनीतिक प्राथमिकताओं के साथ चार स्वतंत्र प्राकृतिक संसाधन-केंद्रित कंपनियां अस्तित्व में आएंगी। अग्रवाल ने इस संबंध में शेयरधारकों को लिखे पत्र में कहा कि प्रस्तावित विभाजन वेदांता को विशुद्ध रूप से केंद्रित कारोबार बनाने में किस तरह से मददगार साबित होगा।



### पीसी ज्वेलर कर्ज निपटान के लिए शेयर करेगी जारी



**नई दिल्ली।** पीसी ज्वेलर लिमिटेड ने कहा कि उसके निदेशक मंडल ने 1,510 करोड़ रुपये का कर्ज चुकाने के लिए कर्जदाताओं के एक समूह को तरजीही निर्गम के जरिये 51.71 करोड़ शेयरों के आवंटन की मंजूरी दे दी है। पीसी ज्वेलर लिमिटेड ने शेयर बाजार को दी एक सूचना में कहा कि उसके निदेशक मंडल ने 14 बैंकों वाले ऋणदाता समूह को निजी आवंटन के आधार पर तरजीही निर्गम के जरिये 51,71,14,620 इक्विटी शेयरों के आवंटन की मंजूरी दी है।

### केवाईसी के लिए बैंक ग्राहकों को बार-बार कॉल करने से बचे



**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बैंकों से कहा कि वे ग्राहकों को 'अपने ग्राहक को जानो'' (केवाईसी) दस्तावेजों के लिए बार-बार फोन करने से बचें। आरबीआई लोकपालों के वार्षिक सम्मेलन में मल्होत्रा ने स्पष्ट किया कि किसी भी वित्तीय नियामक की देखरेख वाली इकाई को दस्तावेज जमा करने से अन्य लोगों के लिए एक सामान्य डेटाबेस से उन तक पहुंचना संभव हो जाता है, और बार-बार अनुरोध करने को 'टालने योग्य असुविधा'' बताया।

### सेबी ने स्कोर्स के माध्यम से निपटाई शिकायतें



**नई दिल्ली।** पूंजी बाजार नियामक सेबी ने कहा कि उसने अपने शिकायत निवारण सुविधा मंच 'स्कोर्स'' के माध्यम से फरवरी में 4,986 शिकायतों का निपटारा किया है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने कहा कि फरवरी के अंत तक स्कोर्स पर आठ शिकायतें तीन महीने से अधिक समय से लंबित थीं। इनमें आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज, इंडियाबुल्स एआईएफ, इंडियनवेश रेनेसां ट्रस्ट, काइज़न ट्रस्ट और निखिल दयानंद बलजेकर जैसी इकाइयां शामिल हैं। सेबी के आंकड़ों के अनुसार, 31 जनवरी तक लंबित शिकायतों की संख्या 5,393 थी।

## एलआईसी के प्रमुख मोहंती ने जताया भरोसा

# एलआईसी का जल्द स्वास्थ्य बीमा व्यवसाय में होगा प्रवेश, 31 मार्च से पहले सौदे की घोषणा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

जीवन बीमा क्षेत्र की दिग्गज कंपनी एलआईसी के मुख्य कार्यकारी सिद्धार्थ मोहंती ने अगले दो सप्ताह में एक स्वास्थ्य बीमा कंपनी में हिस्सेदारी खरीदने का मंगलवार को भरोसा जताया। मोहंती ने इस स्वास्थ्य बीमा कंपनी का नाम न बताते हुए कहा कि एलआईसी इसके साथ बातचीत के अंतिम चरण में है और उम्मीद है कि 31 मार्च से पहले सौदे की अंतिम रूप से घोषणा हो जाएगी।

■ देश की सबसे बड़ी जीवन बीमा कंपनी है

देश की सबसे बड़ी जीवन बीमा कंपनी एलआईसी पिछले कुछ समय से स्वास्थ्य बीमा क्षेत्र में भी कदम रखने की संभावनाएं तलाश रही है। एलआईसी के मुखिया ने यहां आयोजित जीसीए25 कार्यक्रम में संवाददाताओं से कहा, ''स्वास्थ्य बीमा कारोबार में शामिल होना एलआईसी के लिए स्वाभाविक विकल्प है, चर्चा अंतिम चरण में है।''

### हिस्सेदारी कई कारकों पर निर्भर



*मोहंती ने कहा कि एलआईसी लक्षित कंपनी में 51 प्रतिशत या उससे अधिक की नियंत्रक हिस्सेदारी नहीं खरीदेगी। खरीदी जाने वाली हिस्सेदारी की सटीक मात्रा एलआईसी के निदेशक मंडल के निर्णय और मूल्यांकन जैसे कारकों पर निर्भर करेगी। मीडिया में आई कुछ रिपोर्ट के मुताबिक, एलआईसी 4,000 करोड़ रुपये के सौदे में मणिपाल सिग्ना कंपनी में हिस्सेदारी लेने पर विचार कर रही है।*

### खास बातें

- एलआईसी लक्षित कंपनी में नियंत्रक हिस्सा नहीं खरीदेगी
- एलआईसी 4,000 करोड़ रुपए में मणिपाल सिग्ना में ले सकती है हिस्सेदारी

### एलआईसी ने आरबीआई से लॉन्ग टर्म बांड मांगे

इसके अलावा मोहंती ने बताया कि एलआईसी ने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया से एडिशनल लॉन्ग टर्म बांड जारी करने की रिक्वेस्ट की है। एलआईसी ने पहले 40 साल के बांड की रिक्वेस्ट की थी, जिसे आरबीआई ने मंजूरी दे दी। अब, एलआईसी 50 साल और 100 साल के बांड के लिए आरबीआई के साथ चर्चा कर रही है।

### अनुबंध संबंधी हमारे पास दायित्व

मोहंती ने कहा, 'हम लॉन्ग टर्म इन्वेस्टर्स हैं। कॉन्ट्रैक्ट के अनुसार भुगतान करने के लिए हमारे पास कॉन्ट्रैक्चुअल ऑब्लिगेशन्स यानी अनुबंध संबंधी दायित्व हैं। इसलिए, मुझे निवेश और एसेट लायबिलिटी मैनेजमेंट को ठीक से मैनेज करना होगा। पश्चिमी देशों में लॉन्ग टर्म बांड हैं।' इससे पहले आरबीआई ने इंश्योरेंस और पेंशन फंड्स की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए 50 साल के बांड पेश किए थे।

### एलआईसी का तीसरी-तिमाही में मुनाफा 16 फीसदी बढ़ा

देश की सबसे बड़ी इंश्योरेंस कंपनी एलआईसी का वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में कॉन्सॉलिडेटेड नेट प्रॉफिट सालाना आधार पर 16 प्रतिशत बढ़कर 11,009 करोड़ रुपए रहा। एक साल पहले की समान तिमाही में कंपनी को 9,469 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ था।

### सालाना नेट प्रीमियम इनकम 9 फीसदी घटी

लाइफ इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ने 7 फरवरी को तीसरी तिमाही के नतीजे जारी किए थे। कंपनी की नेट प्रीमियम इनकम सालाना आधार पर 9 प्रतिशत घटी है। वित्तीय वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में नेट प्रीमियम इनकम 1.07 लाख करोड़ रुपए रही। एक साल पहले की समान तिमाही यानी वित्तीय वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में नेट प्रीमियम इनकम 1.17 लाख करोड़ रुपए रही थी। कंपनी का मार्केट कैप 5.16 लाख करोड़ रुपए है।

# मर्सिडीज अप्रैल में बढ़ाएगी अपने वाहनों के दाम: सीईओ



एजेंसी ▶▶| उदयपुर

मर्सिडीज-बेंज इंडिया के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) संतोष अय्यर ने मंगलवार को कहा कि अगर यूरो के मुकाबले रुपये में गिरावट जारी रही तो कंपनी अप्रैल में अपने वाहनों की कीमतों में बढ़ोतरी कर सकती है।

■ यूरो के मुकाबले रुपये में गिरावट जारी रही तो बढ़ोतरी होगी

कंपनी ने इस साल जनवरी में कीमतों में बढ़ोतरी की थी। उसका अनुमान है कि मांग में कमी के कारण लक्जरी कारों की बिक्री कम से कम दो तिमाहियों तक दबाव में रहेगी। अय्यर ने कहा, विनिमय दर की बात करें तो यह पिछले 20 दिन में वास्तव में थोड़ा चिंताजनक रहा है, क्योंकि यूरो पहले ही 95 रुपये के स्तर पर पहुंच चुका है और हमने कारों की कीमत 90 रुपये के स्तर के हिसाब से तय की है। इस तरह इसमें उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और अगर यह रुझान जारी रहा तो अप्रैल में कीमतों में बढ़ोतरी हो सकती है। भारतीय रुपये के मुकाबले यूरो की विनिमय दर में इस साल लगातार गिरावट हुई है।

### वृद्धि की गति जारी रहेगी

सीईओ ने कहा कि कंपनी को विदेशी मुद्रा विनिमय दर में किसी भी प्रतिकूल उतार-चढ़ाव पर प्रतिक्रिया करनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि कंपनी को उम्मीद है कि साल की शुरुआत में घरेलू बाजार में वृद्धि की गति जारी रहेगी, लेकिन भू-राजनीतिक स्थिति समग्र ग्राहक धारणा को प्रभावित कर रही है।


विज्ञापन

# सरिस्का मक्का खल

## बिलासपुर (कोरबा) में सरिस्का मक्का खल की भारी मांग बढ़ी

## देश में गुणवत्ता उत्पादन में सबसे आगे

### मवेशी अधिक दूध और अच्छी वसा देते हैं, फैट की मात्रा और दूध उत्पादन बढ़ने से किसानो की आमदनी बढ़ती है



पशुओं को सरिस्का मक्का खल खिलाने से दूध के साथ–साथ घी और मक्खन भी बढता है और पशुपालकों की आय में वृद्धि होती। सरिस्का मक्का खल पशुओं को खाना पसंद है पशुओं को सरिस्का मक्का खल खिलाने से पशुपालकों की 10% आमदनी बढी है। पशुपालक अब जागरुक हो गये हैं वे पशुओ के स्वास्थ के लिए अच्छी गुणवत्ता वाला खल खिलाता हैं। सरिस्का मक्का खल दूध को और पौष्टिक बनाता है, दूध बेचने वाले किसानों को फायदा होता है। किसान 5 रुपये अधिक खर्च करके 40 रुपये अधिक कमाता है। सरिस्का मक्का खल गुणवत्ता और मात्रा के कारण पूरे देश में नम्बर 1 उत्पादक है, देश भर में इससे बेहतर क्वालिटी नही, सरिस्का मक्का खल क्वालिटी से समझौता नहीं करती, पशुपालकों को सरिस्का मक्का खल पर 100% विश्वास है क्योकि इससे बेहतर कोई खल नहीं। पशुपालक हमेशा सरिस्का मक्का खल चाहते हैं। Google पर सर्च करके भी सरिस्का मक्का खल के बारे में जानकारी प्राप्त की जा रही है। विज्ञापन आपके उत्पाद को एक बार बेचता है लेकिन गुणत्तवा व क्वालिटी अच्छी नही हो तो सामान दोबारा नहीं बिकता। दूध किसानों को जागरुक करने में 200% कामयाबी मिली है। सरिस्का मक्का खल में 12% से 14% अधिक तेल है जो बिनोला और अन्य खल से अधिक है। अतः दूध में अधिक वसा कि मात्रा बढने से पशुपालकों को अधिक कीमत मिलती है। 1 किलो मक्का खल में पानी सोखने की क्षमता 8 किलो होती है जो दूसरे खल की तुलना में तीन गुना अधिक है।


सदाशिव पशु आहार उद्योग, (कोरबा) श्याम सुन्दर अग्रवाल - 9425532038


# ज्यादातर भारतीय लंबी अवधि के निवेशक : एनएसई सीईओ

**नई दिल्ली।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) आशीष कुमार चौहान ने कहा कि ज्यादातर भारतीय लंबी अवधि के निवेशक हैं।

■ 11 करोड़ भागीदारों में केवल दो प्रतिशत ही सक्रिय

उन्होंने कहा कि 11 करोड़ बाजार भागीदारों में केवल दो प्रतिशत ही सक्रिय रूप से वायदा-विकल्प में कारोबार करते हैं। इससे देश में अनुशासित, टिकाऊ निवेश की बढ़ती संस्कृति का संकेत मिलता है। उन्होंने कहा, ''11 करोड़ बाजार भागीदारों में केवल दो प्रतिशत ही सक्रिय रूप से वायदा-विकल्प में कारोबार करते हैं। अधिकांश दीर्घकालिक निवेश के लिए प्रतिबद्ध हैं।'' सिंगापुर में हाल ही में एक समूह चर्चा में उन्होंने इस धारणा को खारिज किया कि भारत का शेयर बाजार मुख्य रूप से सट्टा व्यापार से प्रेरित है। एनएसई ने एक बयान में कहा कि इस दौरान चौहान ने उभरते वित्तीय परिदृश्य, प्रौद्योगिकी संचालित पूंजीवाद के उदय और वैश्विक बाजारों की बढ़ती जटिलताओं के बारे में जानकारी दी।



# एलजी और इनोविजन को आईपीओ लाने की मंजूरी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दक्षिण कोरिया की कंपनी एलजी की अनुषंगी कंपनी एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड और मानव संसाधन एवं टोल प्लाजा प्रबंधन सेवा प्रदाता इनोविजन लिमिटेड को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये धन जुटाने के लिए सेबी की मंजूरी मिल गई है।

■ दोनों ही कंपनियों ने दिसंबर में दाखिल किए थे दस्तावेज

पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की ओर से मंगलवार को दी गई जानकारी के अनुसार, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया और इनोविजन ने सेबी के समक्ष आईपीओ लाने के लिए दिसंबर में दस्तावेज दाखिल किए थे। दोनों को क्रमशः 13 मार्च तथा 12 मार्च को नियामक से इसके लिए मंजूरी मिली। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड की ओर से दाखिल दस्तावेज के अनुसार आईपीओ में कंपनी की मूल कंपनी 10.18 करोड़ से अधिक शेयर यानी अपनी 15 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचेगी। कंपनी ने कुल निर्गम आकार का खुलासा नहीं किया, लेकिन मामले से परिचित लोगों ने आईपीओ का आकार 15,000 करोड़ रुपये आंका है। दूसरी ओर, इनोविजन का प्रस्तावित आईपीओ 255 करोड़ रुपये के नए निर्गम और प्रवर्तकों रणदीप हुंदल तथा उदय पाल सिंह के 17.72 लाख शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन है।



### सेबी ने नीलसॉफ्ट के आईपीओ को लौटाया

इस बीच, सेबी ने प्रौद्योगिकी आधारित इंजीनियरिंग सेवा एवं समाधान कंपनी नीलसॉफ्ट के आईपीओ के मसौदे को बिना कोई कारण बताये 10 मार्च को लौटा दिया। कंपनी ने आईपीओ लाने के लिए सेबी के समक्ष दिसंबर में प्रारंभिक दस्तावेज दाखिल किए थे।

# रिलायंस ने रूसी तेल अमेरिका को बेच कमाए 72.4 करोड़ डॉलर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अरबपति मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने पिछले एक साल में रूसी कच्चे तेल से बने ईंधन का अमेरिका को निर्यात कर 72.4 करोड़ यूरो (लगभग 6,850 करोड़ रुपये) कमाए हैं। एक यूरोपीय शोध संस्थान की रिपोर्ट में यह जानकारी दी है।

■ एक यूरोपीय शोध संस्थान ने जारी की रिपोर्ट

'सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर' (सीआरईए) ने अपनी रिपोर्ट में कहा, ''जनवरी, 2024 से जनवरी, 2025 के अंत तक अमेरिका ने रूसी कच्चे तेल का प्रसंस्करण करने वाली भारत और तुर्की स्थित छह रिफाइनरियों से 2.8 अरब यूरो का रिफाइन तेल आयात किया।



रूसी कच्चे तेल की रिफाइनिंग से 1.3 अरब यूरो की आय होने का अनुमान है।'' रिपोर्ट के मुताबिक, गुजरात के जामनगर स्थित रिलायंस की दो रिफाइनरियों से पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधन का अमेरिकी आयात दो अरब यूरो का था। इसमें से 72.4 करोड़ यूरो रूसी कच्चे तेल से परिष्कृत होने का अनुमान है। सीआरईए की इस रिपोर्ट पर टिप्पणी के लिए रिलायंस को भेजे गए ईमेल का अभी तक कोई जवाब नहीं मिला है। फरवरी, 2022 में यूक्रेन पर हमले के बाद रूस पर पश्चिमी देशों और अमेरिका ने कई तरह के प्रतिबंध लगा दिए थे। हालांकि, रूसी कच्चे तेल की रिफाइनिंग से तैयार डीजल जैसे ईंधन के निर्यात पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाए गए थे।

### नायरा एनर्जी ने 18.4 करोड़ यूरो का ईंधन निर्यात किया

गुजरात के वाडिनार में रूस की रोसनेफ्ट-समर्थित नायरा एनर्जी की दो करोड़ टन प्रति वर्ष की रिफाइनरी है। इस रिफाइनरी ने जनवरी, 2024 और जनवरी, 2025 के बीच अमेरिका को 18.4 करोड़ यूरो का ईंधन निर्यात किया। सीआरईए ने कहा कि इसमें से 12.4 करोड़ यूरो रूसी कच्चे तेल से परिष्कृत होने का अनुमान है।

# रुपया 26 पैसे की बढ़त के साथ 86.55 प्रति डॉलर

मुंबई। घरेलू शेयर बाजारों में तेजी और अमेरिकी मुद्रा के कमजोर रुख के बीच रुपया मंगलवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में मजबूत हुआ और 26 पैसे की बढ़त के साथ 86.55 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिका में निराशाजनक आर्थिक आंकड़ों के कारण डॉलर में गिरावट आई। इसके अलावा एशियाई मुद्राओं की मजबूती ने भी रुपये को सहारा दिया। हालांकि, कच्चे तेल की कीमतों में उछाल ने स्थानीय मुद्रा की बढ़त को सीमित कर दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपये में भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। यह डॉलर के मुकाबले 86.71 पर खुला और फिर इसने 86.54 के उच्चस्तर और 86.78 के निचले स्तर को छुआ।




**CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.**
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015821

NO.021-1710/PUBLICATION/1093 Korba West, dtd. 17-03-2025

**TENDER NOTICE No.308/2025. (e-Bidding)**

**Online tenders** are invited from experienced & prospective bidders for the following Works:

| S. No | Tender No. | Particulars | Cost of tender doc. | E.M.D. (Rs.) | Last date and time of submission |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RFX No. 8100042126 | Short Shutdown of Rotary Secondary Air Pre-Heaters of 1x500 MW, BHEL Make Boiler of Unit No. 05, HTPS, Korba West. | 590/- | 6,875/- | 07.04.2025 |
| 2. | RFX No. 8100042004 | Deployment of One No. Vehicle (Cat-SUV) for E.E. (BMD-III, PP&M) and E.E. (TMD-III, TMD-III/ BOP), 1x500 MW, HTPS, KWB. | 590/- | 6,285/- | 07.04.2025 |
| 3. | RFX No. 8100042129 | Short Shutdown of Duct & Dampers-B side of 1x500 MW BHEL Make Boiler of Unit No. 05 of HTPS, Korba West. | 590/- | 8,735/- | 07.04.2025 |
| 4. | RFX No. 8100042131 | Short Shutdown of Primary Air Pre-Heaters of 1x500 MW, BHEL Make Boiler of Unit No. 05, HTPS, Korba West. | 590/- | 8,735/- | 07.04.2025 |

NOTE: - 1. Payment of Tender cost & EMD shall be done online through e-bidding portal. The tender documents can be seen from our website **www.cspc.co.in– e-Bidding**. **2. Quantity as per tender schedule.**

SUPERINTENDING ENGINEER (C-II)
O/o THE ADDL. CHIEF ENGINEER (S&P)HTPS, CSPGCL, KORBA WEST

SAVE ENERGY FOR THE BENEFIT OF SELF & NATION



**BEFORE THE HON'BLE HIGH COURT OF CHHATTISGARH AT BILASPUR.**
**CAVEAT APPLICATION NO.........../2025/W.P.(S/C) No......./2025**

**CAVEATOR/APPLICANT** — Chhattisgarh State Power Transmission Co.Ltd. Through its Dy. Gen. Manager (HR), Vidhyut Seva Bhawan, Dangania, Raipur, Raipur Dist, CG State Pin 492013

**Versus**

Non Applicants. — Any member of the public or individuals or any officers/employee of power companies

APPLICATION UNDER SECTION 148A OF CIVIL PROCEDURE CODE READ WITH HIGH COURT RULES.

The above named Caveator/Applicant most humbly begs to submit as under: -

**1)**That the Applicant is presently working as Dy. Gen. Manager (HR) for the Chhattisgarh State Power Transmission Company, Raipur. He files this caveat application for and on behalf of the said company.

**2)**That the Applicant Company has passed the instructions for compliance of Hon'ble High Court of CG judgement dtd. 16.04.2024 passed on WPS 9778/2019 read with earlier judgement dtd. 04.02.2019 passed on WA 409/2013 regarding reservation in promotion.

**3)**The Applicant Company apprehends that any member of the public with a view to get the process delayed or with a malafide intention of blocking the promotion process may approach this Hon'ble Court with a prayer for staying the promotion process on some imaginary grounds. Therefore, in the event any person from the general public or individuals or any officers/employee of power companies files any petition in respect of the above promotion process or subject, he may kindly serve an advance copy of petition before filing to the counsel for caveator.

**4)**That in case any member of the public or individuals or any officers/employee of power companies files any petition in connection with the said promotion process, without giving any intimation to the applicant company and this Hon'ble Court passes any direction or order ex-parte in favour of the non-applicant, it will cause irreparable loss and injury to the applicant/Caveator.

**5)**That applicant Company has published copy of this caveat application in the following daily newspaper: -

(I)Hitwad, published from Raipur.
(II)Dainik Bhaskar published from Raipur.
(III)Haribhumi published from Bilaspur.

**6)**It is, therefore, submitted that this Hon'ble Court be pleased to hear the Caveator/Applicant before passing any interim order in case any writ petition is filed by any member of the public or individuals or any officers/employee of power companies in connection with the said promotion process.

**PRAYER**

It is therefore prayed that this Hon'ble Court be pleased to hear the Caveator/Applicant before passing any ex-parte order in the interest of justice.

Bilaspur
Dated:

**K.R. Nair**
**Counsel for Caveator/Applicants**

**CERTIFICATE**

It is certified that due care has been taken in the case to comply with the provisions of the High Court of Chhattisgarh Rules, 2007.

**K.R. Nair**
**Counsel for Caveator/Applicants**

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### सितारों की दुनिया...

ड्रैगन क्राफ्ट भारतीय समय के हिसाब से बुधवार तड़के 3:27 बजे लैंड करेगा। इसका दुनियाभर में लाइव प्रसारण भी होगा। नासा ने बताया है कि स्पेसएक्स ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट आईएसएस से सफलतापूर्वक अनडॉक हो गया है, यानी उसकी धरती की तरफ 17 घंटे की यात्रा शुरू हो गई है। 18 मार्च को सुबह 10:35 बजे क्राफ्ट की अनडॉकिंग हुई। ड्रैगन हार्मोनी मॉड्यूल पर स्टेशन के आगे की ओर वाले पोर्ट से अलग हो गया और नियंत्रित थ्रस्टर फायरिंग के तहत धीरे-धीरे दूर चला गया। कैप्सूलअपने महत्वपूर्ण सिस्टम जांच करेगा और बुधवार की सुबह के लिए निर्धारित डीऑर्बिट बर्न के लिए तैयार होगा।ड्रैगन कैप्सूल पृथ्वी के वायुमंडल में फिर से एंट्री करेगा तो उसे 19 मार्च को भारतीय समयानुसार सुबह 3:27 बजे अटलांटिक महासागर में सुरक्षित उतरने के लिए पैराशूट तैनात करने से पहले तीव्र गर्मी का सामना करना पड़ेगा।

### नकल पर नकेल...

की केन्द्रीकृत परीक्षा इसलिए ली जा रही है कि ताकि बच्चों के शैक्षणिक गुणवत्ता का ठीक से मूल्यांकन किया जा सके। इसके लिए माध्यमिक शिक्षा मंडल प्रश्नपत्र तैयार कर रहा है। रोल नंबर भी वहीं से आबंटित किए गए लेकिन बच्चों का केन्द्र नहीं बदला गया। इसी का फायदा स्कूल के शिक्षकों ने उठा लिया। स्कूलों का रिजल्ट बेहतर करने के लिए बच्चों को नकल कराई जाने लगी। पहले दिन पांचवी की परीक्षा के दौरान खुलेआम नकल कराई गई। आठवीं के पेपर के दौरान हर सेंटर में एक तरह से अलर्ट रहा। यहां तक कि पत्रकारों को भी रोकने की कोशिश हुई। हर आने जाने वाले से स्कूल पहुंचने का कारण पूछा गया। **रेमेडियल क्लास लेकर कराएंगे पढ़ाई**-नकल के मामले सामने आने के बाद शिक्षा विभाग की ओर से सभी केन्द्राध्यक्षों और प्राचार्यों को खास तौर पर हिदायत दी गई है। इसके बाद से केन्द्राध्यक्षों ने सभी क्लास रूम का नियमित दौरा किया। इसके साथ ही आठ उड़नदस्ता टीम में लगभग सभी स्कूलों में पहुंची। खास तौर आउटर के स्कूलों में अधिक ध्यान दिया गया। इसलिए आठवीं गणित के पेपर में नकल के मामले सामने नहीं आए। जिला शिक्षा विभाग की ओर से यह भी कहा गया है कि बच्चों को अपने स्तर पर सवाल हल करने दिया जाए। इससे उनका मूल्यांकन होगा। यह भी कहा गया है कि इस बार जो यह बोर्ड परीक्षा हो रही है उसमें किसी भी बच्चे को फेल नहीं किया जाना है। अधिकारियों के मुताबिक कम नंबर वाले बच्चों को पास होने के लिए कई अवसर प्रदान किए जाएंगे। वार्षिक परीक्षा में फेल बच्चों को पूरक परीक्षा में बैठने की पात्रता होगी। विषय शिक्षक अनुत्तीर्ण विषय की अतिरिक्त कक्षाएं लेकर तैयारी कराएंगे। पूरक परीक्षा 1 जून से शुरू होगी। यदि कोई छात्र पूरक परीक्षा में अनुत्तीर्ण होता है तो उसे भी आगे की क्लास में प्रमोट किया जाएगा। हालांकि कुछ बच्चों को अगली कक्षा में जाने से रोका भी जा सकता है।

### चाक-डस्टर कमरे...

स्कूल में तो पूरा स्कूल ही गणित के किताब खोलकर बैठा था। यहां दो कक्षाओं में 54 छात्र परीक्षा दे रहे थे। इसके अलावा लिंगियाडीह, मोपका और चिंगराजपारा में कुछ शिक्षक छात्रों के साथ टेबल पर बैठकर सवाल हल करते दिखाई दिए। हरिभूमि में मामला सामने आने के बाद शिक्षा विभाग ने कड़ाई की। केन्द्राध्यक्षों को निर्देश दिया गया कि क्लास रूम में चाक डस्टर किसी भी रूप में नहीं ले जाना है। परीक्षा 9 बजे से शुरू होनी है, इससे पहले ही ब्लैक बोर्ड में परीक्षा का नाम, दर्ज संख्या, दिनांक और दूसरी बातें लिखी जानी है।

### बच्चों की उपस्थिति...

परीक्षार्थीयों के लिए परीक्षा केंद्र बनाए गए है निजी स्कूलों के परीक्षार्थी भी सरकारी परीक्षा केंद्रों में आयोजित परीक्षा में शामिल किए गए। नगर के जनपद मिडिल स्कूल में 23 में 11 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं विकासखण्ड कार्यालय से पचास कदम की दूरी पर लगने वाले मिडिल स्कूल 32 परीक्षार्थीयों में 8 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। बेलसरी में सरस्वती शिशु मंदिर के 9 परीक्षार्थी में 9 उपस्थित रहे वहीं इसी परीक्षा केंद्र में 43 में 42 उपस्थित रहे। वहीं ग्राम मोढ़े सरकारी मिडिल स्कूल में 49 में एक छात्र अनुपस्थित रहा। नगर के कन्या मिडिल स्कूल में 95 में 9 छात्राएं अनुपस्थित रहीं। सरकारी स्कूलों का हाल यह था कि ग्राम मोढ़े परीक्षा केंद्र में 48 छात्र जमींन पर बैठकर परीक्षा दिला रहे थे। वहीं आत्मानंद के 47 परीक्षाथीयों में 47 की उपस्थिति रही।

### आय से अधिक...

वारंट प्राप्त कर 20 जुलाई 2015 को पंच साक्षियों की उपस्थिति में अभियुक्त मनोज सिंह ठाकुर के दीनदयाल नगर रायपुर स्थित निवास एमआईजी/285 की तलाशी ली थी। इस दौरान उसके घर से सोने-चांदी के आभूषण, नकदी रकम, वाहन, मूल्वान दस्तावेज, बैंक पासबुक, बीमा पत्रक आदि से संबंधित दस्तावेज जब्त किए गए थे। इसके बाद मनोज सिंह के विरुद्ध धारा 13 (1) ई. 13(2) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर सम्पूर्ण अनुसंधान के बाद विशेष न्यायालय (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम) रायपुर के न्यायालय में चालान पेश किया था।

### मिली थी लाखों...

लिए 5 वर्ष सश्रम कारावास एवं एक लाख रुपए अर्थदण्ड से दण्डित किया है। कोर्ट ने अर्थदण्ड की राशि अदा करने में चूक होने पर एक वर्ष का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगताने का आदेश दिया है।

### मुख्यमंत्री साय ने...

सुविधाओं, उद्योगों और पर्यटन के नए केंद्र के रूप में विकसित करने की रूपरेखा शामिल है। प्रधानमंत्री ने इस योजना पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए राज्य सरकार को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया। श्री साय ने प्रधानमंत्री को बताया, छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है। सुरक्षा बलों की संगठित रणनीति एवं जनभागीदारी के चलते नक्सल प्रभावित इलाकों में तेजी से बदलाव आ रहा है। उन्होंने बताया, पुलिस और केंद्रीय बलों के संयुक्त प्रयासों से कई नक्सल गढ़ों में विकास की किरण पहुंची है, जिससे जनता का विश्वास सरकार की योजनाओं में और मजबूत हुआ है। सरकार का अब पूरा ध्यान बस्तर को नए औद्योगिक और आर्थिक केंद्र के रूप में विकसित करने पर है, जिससे युवाओं को रोजगार और आदिवासी समुदायों को बेहतर जीवन स्तर मिल सके। श्री साय ने राज्य की नई औद्योगिक नीति और निवेशकों की बढ़ती रुचि पर भी विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री ने बताया, निवेश को आसान बनाने के लिए सरकार ने सिंगल विंडो क्लीयरेंस, टैक्स छूट और अनुकूल नीतियों को लागू किया है, जिससे बड़ी कंपनियां छत्तीसगढ़ में निवेश के लिए आकर्षित हो रही हैं।

### मुकेश हत्याकांड में...

में पता लगा था कि ठेकेदार सुरेश चन्द्रकार ने घटना के चार दिन पहले ही हत्या की पूरी प्लानिंग तैयार कर ली थी। आरोप के मुताबिक मुकेश को अपने बाड़े में बुलाने के बाद उस पर रॉड से कई वार किया गए थे। हत्या के 48 घंटे बाद गूगल लोकेशन से पत्रकार मुकेश चन्द्रकार के भाई यूकेश चन्द्रकार व पुलिस की टीम ने चट्टानपारा का पता तलाश कर सेप्टिक टैंक की खुदाई में पत्रकार के शव को बरामद किया था। पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपी अभी जेल में हैं। मुख्य आरोपी ठेकेदार सुरेश चन्द्रकार को पुलिस ने हैदराबाद से गिरफ्तार किया था। जिसके बाद पूरे मामले की जांच एसआईटी को सौंप दी गई थी।

### न्यायालय में पेश...

3(5) के तहत मामला दर्ज कर अभियोग पत्र प्रस्तुत करते हुए आरोपियों के इस अमानवीय कृत्य के लिए अधिकतम दण्ड देने न्यायालय में मजबूती पैरवी की जाएगी।

### ऐसे दिया गया...

दर्ज कराई थी। 3 जनवरी की देर शाम मोबाइल (गूगल) लोकेशन के आधार पर मुख्य आरोपी सुरेश चन्द्रकार के चट्टान पारा स्थित बाड़ा से मुकेश की बॉडी पुलिस ने बरामद की थी। 4 जनवरी को बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने पूरे मामले में प्रेस कांफ्रेंस कर एसआईटी गठन की जानकारी दी थी। जिस जगह से मुकेश का शव बरामद हुआ था, एसआईटी ने उसे सील कर रखा है। वहीं मामले में भ्रष्टाचार के संलिप्तत को लेकर पीडब्ल्यूडी के पूर्व ईई, एसडीओ समेत 4 लोगों के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है। शासन ने मामले में सलिप्त चारों अधिकारियों को निलंबित कर विभागीय जांच के आदेश दिए हैं।

### छत्तीसगढ़ पेंशन ...

वित्तीय भार को ध्यान में रखते हुए इसके प्रबंधन के लिये 456 करोड़ का प्रावधान पेंशन निधि में निवेश के लिये रखा गया है। इसके लिये हम पेंशन निधि अधिनियम भी बनाने जा रहे हैं, जिससे इस प्रक्रिया को स्थायी स्वरूप दिया जा सकेगा। ऐसा करने वाला छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य होगा। यह हमारी सरकार के दूरगामी सोच एवं कुशल वित्तीय प्रबंधन का ही एक प्रमुख भाग है। **नवा रायपुर में अटल स्मारक और संग्रहालय का निर्माण**-वित्त मंत्री ओपी चौधरी अपने विभाग आवास एवं पर्यावरण विभाग के अनुदान मांग के चर्चा पर जवाब देते हुए कहा, नवा रायपुर अटल नगर को आधारभूत सुविधाओं का विस्तार एवं देश और दुनिया में पहचान स्थापित करना वर्तमान सरकार की प्राथमिकता है। नवा रायपुर अटल नगर क्षेत्र में पेयजल की निर्वाध आपूर्ति, प्रदेश के कोने-कोने से शासकीय कार्य हेतु आने वाले लोगों के लिए परिवहन सुविधा, कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावास जैसी जनसुविधा उपलब्ध कराने सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी की परिकल्पना थी। उनकी याद में हमारी सरकार ने नवा रायपुर में "अटल स्मारक और संग्रहालय" निर्माण का निर्णय लिया है।**पुस्तकालय भवन निर्माण के लिए प्रावधान**-मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि नवा रायपुर में राष्ट्रीय स्तर के शैक्षणिक संस्थान जैसे आईआईएम, हिदायतउल्ला विधि विवि, ट्रिपल आईआईटी, आईएचएम स्थापित है। विश्वस्तरीय आवासीय विद्यालय का निर्माण पूर्णता की ओर है। केन्द्रीय विद्यालय एवं अन्य अनेक निजी विद्यालय एवं विश्वविद्यालय नवा रायपुर क्षेत्र में संचालित है। हमारी सरकार ने युवाओं के लिए प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी एवं उच्चतर अध्ययन की सुविधा प्रदाय करने की योजना बनाई है। हमारी सरकार ने बजट में पुस्तकालय भवन निर्माण के लिए प्रावधान किया है। **राजस्व संग्रहण में छत्तीसगढ़ देश में तीसरे स्थान पर**-वाणिज्यिक कर मंत्री ओपी चौधरी अपने विभाग के अनुदान मांग के चर्चा का जवाब देते हुए कहा, स्वतंत्र भारत में आर्थिक सुधारों की दिशा में जीएसटी कर प्रणाली सर्वाधिक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक एवं अभूतपूर्व कदम है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता एवं कुशल नेतृत्व का ही परिणाम है। वित्तीय वर्ष 2024-2025 में अभी तक (माह फरवरी तक) जीएसटी से प्राप्त राजस्व 20,174 करोड़ है जो पिछले वर्ष की तुलना में 15 प्रतिशत अधिक है। छत्तीसगढ़ राज्य पूरे देश में राजस्व संग्रहण के दृष्टिकोण से तीसरे स्थान पर है। **25 नए रजिस्ट्री कार्यालय भवन बनेंगे**-उन्होंने कहा कि वाणिज्यिक कर (पंजीयन) विभाग के राज्य का महत्वपूर्ण राजस्व अर्जक विभाग है। अभी राज्य के 40 रजिस्ट्री ऑफिस ऐसे हैं जिनके पास अपना खुद का भवन तक नहीं है, और ये तहसील दफ्तर के बहुत छोटे छोटे कमरे में चल रहे हैं। इस कमी को दूर करने के लिए राज्य के 25 रजिस्ट्री ऑफिस में नवीन भवन निर्माण के लिए इस बजट में प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य विभाजन के पश्चात रजिस्ट्री विभाग में कई सालों से सेटअप रिवीजन नहीं हुआ है। पंजीयन विभाग के सेटअप का रिवीजन किया गया है तथा नए 85 पदों सृजन किया गया है। **ऑनलाईन पंजीयन पर फोकस**-मंत्री ने कहा, नवीन उद्योगों को रियायत, ऑनलाईन पंजीयन प्रणाली पर विशेष फोकस करते हुए विभाग द्वारा पंजीयन प्रणाली में मोबाईल एप 'सुगम' लागू किया गया है। जिसमें पक्षकार द्वारा पंजीयन के लिए आवेदन प्रस्तुत करते समय संपत्ति की फोटो अपलोड करते ही उस स्थान के अक्षांस एवं देशांतर की जानकारी स्वतः कैप्चर हो जाती है। जिसके कर अपवंचन की रोकथाम हो रही है। इसके साथ ही पैन आधार इंटीग्रेशन, सतर्कता प्रकोष्ठ का गठन भी किया गया है।

### शराबी केंद्राध्यक्ष का...

की जानकारी विकास खंड शिक्षा अधिकारी को दी गई तो उन्होंने शिक्षक शीतल राम नागदेव की खोजबीन कराई। इस दौरान शिक्षक अपने निवास पर शराब के नशे में धुत पाया गया। इस जटिल स्थिति को देखकर शिक्षा अधिकारी ने प्राथमिक शाला कुकुटोली में संचालित बोर्ड परीक्षा के लिए आनन फानन में दूसरे शिक्षक की व्यवस्था कराई।

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
अष्टविनायक हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

डॉ.वाशानी दर-दाँत गम पेंट
दर-दाँत (गम पेंट)
बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आर्युवेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
HMS देखकर खरीदें
94060-21769

हर्बल लेप
शिव मस्सानाशक
शिव मस्सानाशक को 12-15 घटों तक लगाकर रखेंगे तो यह मस्से को शीघ्र हटा देगा। जब तक मस्सा न हट जाए, रोज 1-2 बार लगाना है। यदि लगाने के बाद किसी कारणवश लेप पुछ जाए तो पुनः लगा दें।
HMS शिव मस्सा नाशक

epaper- www.haribhoomi.com

# हरिभूमि Classified

Email- hbclassified375@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100, 9754263022

## आवश्यकता है

आवश्यकता है- कोचिंग में हॉस्टल मैनेजमेंट, साफ सफाई इत्यादि हेतु युवक चाहिए। कार्य समय सुबह 8 से शाम 5 बजे। सम्पर्क करें- सक्सेस पॉइंट कृषि कोचिंग लोधीपारा, सरकंडा बिलासपुर 62649 07884, 8889295817 (37125)

आवश्यकता है- स्मार्ट मीटर प्रोजेक्ट के लिए कटघोरा, भैसमा एवं छुरी में पेंटी कॉन्ट्रैक्टर की अतिशीघ्र आवश्यकता है सम्पर्क करें- 7583808008 (37123)

आवश्यकता है- जोत इंजीनियरिंग में कार्य करने हेतु कुशल, टर्नर, वेल्डर एवं हेल्पर की अतिशीघ्र आवश्यकता है। सम्पर्क करें- जोत इंजीनियरिंग सिरगिट्टी बिलासपुर 78280 70065 (37129)

आवश्यकता है- स्टेशनरी शॉप में कार्य करने हेतु पार्ट टाइम और फुल टाइम लड़के/ लड़की की आवश्यकता है। अनुभवी सम्पर्क करे- भाटिया इंटरप्राइजेज, पंप के बाजू में, नेहरू चौक पेट्रोल बिलासपुर 7587259295 (37121)

आवश्यकता है- रेडीमेड सलवार सूट, साड़ी शोरुम में अनुभवी सेल्समैन, सेल्सगर्ल, हेल्पर, फोल्डर, कम्प्यूटर आपरेटर (बिजी साफ्टवेयर) चाहिए। वेतन 5000 से 20000 सम्पर्क करें- प्रकाश डिजाइनर स्टूडियो, श्रीराम मार्केट, बिलासपुर 8319134866, 7869448240 (37115)

आवश्यकता है- चकरभाठा स्थित आर्टिफिशियल ज्वैलरी शोरूम में काम करने हेतु सेल्सगर्ल की आवश्यकता है समय सुबह 10 से रात 9 बजे तक वेतन 5500 केवल चकरभाठा निवासी ही सम्पर्क करें- 9770507206 (37124)

आवश्यकता है- सूर्या बार में काम करने के कैप्टन और वेटर की आवश्यकता है अनुभव वाले सम्पर्क करें- पुराना बस स्टैण्ड बिलासपुर 975500 1888 (37113)

आवश्यकता है-सीए आफिस में काम करने हेतु चपरासी (प्यून) की आवश्यकता है सम्पर्क करें- शाम 4 से 8बजे तक पलाश पमनानी एंड एसोसिएट्स सिन्ध ऑटो स्टोर्स के पास गांधी चौक बिलासपुर (37097)

आवश्यकता है- बकुल अगरबत्ती में कार्य करने हेतु लड़कों की आवश्यकता है कृपया सम्पर्क करें- बकुल अगरबत्ती मेन रोड दयालबंद बिलासपुर 8649999999 (37118)

आवश्यकता है- बम्पर भर्ती OMMI मल्टीनेशनल कम्पनी को 140 से अधिक लड़के, लड़कियां की आवश्यकता है आय 10500 से 18500 प्रतिमाह आवास, खाना फ्री परमानेन्ट जॉब पता-दीपसागर कालोनी बिलासपुर 80034 02269, 9519393913 (37126)

आवश्यकता है- UTN शॉप में मार्केटिंग हेतु सेल्स एक्जीक्यूटिव 5, लीडर- 5 ट्रेनर- 7 लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है पता- शॉप नम्बर FS16, प्रथम तल, सीएलसी प्लाजा मंगला चौक बिलासपुर 7806007192, 7999594790 (37122)

आवश्यकता है- स्कूल प्रमोशन हेतु डोरटूडोर पम्पलेट बांटने, सर्वे करने हेतु मेहनती लड़के/लड़कियों की आवश्यकता है समय सुबह 10 से शाम 6बजे, वेतन 8000 पता- पंचवटी स्कूल समीप पुराना हाईकोर्ट बिलासपुर 9752583075 (37128)

आवश्यकता है- मोबाइल दुकान मे काम करने हेतु अनुभवी लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार समय सुबह 10 बजे से रात 9 बजे तक सम्पर्क करें- 9827491999 (37114)

आवश्यकता है-बिजली दुकान में काम करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- कुसुम इलेक्ट्रीकल्स मेन रोड तेलीपारा बिलासपुर 9827107799 9827961245 (37087)

आवश्यकता है- फेब्रिकेशन कार्य हेतु वेल्डर- 4, फिटर- 4, हेल्पर- 20 की आवश्यकता है सम्पर्क करें- वक्रांगी मेटल एंड मिनरल्स प्राइवेट लिमिटेड तिल्दा नेवरा 8319402352, 9479289740 (37086)

आवश्यकता है- रेडीमेड कपड़े शोरुम मेन्स वियर, लाचा हाउस, साड़ी शोरूम में अनुभवी सेल्समैन, सेल्सगर्ल, हेल्पर, झाड़ू पोंछा, माल मिलाने के लिए स्टाफ चाहिए सम्पर्क करें- कृष्णा प्रीमियम करबला रोड बिलासपुर 7566285241 (37116)

आवश्यकता है
आया बाई
(हॉस्पिटल एवं घरेलु कार्य हेतु)
नर्सिंग स्टॉफ
काउंटर स्टाफ
अग्रवाल चिल्ड्रन हॉस्पिटल
मगरपारा रोड, बिलासपुर
संपर्क करें:- सुबह 11 से 01 बजे तक
07752-226296, 402543

आवश्यकता है- लेडीज ब्यूटी पार्लर में कार्य करने हेतु अनुभवी ब्यूटीशियन की आवश्यकता है। शीघ्र सम्पर्क करें- वीनस ब्यूटी सैलून वेयर हाउस रोड, बिलासपुर 9425228537 (37112)

आवश्यकता है- बाइक ऑटो पार्ट्स दुकान में कार्य करने हेतु लड़के, लड़कियां तथा सुपरवाइजर कार्य हेतु लड़के एवं घरेलू कार्य हेतु बाई चाहिए। नोट- खाना बनाना आना चाहिए। सम्पर्क करें- 7869523344, 7301717175 (37117)

आवश्यकता है- सैमसंग सर्विस स्टेशन में एक रिसेप्शनिस्ट, मोबाइल रिपेयरिंग,मोबाइल एसेसीरिज एवं साफ सफाई के लिये युवक, युवती चाहिये। आर्कषक वेतन सम्पर्क करें- गुप्ता मोबाइल मेन रोड जूना बिलासपुर 8602390000 (37120)

आवश्यकता है-चिकन दुकान में काम करने के लिए दो लड़के की आवश्यकता है शुरुआत में वेतन 8000 महीना सम्पर्क करें- डी.के. चिकन सेन्टर भरनी (बस स्टैण्ड) बिलासपुर 7974516697, 9752765384 (37094)

आवश्यकता है-ब्रांडेड स्टोर में काम करने हेतु मैनेजर (वेतन 15000 से 20000) एवं सेल्समैन (वेतन 10000 से 15000) योग्यता ग्रेजुएट, एमबीए और अनुभवी, सम्पर्क करें- ब्रांड बास्केट लिंक रोड बिलासपुर 8982278005 (37110)

आवश्यकता है-फैक्ट्री होटल हेतु सुपरवाइजर, सुरक्षागार्ड, लेडीगार्ड, मार्केटिंग अधिकारी योग्यता 10वीं, स्नातकोत्तर गार्ड ऊंचाई 5'7" वेतन 12000 से 15000 सम्पर्क-Alert SGS Private Limited, 434, चतुर्थ तल, प्रोग्रेसिव पॉइंट लालपुर रायपुर 77460 00016, 8720005500 (3160)

आवश्यकता है-OMI कम्पनी में लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है योग्यता 10वीं से ग्रेजुएट उम्र 18 से 28 वर्ष, आय 8500 से 18000+ रहना खाना, पता- न्यू बस स्टैण्ड बिलासपुर 88188 77406, 9644433021 (37103)

आवश्यकता है-सीए आफिस में कार्य हेतु चपरासी की आवश्यकता है (सुबह 9 से रात 9बजे) योग्यता 10वीं, वेतन योग्यतानुसार सम्पर्क करें- स्वदेशी प्लाजा के बगल लिंक रोड, बिलासपुर 81096 95516, 7440969033, 07752403233 (37098)

आवश्यकता है-सकरी स्थित नर्सिंग कॉलेज में रिसेप्शनिस्ट कार्य करने हेतु अनुभवी कम्प्यूटर के जानकार स्मार्ट युवती/महिला की अतिशीघ्र आवश्यकता है। सम्पर्क करें- 9993582707, 8349446691 (37083)

आवश्यकता है-सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के प्रत्येक ब्लॉक में एक एक सर्वेयर सेल्स आफिसर की आवश्यकता है इंकम प्रतिमाह 21000 समस्त भत्तों सहित सम्पर्क R.K. सेल्स रायपुर एण्ड बिलासपुर 8109100493 (37111)

आवश्यकता है-लेडिज रेडीमेड शोरूम मे बिलिंग कार्य करने हेतु लड़की की आवश्यकता है। कार्य समय सुबह 11 से रात 9 बजे तक अनुभवी को प्राथमिकता। सम्पर्क करें- सदर बाजार बिलासपुर 9993237937 (37105)

आवश्यकता है-कंस्ट्रक्शन कम्पनी में मैनेजर- 3 (सिविल कार्य अनुभवी) एवं एक एकाउंटेंट (कम्प्यूटर संबंधी जानकारी) ड्राइवर- 1, प्यून- 1 बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- 12 से 5बजे अनुमेष कंस्ट्रक्शन तोरवा बिलासपुर 99934 95123 (37102)

आवश्यकता है- ऑटोमोटिव बैटरी व टायर सेल्स हेतु मार्केटिंग/ सेल्समेन, ड्राइवर, बैटरी टेक्निशियन आवश्यकता है, वेतन- योग्यतानुसार (7000-18000) +इन्सेंटिव, संपर्क करें:- सिंघानिया इंटरप्राइजेस श्रीराम टॉवर के पास, व्यापार विहार बिलासपुर 7049016518, 7974811410 (3368)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

आवश्यकता है-नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो सम्पर्क करें- 7439736348 (704)

आवश्यकता है-बुजुर्ग सेवा (केयर टेकर) के लिए स्टाफ 2 महिला 3 पुरुष की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 15000 प्रतिमाह रहेगा। इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें- 9244664654, 9109511248 (37091)

आवश्यकता है-तत्काल भर्ती सुरक्षा गार्ड- 50 सुपरवाइजर- 5 चाहिए 10वी पास हाईट 5'-7" रायगढ़, खरसीया, बिलासपुर के लिए आवास फ्री वेतन 9000 से 15000 (PF, ESIC सुविधा) सम्पर्क करें- 8461881111, 91254 14662 (37100)

आवश्यकता है- अंकुर डेली नीड्स में काम करने हेतु अनुभवी लड़कियों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- अंकुर डेली नीड्स भाटिया पेट्रोल पम्प के पास महाराणा प्रताप चौक बिलासपुर 8085813131 (37090)

आवश्यकता है- रियल एस्टेट कंपनी में महिला रिसेप्शनिस्ट की आवश्यकता है, योग्यता- स्नातक+ कंप्यूटर ज्ञान, (वेतन- योग्यतानुसार) कार्य इंटरव्यू समय- 12PM- 6PM संपर्कः- उन्नति ग्रुप ऑफ इंफ्राबिल्ड नेहरू चौक बिलासपुर- 9111489995, 8839911180 (3367)

आवश्यकता है- पेमेंट रिकवरी फील्ड वर्क, कम्प्यूटर ऑपरेटर बिजी सॉफ्टवेयर, GST एकाउन्टेंट कोटेशन के अनुभवी लड़के/ लड़की, रिकवरी पेमेंट वसूली हेतु लड़के की। सम्पर्क करें- गुरुद्वारा के बाजू गोड़पारा, बिलासपुर 9669211111, 9827175811 (37092)

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु लड़कियों एवं महिलाओं की आवश्यकता है उम्र 18 से 30 वर्ष तक सैलरी 5000 +कमीशन +बोनस संपर्क करेः- 1.रिंगरोड नियर न्यू बस स्टैंड, मासूम चिल्ड्रन हॉस्पिटल के पास अम्बिकापुर, 2. श्री राम केयर हॉस्पिटल के पास बिलासपुर मो. 702460 0659 (3369)

आवश्यकता है-सीमेंट मार्केटिंग एवं बिजनेस बढ़ाने हेतु अनुभवी सेल्समैन की आवश्यकता है न्यूनतम अनुभव 3वर्ष, आकर्षक वेतन योग्यता अनुसार। शीघ्र सम्पर्क करें- मीनाक्षी सेल्स, पुराना हाईकोर्ट के सामने, बिलासपुर 9754002100 (36865)

आवश्यकता है- मेट्रोमोनी में कार्य हेतु 18 से 30वर्ष की युवतियां महिलाएं चाहिए सैलरी- 5000 से 20000 कमाने का अवसर, सम्पर्क करें- पत्रकार कॉलोनी आरबी हॉस्पीटल के पास बिलासपुर 6268331784, 7987392821 (3364)

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु अविवाहित लड़कों की आवश्यकता है उम्र 18 से 25 जो बाहर रहकर कार्य करे सैलरी 10,000+कमीशन +बोनस संपर्क करेः- 7024334511 मंगला चौक बिलासपुर (3366)

आवश्यकता है-Fraud Call से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घर बैठे पार्ट/ फुल टाईम SMS जॉब करके लड़के, लड़कियां, गृहणियां कमाए 15000 से 45000 महिना लैपटॉप+ मोबाइल मुफ्त Call/ Whats App/ SMS करें- 7294938408 (721)

आवश्यकता है- नौकरी ही नौकरी तहसील स्तरीय भर्ती पद संख्या 975 वनरक्षक फील्ड ऑफिसर माली सिपाही ड्राइवर वेतन 27500+52400 तक आवेदन करने के लिए आधार कार्ड मार्कशीट पैन कार्ड व्हाट्सएप करे 7460994309 (733)

आवश्यकता है- बैग सिलाई, कटिंग, प्रिंटिंग करने हेतु लड़के लड़कियां एवं फुल डे घर के काम के लिए महिला चाहिए सम्पर्क करें- क्रिएटिव बैग श्रीराम न्यू क्लॉथ मार्केट अग्रसेन चौक बिलासपुर 7999687407 (3365)

आवश्यकता है-इंदौर मध्यप्रदेश मे रहकर ऑफिस कार्य करने हेतु अविवाहित लड़को की आवश्यकता है सैलेरी 10000 रहना खाना ट्रैवलिंग फ्री नियुक्ति फ्री सम्पर्क करे-9575712101, 7389318055 (305)

Advertisement Booking Time 10.30 AM to 4.00 PM

आवश्यकता है-अनुभवी नर्सिंग प्रोफेसर/ ट्यूटर- M.Sc (N), B.Sc (N)- 2, लाइब्रेरियन- B.Lib/ M.Lib- 1, रिसेप्शनिस्ट- 1 (ग्रेजुएट, F), मार्केटिंग/ PRO- 1 (M), हास्टल वार्डन- 1 (12वीं, F) बायोडाटा भेजे- 83494 46691, 9993582707 (37130)

## बेचना है

बेचना है- अज्ञेय नगर में 30×50 पटवारी कार्यालय के पीछे 51 डिसमिल मरीमाई मेन रोड 132×82, शान्ती नगर डबल स्टोरी मकान, अल्का एवेन्यू 45×85 प्लाट बेचना है सम्पर्क करें- 9425540759 (37119)

बेचना है-ओम नगर, जरहा भाठा जेपी वर्मा कालेज के पीछे मेन रोड पर 3000 वर्गफुट में बना 4BHK स्वतंत्र मकान खुली जमीन के साथ बेचना है। सम्पर्क करें- 7899855111, 7024058735 (37060)

बेचना है- कमर्शियल प्लाट बेचना है आवासीय प्लाट की कीमत में कमर्शियल प्लाट अशोक नगर ड्रीम्स रेसीडेंसी कॉलोनी के आगे 85 फिट फ्रंट में 13952 वर्गफिट डायवर्टेड प्लाट पूरा या आधा बेचना है। हॉस्पिटल, हॉटल हॉस्टल, कॉम्प्लेक्स के लिए उपयुक्त, अभी रजिस्ट्री कराने पर रजिस्ट्री खर्च फ्री सम्पर्क करें- 9300878897 (3360)

बेचना है-रायपुर रोड, हाईकोर्ट के सामने, मेन रोड से 50 मीटर अन्दर न्यू एयरपोर्ट रोड, बोदरी में 50×200= 10000 वर्गफीट व्यावसायिक डायवर्सन, बाउन्ड्रीवाल सहित प्लाट बेचना है। सम्पर्क करें- 93003 10774 (37093)

बेचना है-बिलासपुर में गोकुल धाम में सर्व सुविधा युक्त 2BHK, 25×40= 1000 वर्ग फीट में बना हुआ नव निर्मित मकान 28 लाख रुपए में बेचना है 9340252857 (36988)

बेचना है-उसलापुर गोकुल धाम बिलासपुर में नवनिर्मित 2BHK मकान 20x40, 800 sqft मकान बेचना है। रेट 25लाख संपर्क करें- अमन श्रीवास 9301107148, 8827924148 (3363)

Medicare Specialists

चिकित्सा मे अचूक प्रामाणिक प्रयोग
यदि आप सभी उपाय एवं ईलाज कराकर थक गये हो। ना ही दवा को आप छोड़ पाते है ना ही दवा आपको छोड़ता हो बीमारी बार-बार होता हो तो रस रसायन एकमात्र उपाय है। ये सदा के लिए रोग से मुक्ति दिलाकर नवजीवन प्रदान करता है। क्योंकि यह वीर्य के निर्माण के साथ इम्यून सिस्टम में काम करता है जो अचूक है। यह रोग ही नही कारण को दूर करता है।
रस-रसायन अर्थात आयुर्वेद के रस भस्म थोड़ा महंगा परंतु सटिक प्रमाणिक चिकित्सा है। जो रोगी के शरीर मे जाने पर चूक नहीं सकता परंतु वात पित्त कफ से सबंधित रोग का निर्णय दवा का गुण एवं सटिक मात्रा की जानकारी होना आवश्यक है।
(1) समस्त प्रकार के लाईलाज चमड़ी रोग सोरायसिस, जोड़ो में दर्द, ऊंगलियों का टेढ़ा होना, नाखूनों का सड़ना।
(2) समस्त प्रकार के वायरस-जन्य रोग हेपाटाइटिस (ABC) हर्पिस रोग (स्त्री-पुरुष के गुप्तांग में दाने-फूंसी, छाले चमड़ी का फटना, लाल होना, रुबेला) जीवाणु जन्य रोग, सिफलिस, गौनोरिया (सुजाक)
(3) समस्त प्रकार के यौन समस्या, यौन कमजोरी एवं यौन रोग। नोट : पुरुष के प्रकृति जन्य लिंग(इन्द्रिय) को बड़ा मोटा करने का आजतक कोई भी उपाय नहीं है। सावधान !
वायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर सेंटर
आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच.सी.अग्रवाल (एम.डी.)
निशांत अग्रवाल
फार्मा साईटिस्ट
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टाकीज के सामने, बजाज(गोल्ड) फाइनेंस के पीछे दुर्ग,।
मोबा.: 9425555659, 9617789223, 9303242200
समय शाम 4 -7 बजे तक।
अपाईटमेंट फोन से (गुरुवार अवकाश)

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिगं को 7-8 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
ब्रेस्ट टोनर क्रिम
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

## किराया

किराया-VR Plaza Link Road में First Floor में 250 वर्गफुट शानदार आफिस किराये से देना है सम्पर्क करें- 7412933333 (36987)

किराया- 10×10 फीट की मेन रोड मसानगंज बिलासपुर में एक दुकान किराए से देना है (आकाश स्टोर के ठीक सामने, नटराज वीडियोज के बगल में) सम्पर्क करें- 9755268998 (37085)

## किराया से चाहिए

किराये से चाहिए - परसदा, सृष्टि कॉलोनी, सकरी, उसलापुर, कोटा रोड में 8-10 कमरों वाला मकान या एक साथ 3-4 फ्लैट एवं 40 सीटर बस अतिशीघ्र किराए से चाहिए सम्पर्क करें- 83494 46691, 9993575707 (37084)

## किराया कमर्शियल

किराया-VIP रोड में ड्रीम सिटी के अंदर, राजवाड़ा के पास, डबल स्टोरी फर्निश्ड मकान 5000 वर्गफीट में निर्मित, 4 बेड रूम 3 हॉल, किचन, 3 वॉशरूम गार्डन के साथ ऑफिस/ रेस्ट हाउस/ फैमिली हेतु किराए से देना है सम्पर्क करें- 8120593540 (4912)

## व्यापार

व्यापार-अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना रिस्क कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं 30000 से 50000 प्रति माह कमाएं आटो मेटिक मशीन द्वारा दोना पत्तल डिस्पोजल बनायें कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट सम्पर्क करें- APS इंटरप्राईजेस रायपुर- 9111760925, 7477221345, बिलासपुर- 8359913999, 95892 88936 रायगढ़, अंबिकापुर 7869755871 (3194)

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल कामलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230
- शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:-मो. 9993567380, 8770837744
- एड प्रयासः- मो. 9826701269, 9926003943
- श्यामनानी एडवरटाईजर्सः- मो. 9827168452, 9300625174
- रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- मो. 9826129386, 8319503386
- जे.जे. एडवरटाइजर्सः- मो. 9300659628
- भार्गव एडवरटाइजर्सः- मो. 9827167997
- श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्सः- मो. 9826705603
- एम.जी.आर. एडवरटाइजर्सः- मो. 9827180896, 9131155033
- रौनक पब्लिसिटी:- मो. 9300328290, 9981658490
- श्री श्याम पब्लिसिटी:- मो. 9425540759
- अमित पब्लिकेशनः- मो. 9826304304, 9827124304
- विप्रा विज्ञापन सेवा:- मो. 9302462506
- माधवास & कम्पनी:- मो. 9977185123, 9893115084
- बालाजी एडवरटाइजर्सः- मो. 9827466133, 9907047586

*नई दिल्ली। भारतवंशी सुनीता विलियम्स 9 महीने बाद स्पेस से धरती पर वापस की उड़ान भर चुकी हैं। भारतीय समयानुसार बुधवार सुबह वो धरती पर होंगी। विलियम्स की वापसी पर दुनियाभर की निगाहें हैं। लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि इंसानों से पहले जानवर पृथ्वी से बाहर स्पेस में गए थे। शुरू में वैज्ञानिकों को यह समझने की जरूरत थी कि जीवित प्राणी माइक्रो ग्रैविटी, रेडिएशन और अत्यधिक तापमान सहित स्पेस की कठोर परिस्थितियों पर कैसे प्रतिक्रिया करेंगे। कई तरह के जानवरों ने हमारे ग्रह से परे ऐतिहासिक यात्रा की है।*

# अमेरिका ने भेजा था चिम्पैंजी, मकड़ियों ने भी जीरो ग्रैविटी में बुने थे जाल

## इंसानों से पहले अंतरिक्ष में पहुंच गए थे कई जानवर

**लाइका- ऑर्बिट में जाने वाला पहला जानवर :** शायद सबसे प्रसिद्ध स्पेस जानवर, लाइका (मास्को का एक स्ट्रीट डॉग) पृथ्वी की ऑर्बिट में जाने वाला पहला जीवित प्राणी बन गया। उसे 1957 में सोवियत संघ के स्पुतनिक 2 पर लॉन्च किया गया था। दुर्भाग्य से लाइका मिशन में जीवित नहीं बचा, लेकिन उसके बलिदान ने ह्यूमन स्पेस ट्रेवल का मार्ग प्रशस्त किया।

- फ्रूट फ्लाइस थीं स्पेस में पहुंचने वाले पहली जीवित प्राणी
- 1947 में अमेरिका द्वारा वी-2 रॉकेट पर लॉन्च किया गया था फ्रूट फ्लाइस को

**हैम और एनोस- स्पेस चिम्पैंजी :** अमेरिका ने 1961 में मर्करी-रेडस्टोन 2 पर सवार होकर हैम नामक चिम्पैंजी को स्पेस में भेजा था। हैम का मिशन विशेष रूप से अभूतपूर्व था क्योंकि उसने दिखाया कि प्राइमेट स्पेस में कार्य कर सकते हैं, जिससे यह साबित हुआ कि ह्यूमन स्पेस ट्रेवल भी ऐसा ही कर सकते हैं। एनोस, एक और चिम्पैंजी उस वर्ष बाद में पृथ्वी की ऑर्बिट में जाने वाला पहला चिम्पांजी बन गया।



### फ्रूट फ्लाइस और अल्बर्ट बंदर

स्पेस में पहुंचने वाले पहली जीवित प्राणी फ्रूट फ्लाइस थीं, जिन्हें 1947 में अमेरिका द्वारा V-2 रॉकेट पर लॉन्च किया गया था। इन छोटे जीवों ने रिसर्चर्स को जैविक जीवों पर कॉस्मिक रेडिएशन के प्रभावों का अध्ययन करने में मदद की। 1948 में, अल्बर्ट I (एक रीसस बंदर) को एक अन्य V-2 रॉकेट पर भेजा गया था। दुख की बात है कि वह बच नहीं पाया। इसके बाद अल्बर्ट II, III और IV के साथ उड़ानें हुईं, जिसमें अल्बर्ट II सफलतापूर्वक स्पेस में पहुंचने वाला पहला बंदर बन गया। हालांकि वह दोबारा प्रवेश के दौरान मर गया।

**चंद्रमा पर कछुए भी भेजे गए :** 1968 में,सोवियत संघ ने ज़ोंड 5 पर दो कछुए, फ्रूट फ्लाइस के अंडे और मीलवर्म भेजे, जो चंद्रमा का चक्कर लगाने और सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर लौटने वाला पहला स्पेसक्राफ्ट बन गया। कछुए बच गए, हालांकि उनका वजन कुछ कम हो गया था।

**बिल्लियां, चूहे और मकड़ियों को भी भेजा गया :** फ़ेलिसेट (एक फ्रांसीसी बिल्ली) 1963 में स्पेस में जाने वाली पहली बिल्ली बन गई। फ़ेलिसेट सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर लौट आई। चूहे, खरगोश और मेंढक सभी ने अंतरिक्ष मिशनों में भाग लिया है और उनके जीव विज्ञान पर जीरो ग्रैविटी के प्रभावों का परीक्षण किया है। 1973 में नासा ने अरबेला और अनीता नामक मकड़ियों को स्काईलैब पर भेजा ताकि यह देखा जा सके कि वे जीरो ग्रैविटी में जाल कैसे बुनती हैं। शुरुआती संघर्षों के बावजूद उन्होंने सफलतापूर्वक वहां अपना काम किया।

संसद में बोले प्रधानमंत्री मोदी

# 'महाकुंभ में राष्ट्रीय चेतना के दर्शन हुए, पूरे विश्व ने देखा भारत का विराट स्वरूप'

**प्रयागराज में 26 फरवरी को हुआ था महाकुंभ का समापन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

संसद में मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाकुंभ पर स्पीच दी। उन्होंने कहा, 'हम सब जानते हैं कि गंगा जी को धरती पर लाने के लिए बहुत प्रयास लगा था। वैसा ही महाप्रयास इस महाकुंभ के भव्य आयोजन में भी हमने देखा। मोदी ने कहा, 'पूरे विश्व ने महाकुंभ के रूप में भारत के विराट स्वरूप के दर्शन किए। ये जनता जनार्दन का, जनता के संकल्पों के लिए और जनता की श्रद्धा से प्रेरित महाकुंभ था। महाकुंभ में हमने राष्ट्रीय चेतना के जागरण के विराट दर्शन किए हैं। ये राष्ट्रीय चेतना नए संकल्पों के सिद्धि के लिए प्रेरित करती है।' सदन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पिछले साल अयोध्या के राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में हम सभी ने यह महसूस किया था कि देश अगले हजार वर्षों के लिए तैयार हो रहा है। इस बार महाकुंभ के आयोजन ने हम सभी के विचार को अर्पण किया।

## आने वाली पीढ़ियों के लिए उदाहरण



मानव जीवन के इतिहास में भी अनेक ऐसे मोड़ आते हैं, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए उदाहरण बन जाते हैं। हमारे देश के इतिहास में भी ऐसे पल आए हैं, जिन्होंने देश के जागरूक कर दिया। पीएम मोदी ने कहा, 'देश की सामूहिक चेतना का नतीजा महाकुंभ के दौरान देखने को मिला। युवा पीढ़ी भी पूरे भाव से महाकुंभ से जुड़ी। महाकुंभ पर सवाल उठाने वालों को जवाब मिला है। देश के कोने-कोने में आध्यात्मिक चेतना उभरी है। पीएम मोदी ने मॉरिशस यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि वहां के गंगा तालाब में त्रिवेणी का पवित्र जल डाला।'

### भाषण खत्म होने के बाद सदन में हंगामा

*पीएम मोदी ने महाकुंभ पर अपना संबोधन जैसे ही खत्म किया, वैसे ही विपक्षी सांसदों ने वेल के पास आकर हंगामा मचाना शुरू कर दिया और सवाल करने की मांग करने लगे। जिसके बाद लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि नियम 372 में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि प्रधानमंत्री या कोई भी मंत्री सदन में बिना कोई प्रश्न लिए वक्तव्य दे सकता है। उस समय सदन में कोई भी सवाल नहीं पूछा जा सकता है।*

### मैं महाकुंभ पर मोदी के भाषण का समर्थन करना चाहता था



कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महाकुंभ पर दिए गए बयान पर कहा कि मैं पीएम की बात का समर्थन करना चाहता था, लेकिन उन्होंने महाकुंभ भगदड़ में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि नहीं दी। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि उनको बोलने नहीं दिया गया। उन्होंने संसद परिसर में अपनी बात रखते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को रोजगार के बारे में बोलना चाहिए था।


### विपक्ष को भी बोलने की अनुमति मिलनी चाहिए थी- प्रियंका



कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा, 'वह महाकुंभ पर सकारात्मक बोल रहे थे। विपक्ष को भी अपनी बात रखने का मौका दिया जाना चाहिए था, क्योंकि विपक्ष की भी इसके प्रति भावनाएं हैं और अगर हम अपनी बात रखते हैं तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए थी। विपक्ष को भी दो मिनट बोलने की अनुमति दी जानी चाहिए थी।'

# स्कूलों में प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त करना बच्चों का मौलिक अधिकार इससे वंचित नहीं किया जा सकता

- आरटीई एडमिशन में गड़बड़ियों को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित



**बिलासपुर।** शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत दायर याचिका पर हाईकोर्ट ने सुनवाई पूरी करते हुए फैसला सुरक्षित रख लिया है। इस याचिका में कहा गया है कि प्रदेश के प्रमुख निजी स्कूलों में कुल सीटों का केवल तीन प्रतिशत ही आरटीई के तहत भरा जा रहा है। इसके साथ ही पिछले एक साल में आरटीई के तहत एडमिशन की संख्या में लगभग सवा लाख की गिरावट आई है। इसके बाद कोर्ट ने सरकार और शिक्षा विभाग से पिछले वर्षों में आरटीई की 25 प्रतिशत आरक्षित सीटों पर हुए एडमिशन और रिक्त सीटों की विस्तृत जानकारी मांगी थी। इससे पहले प्रदेश में शिक्षा के अधिकार (आरटीई) के तहत ईडब्ल्यूएस और बीपीएल वर्ग के बच्चों के सही तरीके से एडमिशन नहीं होने को लेकर हाईकोर्ट ने राज्य सरकार और शिक्षा विभाग से जवाब तलब किया था। इससे पहले हाईकोर्ट ने मामले में टिप्पणी करते हुए कहा है कि आरटीई अधिनियम के तहत स्कूलों में प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त करना बच्चों का मौलिक अधिकार है। गरीब माता पिता भी अपने बच्चों को बच्चे को प्राइवेट स्कूलों में पढ़ाने की इच्छा रखते हैं तो वे अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूलों में नामांकन करा सकते हैं। याचिका में कहा गया है प्राइवेट स्कूलों में पहली कक्षा के नामांकन में 25 प्रतिशत सीटों पर गरीब छात्रों को मुफ्त में नामांकन लेना है एवं निशुल्क पढ़ाई कराना है। लेकिन गरीब बच्चों के नामांकन में प्राइवेट स्कूल के संचालकों की मनमानी जारी है। घर से 100 मीटर के दायरे में एडमिशन के नियम के आधार पर कई बच्चों को प्रवेश वंचित किया जा रहा है। याचिका में कहा गया है कि बड़े निजी स्कूल आरटीई के तहत आने वाले आवेदनों को जानबूझकर खारिज कर रहे हैं। इन सीटों को डोनेशन और फीस लेकर भरा जा रहा है।

### एडमिशन की पूरी जानकारी मांगी गई

इसके साथ ही हाईकोर्ट ने पूछा था कि यदि खाली सीटों को ओपन कैटेगरी में भरा गया, तो उसके लिए क्या प्रक्रिया अपनाई गई। इसके अलावा, अदालत ने सरकार को आरटीई एडमिशन की संपूर्ण संरचना की जानकारी देने का निर्देश दिया था। ध्यान रहे कि भिलाई के वरिष्ठ समाज सेवी सीवी भगवंत राव ने इस मामले में जनहित याचिका दायर की है। अधिवक्ता देवर्षि सिंह के माध्यम से दायर इस याचिका में पूर्व में चार दर्जन निजी स्कूलों को पक्षकार बनाया गया था। पहले हुई सुनवाई में हाईकोर्ट ने इन स्कूलों को नोटिस जारी किया था।

### यह कानूनी लड़ाई 2012 से जारी

याचिकाकर्ता के मुताबिक आरटीई के तहत शिक्षा के अधिकार की यह कानूनी लड़ाई 2012 से जारी है। 2016 में हाईकोर्ट ने विस्तृत दिशा-निर्देश भी जारी किए थे। मगर, निजी स्कूलों ने इन्हें सही ढंग से लागू नहीं किया। इस लापरवाही और अनियमितता को देखते हुए फिर से याचिका दायर की गई है। हाईकोर्ट ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सरकार और शिक्षा विभाग से विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने कहा है कि 6 से 14 आयु समूह के बच्चों के लिए मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा बच्चों का अधिकार है। बच्चे को आर्थिक एवं सामाजिक आधार पर पढ़ाई से रोका नहीं जा सकता है।

## औद्योगिक प्रदूषण को लेकर हाईकोर्ट गंभीर, शासन ने 36 कंपनियों को नोटिस दिया

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ में बढ़ते प्रदूषण को लेकर बिलासपुर हाईकोर्ट में जनहित याचिका के तौर पर सुनवाई चल रही है। कोर्ट की नोटिस के बाद राज्य शासन ने अपना जवाब पेश कर दिया है। शासन की ओर से कहा गया है कि प्रदेश भर में संचालित उद्योगों, कारखानों में प्रदूषण की स्थिति को नियंत्रित करने के उपाय किए जा रहे हैं। प्रदूषण फैलाने वाली 36 कंपनियों को नोटिस भी दिया गया है। कोर्ट ने मामले में शासन से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। इसके साथ ही सुनवाई 19 मार्च के लिए बढ़ा दी गई है। दरअसल, प्रदेश भर में संचालित उद्योगों, कारखानों में काम करने वाले श्रमिकों को सीमेंट और लोहे की डस्ट से बहुत परेशानी होती है। इस कारण कामगारों के फेफड़े बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। उत्कल सेवा समिति, लक्ष्मी चौहान, गोविन्द अग्रवाल, अमरनाथ अग्रवाल ने अपने अधिवक्ताओं के माध्यम से हाईकोर्ट में अलग-अलग याचिका दायर की है। हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान में लेकर एक जनहित याचिका पर सुनवाई शुरू की है। हाईकोर्ट के निर्देश पर सभी याचिकाओं की एक साथ सुनवाई चल रही है। पूर्व में डिवीजन बेंच ने प्रदेश के उद्योगों का निरीक्षण करने और रिपोर्ट देने के लिए हाईकोर्ट के वकीलों को कोर्ट कमिश्नर नियुक्त किया था। जिसके बाद कोर्ट कमिश्नर ने अलग-अलग संभाग में संचालिक उद्योगों का निरीक्षण किया। **60 ऐसे स्पंज आयरन और सीमेंट प्लांट-** याचिकाकर्ता के अधिवक्ताओं ने कोर्ट को बताया है कि राज्य में तकरीबन 60 ऐसे स्पंज आयरन और सीमेंट प्लांट हैं, जहां इस प्रकार की शिकायतें आ रही हैं। इसके बाद चीफ जस्टिस की डिविजन बेंच ने आठ अधिवक्ता को कोर्ट कमिश्नर बनाकर डाटा रिपोर्ट पेश करने को कहा था। कोर्ट कमिश्नरों ने अपनी रिपोर्ट डिवीजन बेंच में सौंपी थी।

## 'उद्धव ने पीएम मोदी से मिलकर मांगी थी माफी'

**मुंबई।** महाराष्ट्र के नागपुर में हिंसा को लेकर जमकर सियासी बवाल मचा हुआ है। महायुति और महाविकास अघाड़ी के नेता एक दूसरे को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। इसी बीच उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने विधानपरिषद में बड़ा दावा किया। उद्धव ठाकरे पर हमला बोलते हुए एकनाथ शिंदे ने कहा, कुर्सी के लिए उन्होंने बालासाहेब ठाकरे के विचार छोड़ दिए। आपने कांग्रेस के साथ जाकर कुर्सी हासिल की, विचारधारा छोड़ दी। उनके प्रमुख ( उद्धव ठाकरे) दिल्ली गए थे और वहां जाकर माफी मांगी। उन्होंने कहा कि हमें बचा लो, हम महायुति सरकार में शामिल हो जाएंगे, लेकिन मैंने उनका खेल पलट दिया।



- महाराष्ट्र के पूर्व सीएम शिंदे का बड़ा दावा

### मैं शेर का बच्चा हूं

उद्धव की पार्टी के नेता अनिल परब को निशाने पर लेते हुए शिंदे ने कहा, आप भी दिल्ली गए थे और वहां जाकर माफी मांगी और राज्य में वापस आकर पलटी मार ली। मैं शेर का बच्चा हूं, 80 सीटों पर लड़ा और 60 सीटें जीतीं. अनिल परब, आपकी सारी बातें मुझे पता हैं। नोटिस से डरकर कौन कहां गया, मुझे सब पता है। मैं नीचे बेल्ट वार नहीं करता। नोटिस आने के बाद आप कहां गए, मुझे पता है। शिंदे ने विधानपरिषद में कहा, देवेंद्र फडणवीस और गिरीश महाजन को जेल में डालने का उनका प्लान था। उन्होंने औरंगजेब के विचार अपनाए, लेकिन मैंने उन्हें छोड़ दिया। इसलिए मेरे साथ 60 लोग आए, मैंने हिंदुत्व की सरकार बनाई।

## नफरती ट्वीटः कपिल मिश्रा को राहत नहीं

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने 2020 के विधानसभा चुनाव के दौरान कथित रूप से आपत्तिजनक ट्वीट करने को लेकर दिल्ली के मौजूदा कानून मंत्री कपिल मिश्रा के खिलाफ निचली अदालत में कार्यवाही पर रोक लगाने से मंगलवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति रविंद्र डुडेजा ने सत्र अदालत के उस आदेश को चुनौती देने वाली भाजपा नेता की याचिका पर दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया, जिसमें मजिस्ट्रेट अदालत द्वारा जारी समन के खिलाफ मिश्रा की याचिका को खारिज कर दिया गया था।

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृष** — आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। मन प्रसन्न रहेगा।

**मिथुन** — किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** — जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें।

**वृश्चिक** — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।

**धनु** — आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। घर-परिवार में धार्मिक एवं मांगलिक कार्य हो सकते हैं।

**मकर** — क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। पिता से धन मिल सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** — मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। माता का सहयोग मिलेगा।

**मीन** — पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे।

## पैसे देकर बना रहे थे ईसाई, 2 गिरफ्तार



**अहमदाबाद।** गुजरात के सुरेंद्रनगर जिले में स्थानीय लोगों को ईसाई धर्म अपनाने के लिए कैश और दूसरे तरह के लालच देने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों की पहचान रतिलाल परमार और भंवरलाल पारधी के रूप में हुई है। दोनों ने कुछ हिंदू लोगों को धर्म परिवर्तन के लिए 20 हजार रुपए कैश दिए थे। इस मामले में सोमवार को केस दर्ज किया गया था। वडाली थाना प्रभारी डी आर पढेरिया ने बताया कि रतिलाल परमार सुरेंद्रनगर और भंवरलाल पारधी उदयपुर का रहने वाला है। उन दोनों ने लोगों को ईसाई धर्म अपनाने के लिए लालच दिया था। लोगों से यह भी दावा किया था कि ईसाई धर्म अपनाने के बाद उनकी असाध्य बीमारियां ठीक हो गईं।


**Directorate of Urban Administration & Development**
**Technical Cell, Indravati Bhawan, Atal Nagar (C.G.)**

**e-Procurement Tender Notice**
**Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in**
**(SECOND CALL)**

NIT No:- /TC/UAD/2024-25/1947 Raipur Dated:-10/03/2025

| S. N. | System Tender No. | Name of Work/Description of Work | Probable Amount of Contract (Rs. In Lakh) |
|---|---|---|---|
| 1 | 165365 | Construction of Nalanda Parisar at Ward No. 01 Nayapara Pared Ground Nagar Palika Narayanpur. | 436.43 |
| 2 | 165366 | Construction of Nalanda Parisar at Ward No. 04 Civil line Nagar Palika Kanker. | 436.43 |
| 3 | 165367 | Construction of Nalanda Parisar at Nagar Panchayat Kunkuri. | 437.13 |

The Details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal http://eproc.cgstate.gov.in from 11.03.2025, 17.31 Hours. (IST) on wards & Last date for Online Bid Submission is 27.03.2025 Up to 17:30 Hours. Physical envelope containing original FDR and affidavit shall reach to this office on or before 02.04.2025, 16:30 Hours by speed post only.
For more details of the tender and bidding process, please visit the above-mentioned portal.

G.- 242506017/1

**Chief Engineer**
**Urban Administration & Development, Atal Nagar**



**कार्यालय, नगर पंचायत सरगांव, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**
Email-npsargaoncmo@gmail.com

क्रमांक / 1335/ लो.नि.वि./न.पं./2024-25 सरगांव, दिनांक 17/03/2025

**मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पंचायत सरगांव क्षेत्र अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए वार्षिक निविदा हेतु निम्न कार्य हेतु एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकदारो से PWD ( Building / Road SOR 01-01-2015 / Non SOR ) एवं जलप्रदाय, विद्युत सामाग्री, स्टेशनरी सामाग्री एवं सफाई सामाग्री हेतु पंजीकृत निर्माण एजेंसी फर्म या अधिकृत विक्रेता से त्रिलिफाफा पध्दति से पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि :- 01.04.2025 समय 5:30 बजे तक
निविदा प्रपत्र प्रदाय करने की अंतिम तिथि :- 03.04.2025 समय 5:30 बजे
निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि :- 08.04.2025 समय 4:00 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 08.04.2025 समय 4:30 बजे


| क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र शुल्क | अनुमानित राशि | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जोनल टेंडर (भवन SOR) | 15.00 (1 कार्य 3.00 लाख तक) | 750.00 | 11250.00 | - |
| 2 | जोनल टेंडर (रोड SOR) | 15.00 (1 कार्य 3.00 लाख तक) | 750.00 | 11250.00 | - |
| 3 | जोनल टेंडर (PHE SOR) बोरखनन/पाईप लाईन | 19.50 | 750.00 | 14625.00 | - |
| 4 | जल प्रदाय सामग्री क्रय (सूची के अनुसार) | 15.00 | 750.00 | 11250.00 | - |
| 5 | विद्युत सामग्री प्रदाय कार्य (सूची के अनुसार) | 10.00 | 750.00 | 7500.00 | - |
| 6 | स्टेशनरी सामग्री कार्य (सूची के अनुसार) | 5.00 | 750.00 | 3750.00 | - |
| 7 | सफाई सामग्री प्रदाय कार्य (सूची के अनुसार) | 10.00 | 750.00 | 7500.00 | - |

टीप :- 1. जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र, पिछले 2 वर्ष का आयकर रिर्टन, जी.एस.टी, पेनकार्ड, ईपीएफ पंजीयन प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होंगा। तथा उक्त निविदा विभागीय वेबसाईड http:uad.cg.gov.in से भी देखी जा सकती है।

परमानंद साहू
अध्यक्ष
नगर पंचायत सरगांव

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत सरगांव
जिला – मुंगेली (छ.ग.)


## शब्द पहेली - 5809



**बाएँ से दाएँ**
1.नेमत,वर,ईष्टकृपा -4
3.उद्देश्य,ध्येय-4
8.सयाना,चतुर-4,3
10.मनुष्य-3
11.मोल,दाम-3
13.बैठने का स्थान-3
15.दौड़ना (अंग्रेजी-2)
17.पराजित-2
18.वध,कत्ल-2
19.काव्यकार,शायर-2
21.राशिचक्र की दसवीं राशि-3
25.आक्रमण,प्रहार-3
26.पालतू जानवर-3
27.ईश्वर,भगवान-7
30.ईश्वरीय कृपा-4
31.भयभीत होना, डरना-4

**ऊपर से नीचे**
2.असुर,दैत्य-3
4.गागर,घड़ा-3
5.मन की करना-4
6.प्रार्थना,ईश वंदना-4
7.चरित्र,ईमान-3
8.कार्यविधि-3
9.रेखा,लाईन-3
12.माला का मोती-3
13.राहत,विश्राम-3
14.कैनाल,उपनदी-3
16.नगद राशि-3
20.रुदन -3
22.पक्षियों का शोर-4
23.मध्यांग, कटि-3
24.12 राशियों का समूह-4
25.महल,बड़ा भवन-3
28.सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
29.अदृश्य, जो दिखाई न दे-3

**शब्द पहेली- 5808 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | ज | दा | क | र | ना | | म | त | वा | ला |
| ह | रा | | त | | का | म | ना | | दा | वा |
| न | | बे | र | ह | म | | ना | रा | | रि |
| शी | ल | वा | न | | या | द | | नी | र | स |
| ल | | प | | ख | ब | र | ची | | न | |
| ता | र | न | हा | र | | का | न | भ | र | ना |
| | म | | र | ह | ब | र | | यं | | प |
| प्र | ण | य | | रा | हु | | ब | क | वा | स |
| ति | | दा | स | | बे | क | रा | र | | न्द |
| का | न | | चि | रा | ग | | म | | क | हो |
| र | म | जा | न | | रा | द | द | क | र | ना |

## सूडोकु नवताल - 5819

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 5 | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | |
| | | | 6 | | | 7 | 4 | |
| 6 | | | 2 | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 8 |
| | | | 7 | | 5 | | | 3 |
| | 4 | 7 | | | 1 | | | |
| | | | | | | | | 6 |
| | | | | | | 5 | 2 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5818 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 9 | 2 | 6 | 8 | 5 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 6 | 7 | 4 | 5 | 9 | 2 | 3 |
| 7 | 5 | 2 | 3 | 9 | 1 | 6 | 4 | 8 |
| 1 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 | 3 | 9 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 1 |
| 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 5 | 2 | 1 | 6 | 8 | 7 | 3 | 9 | 4 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 3 | 4 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 4 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 5 |

ऐतिहासिक

राम कुमार बेहार

## संघर्षों से भरा रहा मधुरांतक देव का शासन काल




1060 ई के बाद मधुरांतक देव का शासन काल प्रारम्भ होता है। उसके कुल का लांछन धनुव्याघ्र था। उनके ध्वज में ऐरावत के पीछे कमल तथा कदली पत्र अंकित था जो यह दर्शाता है कि वह मूल नागों से पृथक वंश का नाम नृपति था। चक्रकोट तथा भ्रमर कोट बस्तर अंचल में दो मुख्य मंडल हैं। इनमें से भ्रमरकोट मंडल का ही मधुरांतक देव मांडलिक था। मधुरांतक ने धारावर्ष को युद्ध में हरा कर संभवतः राजसत्ता प्राप्त की थी। सोमेश्वर प्रथम ने मधुरांतक को परास्त के बाद उसकी हत्या कर बस्तर अंचल के दोनों मंडलों पर अधिकार स्थापित किया, चक्रकूट नगर को राजधानी बना कर शासन किया। मधुरांतक को राजपुर ताम्र पत्र में भ्रमरकोटच्य का राजा कहा गया है। उसकी विरुदावली बड़ी थी, भोगवती पूर्वेश्वर उसकी विरुदावली थी। मधुरांतक ने नाग साम्राज्य को स्थापित करने के लिए 1065 ई पूर्व अनेक युद्ध किए। यह युद्ध कोरापुट और कालाहांडी क्षेत्र में संभावित हुए। राजा सोमेश्वर ने युद्ध में महाबली मधुरांतक का वध किया।

सुरता

सुधीर सक्सेना

## साहसी और दूरदर्शी थे धुर्वाराव



अंग्रेजों के शासन काल में भैरम देव तो खुल कर सामने नहीं आ सके किन्तु धुर्वाराव के नेतृत्व में उसके तालुक की जनता ने अंग्रेजी सरकार के प्रति विद्रोह कर दिया। इलियट (1856) के हवाले से ज्ञात होता है कि आदिवासियों ने गांवों को लूटना प्रारंभ कर दिया। माल से लदी बैलगाड़ियों को अपने अधीन कर लिया। दक्षिण बस्तर में इलियट की सेना तथा तेलंगा माडियों के बीच अनेक संघर्ष हुए। माडिया अपनी सैनिक गतिविधियों के लिए पहाड़ियों को ही केंद्र बनाए हुए थे। वे पूरी तरह छापामार युद्ध का अभ्यास करते और अंग्रेजों से संबंध रखने वाले लोगों पर घात लगाकर हमला करते। सबसे महत्वपूर्ण संघर्ष 3 मार्च सन 1856 को चिंतलनार में हुआ। अपने तीन हजार साथियों के साथ धुर्वाराव चिंतलनार की पहाड़ियों पर घात लगाकर बैठ गया और वहां से प्रातः आठ बजे गुजरने वाली सेना पर टूट पड़ा। घात प्रतिघात की स्थिति सांयकाल साढ़े तीन बजे तक चलती रही। ब्रिटिश अधिकारियों के अनुसार आदिवासियों ने यहां कड़ा मुकाबला किया था। विद्रोह को दबाने के लिए भोपालपट्टनम का जमींदार अंग्रेजी सेना के साथ था। वह घायल हो गया। भोपालपट्टनम का एक सरकारी कर्मचारी मारा गया। 460 माडिया महिलाओं तथा बच्चों को बंदी बना लिया गया, जिनमें धुर्वाराव के पत्नी और बच्चे भी थे। धुर्वाराव को पकड़ कर फांसी दे दी गई। उसके तालुका को छीनकर इसे पुरस्कार स्वरूप भोपालपट्टनम के जमींदार को दे दिया गया। धुर्वाराव को फांसी हो जाने के बाद ब्रिटिश सरकार ने लिंगागिरी परगना भोपालपटनम के जमींदार यादोराव के पिता के सुपुर्द कर दिया गया, क्योंकि विद्रोह दबाने में यादो राव के पिता का महत्वपूर्ण योगदान था।

लोक नृत्य

विजय चौरसिया

## ताली बजाए जाते हैं तपाड़ी नृत्य में



छत्तीसगढ़ के आदिवासी अंचलों में तपाड़ी नृत्य केवल महिलाओं द्वारा किया जाता है। इनकी तीन रचनाएं होती हैं। पहले में युवतियां आमने सामने दो कतारों में खड़ी होती हैं। इसमें एक दूसरे का हाथ नहीं पकड़ा जाता वरन्-आगे की ओर झुक कर हाथ में तालियां बजाई जाती हैं। इसमें पद निक्षेप के बाद थोड़ा विराम दिया जाता है। दूसरे में पहले के थोड़ी देर बाद एक कतार की युवतियां दूसरी ओर पीठ कर लेती हैं और घुटनों पर झुककर बाहों को लहराते हुए जोर शोर से तालियां बजाती हैं। तीसरी ओर अंतिम रचना में दोनों कतारें मिल कर एक बड़ा घेरा बनाती हैं। सभी का चेहरा घेरे के अंदर की ओर रहता है और सभी नीचे की ओर झुक कर हाथों से तालियां बजाती हैं। इस नृत्य में मांदर का उपयोग नहीं होता, युवतियां सिर्फ थपेड़िया बजाती हैं। इसलिए इसका नाम तपाड़ी नृत्य पड़ा।

हमर देहात क्षेत्र म चुल्हा म आगी बारे बर छेना कस खरसी के उपयोग करे जाथय। येकर आँच बड़ रगरग-रगरग करथय। ये बड़ सस्ता अउ सुलभ चीज आय। जिंकर घर गरुवा नइ राहय, तहुँहर बाहिर ले बिनके ले आथँय। खरसी ले गरीब-ले-गरीब मनखे के चुल्हा जलथय। गोरसी भरे म घलो ये काम आथय।





# आवव जानन हमर महत्वपूर्ण जिनीस खरसी



चिन्हारीः टीकेश्वर सिन्हा 'गब्दीवाला'

परहित सरिस धरम नहिं भाई।
पर पीड़ा सम नहीं अधमाई।₹

गोस्वामी तुलसीदास जी के दू डाँड़ म सांसारिक जीवन-कल्याण के सार तत्व अउ गूढ़ रहस्य समाय हे। दिगर के भलाई ले मनखेपना के सीख मिलथय। पर के भलाई ले ही दुनियादारी ल जाने-समझे जा सकथय। अइसे लागथय जइसे कि सृष्टि के रचइया हर मनखे बर जम्मो जीव-जगत ल कुछ न कुछ कारज सौंपे हे। येकर सती तो मनखे खातिर एक ठन प्राणी के हित जग जाहिर हे; अउ वो प्राणी आय- गाय यानी गउ माता।

गउ माता के महत्व अउ उपयोगिता ल जानत-परखत शायद दुवापर-युगश्रेष्ठ यदुवीर श्रीकृष्णचंद्र जी ह गोपालन के कारज ल अपन हाथ म लियीन; अउ वो गोपाल कहलाइन। ये उँकर सामाजिक संदेश आय, जेन आज अनुकरणीय हे। गउ माता के जियत काया भर ही नहीं; भलुक वोकर मृत देह घलो मनखे बर बड़ उपयोगी सिद्ध होथय। गाय के दूध, मल-मूत्र अउ चर्म के संगे-संग, वोकर सकल अंग मनखे-हित बर होथय। अइसना गउ माता के काँचा गोबर ह तो उपयोगी होबे करथय, संगे-संग वोकर सुखाय गोबर ह घलो हमर गाँव अंचल म बड़ महत्वपूर्ण जलाऊ जिनीस होथय। अउ उही जिनीस ह कहलाथय- खरसी। तीन अक्षर के 'खरसी' शब्द ह खड़-खड़ (खर-खर) ले सुखाय गोबर ले मिले जलाऊ चीज हरय। गोबर के सुखाय रूप ही आय खरसी। गाय-गरु अउ भँइस-भँइस्सा के घर, कोठा या घर ले बाहिर म उँकर करे गोबर खरसी बनथय। गोबर ह लकलक ले घाम म जतका जादा सुखथय, वोतका बढ़िया गुणवत्ता वाले खरसी बनथय।

घर-द्वार या कोठा-कुरिया म बहुते-कम खोरसी देखेला मिलथय, काबर कि गोबर ल सुखाये के पहिली ले ही बिन ले जथय; पर जब गाय-गरु अउ भँइस-भँइस्सा ह घर ले बाहिर खेतखार, मेड़पार या भर्री-भाँठा म घूमे-चरे बर जाथँय, उही कोती गोबर करथँय, त वो गोबर ह घाम म खड़-खड़ ले सुखा जाथे, इही गोबर खरसी बनथय, याने गोबर के बहुते-जादा सुखाय रूप ही खरसी आय। बाहिर ले बिनके लायले अउ गोबर ले बने छेना के जगा बउरे ले येला 'बिनिया छेना' घलो कहिथय।

हमर गाँव-देहात म लोगन, अउ जादातर दस-बारा बरस के नोनी या माईलोगिन मन जउँहा या बोरी धरके खरसी बिने बर जाथँय। ठर-ठर ले सुखाय खरसी ल बिनके पहिली एक जगा सकेलथँय, ताहन फेर जउँहा-बोरी म भरके लाहत-तापत, थप-थप पछीना म माईलोगिन मन मुँड़ म बोहके घर आथँय। येमा माईलगिन मन के सहनशीलता अउ उँकर मेहनत मिंझरे रथँय। हमर देहात क्षेत्र म चुल्हा म आगी बारे बर छेना कस खरसी के उपयोग करे जाथय। येकर आँच बड़ रगरग-रगरग करथय। ये बड़ सस्ता अउ सुलभ चीज आय। जिंकर घर गरुवा नइ राहय, तहुँहर बाहिर ले बिनके ले आथँय। खरसी ले गरीब-ले-गरीब मनखे के चुल्हा जलथय। गोरसी भरे म घलो ये काम आथय। गोरसी के पलापला राखर म येला चपक के राखे ले बढ़िया रग-रगात रहिथय, जेन ह आगी सुल्गाय के काम आथय। घर म कँइच्चा गोबर नइ राहय ले खरसी ल गुड़ा करके पानी म घोर के दुवार-अंगना ल लिपे अउ छरा देये जाथय। ये जैविक खातू तको बनथय। हमर अंगाकर अउ पान रोटी हर येकर आँच म बड़ बढ़िया चूरथय। दूध चुरोय बर घलो खरसी आगी बने होथय। खरसी-आगी के पलपला म लसून-मिरचा बढ़िया भुँजाथय। आलू, गोंदली अउ काँदा-कुसा हर बड़ बढ़िया उसनाथय खरसी-आगी मा। खरसी राख ह बरतन माँजे के काम घलो आथय। कोनो-कोनो क्षेत्र म खरसी आगी ले देव-धामी ल हूम-धूप देवई पवित्र माने जाथय। जानकार मनखे मन नान्हे लइका मन ल तेल-फुल लगावत खरसी-आगी के मद्धम आँच ले सेंकई ल बने मानथँय। बाँस के कमचिल अउ खरसी-आगी के आँच के सेंकई ल नान्हे लइका मन के बदहजमी बर दवई अस माने जाथय। हमर देहात म खरसी के संबंध म एक ठन टोटका घलो हावय कि कोनों मनखे ल खरई-ठनकी होय (धरे) ले कोथा म खरसी ल थोरिक चपक के राखे ले खरई-ठनकी बने होथय।

हमर गाँव-देहात म खरसी के उपयोगिता ल जानत-समझत हमला गउ माता के महत्व ल जानना-समझना जरूरी हे। आज हमला गउ माता ले मिले खरसी ल बउरत हमर देहाती संस्कृति ल बचाय रखना घलो जरूरी हे। स्पष्ट हे, हमर गउमाता के संरक्षण अउ संवर्धन बहुते जरुरी हे।

गांव की कहानी : राहुल कुमार सिंह

## छत्तीसगढ़ के अधिकांश गांव सोने के नाम पर




छत्तीसगढ़ में अनेक गांव का नाम सोने के नाम पर होता है। और वास्तव में स्वर्ण की प्राप्ति या उससे संबंधित खोज के प्रमाण को भी दर्शाते हैं। छत्तीसगढ़ में सोन, सोनसरी, सोनादुला, सोनाडीह, सोनतरई, सोनबरसा, सोनसरी और सोन सरार नाम के कई गांव देखने मिल जाते हैं। अमीर धरती के गरीब लोग जुमला वाले छत्तीसगढ़ का सोनाखान, अब तक मिथक सा माना जा रहा, सचमुच सोने की खान साबित हुआ है। पिछले दिनों सोनाखान के बाघमारा क्षेत्र की सफल नीलामी से छत्तीसगढ़ गोल्ड कंपोजिट लाइसेंस की नीलामी करने वाला पहला राज्य बन गया है। बलौदाबाजार जिले के सोने की खान, बाघमारा क्षेत्र 608 हेक्टेयर में फैला है। आंकलन है कि यहां लगभग 2700 किलो स्वर्ण भंडार है। यहां खोज का प्रारंभ 1981 में किया गया था। इस गांव के आसपास भी स्वर्ण प्राप्त होने की पुष्टि हो चुकी है। इसी तरह इस गांव का सम्बन्ध महानदी से है तथा महानदी के किनारे खास कर मांद संगम चंदरपुर और महानदी की सहायक ईब व अन्य सहायक जलधाराओं के किनारे लोगों को सोना निकालने के काम में तल्लीन देखा जा सकता है। सोना झारने या अलग करने वाले लोगों के रहने वाले गांव को सोनझरिया भी कहा जाता है। सोना झारने के लिए सोनझरा छिछला, अवतल अलग अलग आकार का कठौता इस्तेमाल करते हैं। इनका पारंपरिक तरीका है कि जलधाराओं के आसपास की तीन कठौता मिट्टी लेकर स्वर्ण कण मिलने की संभावना तलाश करते हैं इस क्रम में सुनहरी पट्टी मिलते ही सोना झारते, रास्ते में मुश्किलों को नजर अंदाज करते हुए आगे बढ़ने लगते हैं। ऐसी मिट्टी को पानी से धोते धोते मिट्टी घुल कर बहती जाती है और यह प्रक्रिया दुहराते हुए अंत में सोने के चमकीले कण अलग हो जाते हैं।

लोक साहित्य

डा विनोद कुमार वर्मा

## छत्तीसगढ़ी शब्द में उलुहा और उसका महत्व



छत्तीसगढ़ी में कई ऐसे शब्द हैं जिसका एक विशेष महत्व होता है। ऐसे ही एक विशुद्ध शब्द उलुहा है जिसका अर्थ है - बीज से नवस्फुटित कोंपल जिसमें छोटी छोटी पत्तियां और शाखाएं हों , जो पौधा बनता है, जिसमें जीवन का चिन्ह तो है ही, साथ ही वह वृक्ष बनने की पूरी क्षमता भी रखता है। उलुहा शब्द का प्रयोजन यहां एक और अर्थ में भी लिया जाता है -जब पेड़ पौधे की पत्तियां झड़ जाती है तब कुछ दिनों के बाद उसमें नई शाखाएं और उन शाखाओं में कोमल कोमल पत्तियां दिखाई पड़ती हैं। इन नवस्फूटित शाखाओं और पत्तियों को भी उलुहा कहा जाता है। देखें यहां संबंधित कविता -

उलुहा बेटी के गुहार,
दाई मोला तै झन मार।
बाबू दुनो रात कन,
सलाव होवत रहा।
ए दारी के फेर टूरी ए,
तुमन कहत रहा।
मैं पेट भीतरी म,
सुलियाय उलुहा बेटी,
अभिमन्यु कस,
तुमन के गोठबात ल,
चुप्पे चुप सुनत रहें।

### लेखकों से..

छत्तीसगढ़ की लोक कला, लोक साहित्य, पर्यटन, तीज त्योहार, गांव की कहानी, ऐतिहासिक, पुरातात्विक, शैलचित्र, भितिचित्र, कला कृति और पुरखा के सुरता के साथ ही सम सामयिक विषयों पर अधिकतम 500 शब्दों पर लेख भेजें- **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

लोक चित्र

वसंत निरगुणे

## लोक चित्र में मिथक और प्रयोग

**लोक में भी अनेक मिथ कथा चित्र पर्व त्योहारों पर बनाए जाते हैं। मिथ कथा चित्रों के विषय किसी पुरा आख्यान, लोक विश्वास, लोक आस्था के नायक नायिका, देवी देवता पर केंद्रित होते हैं। ऐसे मिथ कथा चित्रों की परम्परा को लोक में अखंडित रूप में देखने की परिपाटी है।**

लोक साहित्य में मिथकों का जितना प्रयोग मिलता है, उतना ही लोक चित्रों में भी मिलता है। कोई भी लोक चित्र बिना मिथक के पूरा नहीं होता। अनुष्ठानिक चित्रों की प्रवृति पूर्णतः मिथकीय होती है, क्योंकि उनमें बनाई जाने वाली आकृतियों के पीछे कोई न कोई कथा होती है। मनुष्य पेड़ पौधे, नदी पहाड़,दैनंदिनी वस्तुओं के रूपाकार, संकेत, बिम्ब, प्रतीक या अभिप्रायों के माध्यम से उकेरे जाते हैं। अलंकरण में खींची जाने वाली रेखाएं, वृत, त्रिभुज, चतुर्भुज, लटकन आदि मिथकथा चित्रों में कोई न कोई मिथकीय रूप ग्रहण कर लेती है। भील जनजाति में बनाया जाने वाला पिथौरा आलेखन पूर्णतः मिथ कथा चित्र परम्परा का संपूर्ण चित्र कहा जा सकता है। इसमें सभी चित्रों के पीछे कोई न कोई अनुष्ठान, गाथा और श्रद्धा का भाव निहित है।



लोक में भी अनेक मिथ कथा चित्र पर्व त्योहारों पर बनाए जाते हैं। मिथ कथा चित्रों के विषय किसी पुरा आख्यान, लोक विश्वास, लोक आस्था के नायक नायिका, देवी देवता पर केंद्रित होते हैं। ऐसे मिथ कथा चित्रों की परम्परा को लोक में अखंडित रूप में देखने की परिपाटी है। मिथ कथा चित्रों की प्रत्येक बात का अनुसरण लोक में प्रायः वैज्ञानिक सच की तरह किया जाता है। मिथ कथा चित्रों की आस्था और अनुष्ठान बहुत कम बदलते हैं क्योंकि मिथक यथार्थ से कहीं ऊपर शाश्वत सच के नजदीक होता है। इसीलिए मिथ, मिथक और मिथ कथा चित्रों पर लोक में सहज विश्वास देखा जाता है।

मिथ कथा चित्रों के सृजन में मानवीय संवेदनाओं को सच्ची अभिव्यक्ति मिलती है। कई मिथक और मिथ कथा चित्रों में आसपास की अदृश्य पराशक्तियों का आव्हान मिलता है और उनमें जीवन की सुरक्षा और मांगलिकता के वरदान की मौन प्रार्थना होती है। तब मिथ कथा चित्र भाव , भाषा और प्रतीक से बहुत ऊपर की चीज हो जाते हैं।

## खबर संक्षेप



### शेफाली की अंडर 23 वनडे ट्रॉफी में हैट्रिक

**गुवाहाटी।** भारत की आक्रामक बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने महिलाओं की अंडर 23 वनडे ट्रॉफी में हरियाणा के लिये खेलते हुए कर्नाटक के खिलाफ प्री क्वार्टर फाइनल में हैट्रिक लगाई। भारतीय टीम से बाहर शेफाली ने सलोनी पी और सौम्या वर्मा को 44वें ओवर की आखिरी दो गेंदों पर आउट किया और 46वें ओवर की पहली गेंद पर नमिता डिसूजा का विकेट लिया। उन्होंने 20 रन देकर तीन विकेट चटकाये। उनके इस प्रदर्शन से हरियाणा ने मैच जीतकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

### हॉकी के इतिहास पर और किताबें लिखी जाए : टिर्की

**नई दिल्ली।** भारत के महान डिफेंडर और हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा कि पिछले सौ साल में भारतीय हॉकी के



गौरवशाली इतिहास पर लिखा जाना चाहिये ताकि मौजूदा पीढी को इसके बारे में पता चले। भारत के लिये 400 से अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके टिर्की ने 1975 विश्व कप जीत की स्वर्ण जयंती पर आई किताब 'मार्च टू ग्लोरी' के विमोचन के मौके पर कहा ,''भारतीय हॉकी का यह सौवां साल है और इसके गौरवशाली इतिहास की कहानियां नयी पीढी के सामने आनी चाहिये ।

### महिला वनडे विश्व कप के लिए बनाएगी समिति



**नई दिल्ली।** बीसीसीआई की शीर्ष परिषद की कोलकाता में 22 मार्च को होने वाली आपात बैठक में महिला वनडे विश्व कप के लिये आयोजन समिति का गठन किया जायेगा और इस साल होने वाले टूर्नामेंट के लिये वेन्यू का भी चयन किया जायेगा ।

# रोहित को अभी वनडे विश्व कप जीतना है, बचपन के कोच लाड ने कहा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

छह महीने में दो आईसीसी खिताब जीतकर संन्यास की अटकलों को खारिज करने वाले भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की तारीफ करते हुए उनके बचपन के कोच दिनेश लाड ने कहा कि अभी उसे वनडे विश्व कप जीतना बाकी है। लाड ने कहा , 'निश्चित तौर पर अभी उसके भीतर काफी क्रिकेट बाकी है।

- रोहित के भीतर अभी काफी क्रिकेट बाकी है
- शर्मा के संन्यास की अटकलों को किया खारिज

आपने चैम्पियंस ट्रॉफी फाइनल की उसकी पारी देखी होगी जिसमें उसने पक्के क्रिकेट शॉट खेले और एक भी खराब शॉट नहीं था ।' उन्होंने कहा ,'उसने 2023 वनडे विश्व कप से पहले अपने खेल में बदलाव किया और उसका फोकस अच्छी शुरूआत देने पर ही रहा , बड़े शतकों पर नहीं ताकि टीम को फायदा हो।'



### रोहित के फार्म व फिटनेस पर उठे थे सवाल

*चैम्पियंस ट्रॉफी में तीसरी बार खिताब जीतने से पहले अटकलें लगाई जा रही थी कि क्या रोहित का यह आखिरी टूर्नामेंट होगा। घरेलू टेस्ट श्रृंखला में हार, आस्ट्रेलिया दौरे पर मिली हार के बाद रोहित के फॉर्म और फिटनेस पर सवाल उठे और उनके वजन को लेकर भी काफी बातें हुईं।*

### कीवी के खिलाफ विजयी पारी खेली थी

*पिछले साल भारत को टी20 विश्व कप दिलाने वाले रोहित ने हालांकि न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल में 76 रन की पारी खेलकर टीम को जीत दिलाई। फाइनल के बाद प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने साफ तौर पर कहा कि वह अभी संन्यास लेने नहीं जा रहे।*

### वनडे विश्व कप 2027 का सपना अभी बाकी है

लाड ने कहा ,'' जब उसने टी20 विश्व कप जीतने के बाद उस प्रारूप से विदा ली तो मुझे पता था कि उसे दो टूर्नामेंट अभी और जीतनी थी। एक विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल और दूसरा वनडे विश्व कप। दुर्भाग्य से इस बार हम डब्ल्यूटीसी फाइनल में नहीं पहुंच सके लेकिन अभी वनडे विश्व कप 2027 में होना है और उसका यह सपना पूरा हो सकता है।''



### टिप्पणी के बावजूद रोहित अविचलित रहे

*2023 में दस मैच जीतने के बावजूद आखिरी बाधा पार नहीं कर पाये और एक बार फिर खिताब से चूक गया। मुझे लगता है कि वह 2027 विश्व कप खेल सकता है। बरसों पहले स्वामी विवेकानंद इंटरनेशनल स्कूल में क्रिकेट के कारण रोहित को लेकर आये लाड इस बात से काफी प्रभावित हैं कि सोशल मीडिया ट्रोलिंग, आलोचना और वजन को लेकर टिप्पणी के बावजूद रोहित अविचलित रहे।*

### 2009 से 2011 तक फॉर्म उतना अच्छा नहीं रहा

कोच ने कहा ,'' 2009 से 2011 तक उसका फॉर्म उतना अच्छा नहीं था जिससे उसे 2011 विश्व कप टीम में जगह नहीं मिली। उसके बाद उसने वनडे में तीन दोहरे शतक लगाये। टेस्ट में पदार्पण में शतक लगाया। टी20 में रिकॉर्ड बनाया।'' उन्होंने कहा, वनडे विश्व कप 2019 में उसके पांच शतक जमाने के बावजूद भारत सेमीफाइनल में हार गया। वह हारने के बाद काफी दुखी था।

## भारत की लंबी दूरी की धाविका है अर्चना जाधव

# भारतीय धाविका जाधव डोप टेस्ट में फेल, लगा चार साल का प्रतिबंध

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत की लंबी दूरी की धाविका अर्चना जाधव पर जनवरी में डोप परीक्षण में विफल रहने के कारण मंगलवार को चार साल का प्रतिबंध लगा दिया गया। अर्चना ने बार-बार याद दिलाने पर भी डोप परीक्षण में असफल रहने के खिलाफ अपील नहीं की जिससे विश्व एथलेटिक्स ने यह मान लिया कि वह अपना अपराध स्वीकार करती है और इसलिए उस पर प्रतिबंध लगा दिया। विश्व एथलेटिक्स की एथलीट इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) के अनुसार, जाधव का जो नमूना पिछले साल दिसंबर में पुणे हाफ-मैराथन के दौरान लिया गया था, उसमें प्रतिबंधित पदार्थ ऑक्सेंड्रोलोन था। यह सिंथेटिक एनाबॉलिक स्टेरॉयड शरीर में प्रोटीन उत्पादन और मांसपेशियों के निर्माण में मदद करता है।

### सभी परिणाम अयोग्य माने जाएंगे

प्रतिबंध सात जनवरी से लागू हुआ। जाधव इस अवधि के लिए अस्थायी तौर पर निलंबित थी। 15 दिसंबर 2024 से उनके सभी परिणाम अयोग्य माने जाएंगे और उन्हें इस अवधि के लिए सभी पुरस्कार, पदक, अंक, पुरस्कार और उपस्थिति राशि जमा करने होंगे।




### जाधव ने ईमेल पर खेद जताया था

*जाधव ने 25 फरवरी को एआईयू को एक ईमेल में उल्लंघन के आरोप का जवाब देते हुए कहा था, ''मुझे बेहद खेद है सर...मैं आपके फैसले का स्वागत करती हूं।'' एआईयू ने कहा कि इस संवाद को लेकर उसकी समझ यह थी कि जाधव को सुनवाई की आवश्यकता नहीं थी और वह निकाय से निर्णय से संतुष्ट थी।*

### तीन मार्च तक का समय दिया गया था

*एआईयू ने कहा कि फिर भी जाधव को सूचित किया गया कि उनके पास यह स्वीकार करने के लिए तीन मार्च तक का समय है कि उन्होंने डोपिंग रोधी नियम का उल्लंघन किया है। इसके बाद भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने 28 फरवरी को उन्हें इसकी याद दिलाई।*

### आखिरी बार अक्टूबर 2024 दिल्ली मैराथन में भाग लिया

*हालांकि, एआईयू को जाधव से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। उन्होंने आखिरी बार अक्टूबर 2024 में दिल्ली हाफ मैराथन में भाग लिया था, जिसमें भारतीय महिला खिलाड़ियों में लिली दास, कविता यादव और प्रीति लांबा के पीछे चौथे स्थान पर रहीं थी।*

**श्रेष्ठ प्रदर्शन**

**10,000** मीटर में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 35:44.26 और हाफ मैराथन में 1:20:21 है। 3,000 मीटर में उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 10:28.82 है।

# पाक को मिल रही हार पर हार, न्यूजीलैंड ने 5 विकेट से जीता दूसरा टी20 मैच



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद भी पाकिस्तान टीम की हार का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान टीम एक भी मैच नहीं जीत पाई थी। उसे न्यूजीलैंड और भारत के खिलाफ मैच में करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा था और सेमीफाइनल की रेस से बाहर हो गई थी। बांग्लादेश के खिलाफ पाकिस्तान का तीसरा और आखिरी ग्रुप स्टेज मुकाबला बारिश में धुल गया था। चैंपियंस ट्रॉफी के बाद अब पाकिस्तान टीम न्यूजीलैंड दौरे पर टी20 सीरीज खेल रही है और यहां भी टीम को लगातार हार मिल रही है। टॉस जीतकर न्यूजीलैंड ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। न्यूजीलैंड के गेंदबाजों के आगे पाकिस्तानी बल्लेबाज संघर्ष करते नजर आए। कप्तान सलमान अली आगा को छोड़कर कोई भी क्रीज पर टिक नहीं सका। सलमान ने 46 रनों की पारी खेली। शादाब खान ने 26 और शाहीन अफरीदी ने 22 रनों का योगदान दिया। पूरी टीम 15 ओवरों में 9 विकेट खोकर 135 रन ही बना सकी।

- पाकिस्तान ने दिया 136 रनों का लक्ष्य

### 15-15 ओवर का हुआ मुकाबला

5 मैचों की टी20 सीरीज में हार से अपने अभियान का आगाज करने वाली पाकिस्तानी टीम अपना दूसरा मैच भी हार गई है। पहले मैच में पाकिस्तान को 9 विकेट से हार का मुंह देखना पड़ा। अब न्यूजीलैंड ने बारिश से प्रभावित दूसरे टी20 मुकाबले में 5 विकेट से पाकिस्तान को करारी शिकस्त दी। इस हार के साथ ही पाकिस्तान की टीम टी20 सीरीज में 0-2 से पिछड़ गई है। डुनेडिन के यूनिवर्सिटी ओवल में खेले गए इस मुकाबले में बारिश के कारण ओवरों की कटौती करनी पड़ी। इसके बाद 15-15 ओवर का मैच हुआ जिसमें मेजबान कीवी टीम बाजी मारने में सफल रही।

## कपिल दौरे पर परिवार साथ रखने के पक्ष में



**नई दिल्ली।** दिग्गज क्रिकेटर कपिल देव विदेश दौरे पर क्रिकेटरों के अपने परिवार साथ में रखने के पक्ष में है लेकिन उन्होंने इसके साथ ही कहा कि इस मामले में संतुलित रवैया अपनाया जाना चाहिए।
भारत की ऑस्ट्रेलिया दौरे में पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला में 1–3 से हार के बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने निर्देश जारी किया कि 45 से अधिक दिन के दौरे में क्रिकेटर अधिकतम 14 दिन तक ही अपना परिवार साथ में रख सकते हैं।

**Sachdeva International School** CBSE AFFILIATION No 3330120

RAIPUR (C.G.) PH.: 8120037037, 7898906011/12, 9302444465
Email: sisraipurcg@gmail.com

**VACANCY**

| S.N | POST | QUALIFICATION | VACANCY |
|---|---|---|---|
| 01 | P. G. T. | Post Graduation with B.Ed. | All Subjects |
| 02 | T. G. T. | Post Graduation with B.Ed. | All Subjects |
| 03 | P. R. T. | Graduation with B.Ed./D.Ed. | All Subjects |
| 04 | NTT | Graduation with NTT | |
| 05 | Counsellor | Post Graduation in Psychology | |
| 06 | Music Teacher | Post Graduation (Music) | |
| 07 | Dance Teacher | Post Graduation (Dance) | |
| 08 | Sports Teacher | B.P. Ed./M. P. Ed. | |
| 09 | Arts & Craft Teacher | BFA/MFA | |
| 10 | Office Assistant | Graduation with knowledge of Hindi & English Typing | |
| 11 | Special Educator | Graduation with D.Ed. | |
| 12 | Abacus/Reasoning Spoken English | Experienced Candidates are Preferable | |
| 13 | Accountant | Experienced Tally Operater/ Knowledge of School/ College Accounts | |

1. Candidates for Teaching Position Should be Fluent in English, Communication and Operational Knowledge of Computer. 2. Salary Negotiable. 3. Send your Resume on or before 25.03.25 to sisraipurcg@gmail.com

Secretary

**अफ्रीका के दिग्गज बल्लेबाज डिविलियर्स का मानना**

# कोहली को अपना स्ट्राइक रेट बढ़ाने की जरूरत नहीं



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज बल्लेबाज एबी डिविलियर्स का मानना है कि विराट कोहली को आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपना स्ट्राइक रेट बढ़ने पर ध्यान देने के बजाय स्मार्ट क्रिकेट खेल कर सूत्रधार की भूमिका निभानी चाहिए तथा शीर्ष क्रम में विस्फोटक बल्लेबाज फिल साल्ट का साथ मिलने से उन पर दबाव कम होगा। कोहली आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की तरफ से लगातार अच्छा प्रदर्शन करते रहे हैं लेकिन पिछले दो सत्र से उनका स्ट्राइक रेट चर्चा का विषय बना हुआ है। बेंगलुरु की फ्रेंचाइजी ने हालांकि आईपीएल के इस सत्र के लिए इंग्लैंड के साल्ट और लियाम लिविंगस्टोन, ऑस्ट्रेलिया के टिम डेविड और वेस्टइंडीज के रोमारियो शेफर्ड जैसे आक्रामक बल्लेबाजों को अपनी टीम में लिया है जिससे डिविलियर्स को लगता है कि कोहली अधिक स्वच्छंद होकर खेल सकते हैं। डिविलियर्स ने मंगलवार को जियोस्टार प्रेस रूम में कहा, ''ऐसा लगता है कि विराट अपने क्रिकेट का आनंद ले रहे हैं। मुझे नहीं लगता कि उन्हें फिल साल्ट के साथ बल्लेबाजी करते हुए अपनी स्ट्राइक रेट बढ़ानी होगी।

- विराट स्मार्ट क्रिकेट खेलकर सूत्रधार की भूमिका निभाए

### विराट बल्लेबाजी विभाग के कप्तान बने

डिविलियर्स ने कहा , ''विराट को इस टूर्नामेंट में बल्लेबाजी विभाग का कप्तान बनने की जरूरत है। उन्हें वास्तव में सूत्रधार की भूमिका निभानी होगी और बल्लेबाजी क्रम में किसी तरह की गिरावट नहीं आए यह सुनिश्चित करने के लिए स्मार्ट क्रिकेट खेलनी होगी।''

# भारत का मालदीव से आज मुकाबला

एजेंसी ▶▶| शिलांग

भारत और मालदीव के बीच बुधवार को यहां जब अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल मैच खेला जाएगा तो सभी की निगाहें संन्यास से वापसी करने वाले स्टार स्ट्राइकर सुनील छेत्री पर टिकी रहेंगी। भारत के लिए यह मैच एक सप्ताह से भी कम समय में इसी स्थान पर बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले एएफसी एशियाई कप क्वालीफायर मैच के लिए ड्रेस रिहर्सल के रूप में काम करेगा।

भारत एशिया कप क्वालीफायर में अपना पहला मैच 25 मार्च को बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगा और 40 वर्षीय छेत्री ने इस प्रतियोगिता में भारत को सफलता दिलाने के लिए ही इस महीने के शुरू में संन्यास से वापसी करने की घोषणा की थी। भारतीय टीम के लिए यह अभ्यास मैच ऐतिहासिक भी है क्योंकि वह पहली बार फुटबॉल के दीवाने इस पहाड़ी शहर में मैच खेलेगी।

- छेत्री पर रहेंगी सभी की निगाहें
- इसी महीने छेत्री ने संन्यास से वापसी की घोषणा की



### भारत बड़ी जीत हासिल करने के उद्देश्य से उतरेगा

फुटबॉल को विभिन्न क्षेत्रों में ले जाना भारतीय फुटबॉल के लिए बहुत अच्छी बात है। भारत इस मैच में बड़ी जीत हासिल करने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगा लेकिन उसे मालदीव को किसी भी तरह से कम करके नहीं आंकना होगा। भारतीय टीम को इस मैच से बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले मैच से पहले यह पता करने का मौका मिलेगा कि उसे किन क्षेत्रों में सुधार करने की जरूरत है।

### हरियाणा, ओडिशा व मप्र ने अपने मुकाबले जीते

**रांची।** हरियाणा, ओडिशा और मध्यप्रदेश ने महिला राष्ट्रीय हॉकी चैम्पियनशिप में मंगलवार को अपने अपने मुकाबले जीते। हरियाणा ने मणिपुर को 7-1 से हराया जबकि ओडिशा ने बंगाल



को 1-0 से मात दी। मध्यप्रदेश ने महाराष्ट्र को 2 - 0 से हराया। हरियाणा के लिये सावी और कीर्ति ने दो जबकि खासा शशि , सुप्रिया और कीर्ति ने एक एक गोल किया। मणिपुर के लिये एकमात्र गोल दीना देवी ने दागा। अगले मैच में ओडिशा के लिये दीपिका बारवा ने गोल किया। तीसरे मैच में मध्यप्रदेश के लिये भूमिक्षा साहू और कप्तान सोनिया कुमरे ने गोल किये।

**सैमसन ऊंगली की चोट से उबरे, किया अभ्यास : जयपुर।** राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ऊंगली की चोट से उबरने के बाद अब अपनी आईपीएल टीम के साथ जुड़ गए हैं। तीस वर्ष के सैमसन ने बेंगलुरू में सेंटर आफ एक्सीलैंस में उपचार पूरा किया।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**विविध कार्य हेतु निविदा सूचना**
निविदा संख्या : SECRHQENGGTM-AC-2025-03. दिनांक : 10.03.2025.
निविदा मूल्य : ₹ 2,59,11,988.00/- ।
कार्य का नाम : एसईसीआर पर काम करने वाली ट्रैक मशीनों से जुड़ कैंपिंग कोचों के लिए तीन (3 नग) 1–टन, 220 वोल्ट एसी–संचालित स्प्लिट एयर कंडीशनिंग इकाइयों की डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग, साथ ही 10 केवीए साइलेंट डीजी सेट।
बंद होने की तिथि व समय : 27.03.2025 को, 15:00 बजे।
टिप्पणी : निविदा सूचना और निविदा दस्तावेजों के लिए पूरा विवरण देखने के लिए, निविदाकर्ता वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉगिन कर सकते हैं।
मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं किया जाएगा।
सहा. कार्यपालन इंजी./टी.एम./मुख्या.
सीपीआर/10/568 द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर
South East Central Railway @secrail



## छेड़छाड़ के दोषी बुजुर्ग को पंचायत ने दी जूते मारने की सजा

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले में पंचायत ने एक महिला से छेड़छाड़ के आरोपी 60 वर्षीय व्यक्ति को जूतों से पीटने का आदेश सुनाया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना चरथावल क्षेत्र के महावलीपुर की है। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में एक बुजुर्ग को दो बार जूते मारते हुए देखा सकता है। 'सजा' पाए व्यक्ति की पहचान तीरथ पाल के रूप में हुई है। तीरथपाल पर आरोप है कि उसने पिछले शनिवार को शौच के लिए निकली 30 वर्षीय एक महिला से छेड़छाड़ की। स्थानीय लोगों ने बताया कि शिकायत के बाद पंचायत की बैठक हुई, जिसमें तीरथ पाल को दोषी मानते हुए उसे दो बार जूते मारने की सजा सुनाई गई।

## जहां बन रहा था मोमोज, वहां फ्रिज में मिला कुत्ते का सिर

**चंडीगढ़।** पंजाब के मोहाली से सेहत को लेकर गहरी चिंता पैदा करने वाली एक खबर सामने आई है। यहां मटौर की एक फैक्ट्री में फ्रिज के अंदर कुत्ते का कटा हुआ सिर मिला है। इस फैक्ट्री में मोमोज बनाया जाता था और उसे कई जगह सप्लाई की जाती थी। फैक्ट्री के ही कुछ बर्तनों में मांस का टुकड़ा भी मिला है। बड़ी बात यह है कि कुत्ते का धड़ वहां नहीं मिला है। इससे इस बात की शंका घर कर रही है कि बर्तन में मिला मांस कुत्ते का बचा टुकड़ा हो सकता है। मांस और सिर को जब्त कर लिया गया है और जांच के लिए वेटरिनरी डिपार्टमेंट भेजा गया है। ताकि यह पता लगाया जा सके कि बर्तन में मिला मांस का टुकड़ा और कुत्ते का सिर एक ही कुत्ते के शरीर का हिस्सा तो नहीं। इस फैक्ट्री में मोमोज और स्प्रिंग रोल बनाकर कई जगह सप्लाई किए जाते थे। निगम की टीम ने छापेमारी कर ये जब्ती की है और इस मामले का पर्दाफाश किया है। मांस के टुकड़े के अलावा मोमोज के साथ दी जाने वाली लाल चटनी के सैंपल भी जांच के लिए भेजे गए हैं।


## बीकानेर और जयपुर रूट पर वंदे भारत

**नई दिल्ली।** वंदे भारत ट्रेन किसी सेलिब्रिटी से कम नहीं है। अब बीकानेर और जयपुर से दो नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की शुरुआत होने जा रही है। बीकानेर से दिल्ली और जयपुर से जोधपुर के बीच ये ट्रेनें चलेंगी, जिससे यात्रियों को वंदे भारत में सफर करने का मौका मिल जाएगा। खासतौर पर बीकानेर को पहली बार सीधी वंदे भारत सेवा से दिल्ली से जोड़ा जाएगा, जिससे सफर का समय घटकर मात्र 6 घंटे 20 मिनट रह जाएगा। रेलवे बोर्ड ने इस ट्रेन के लिए अस्थायी समय सारिणी भी जारी कर दी है। रिपोर्ट के मुताबिक, बीकानेर-दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस सुबह 5:55 बजे बीकानेर से रवाना होगी और दोपहर 12:15 बजे दिल्ली पहुंचेगी। वापसी में यह शाम 4:30 बजे दिल्ली से चलेगी और रात 10:50 बजे बीकानेर पहुंचेगी।


















हरिभूमि कम्युनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com